सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,642.22 |
| निफ्टी | 25,005.50 |
| सोना 1,09,097 | चांदी 1,24,499 |

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 | 28 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 255, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

**एजेंसी, गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है और रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। मारे गए नक्सलियों में सीसी सदस्य मनोज उर्फ मॉडेम बालकृष्ण को भी ढेर कर दिया गया है, जो संगठन का बड़ा चेहरा माना जाता था। उस पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। (अनंत ज्ञान)

### श्रीनगर में मुझे नजरबंद किया : संजय सिंह

**एजेंसी, श्रीनगर।** आम आदमी पार्टी सांसद के संजय सिंह ने दावा किया है कि वीरवार को जब वह विधायक मेहराज मलिक की पीएसए के तहत गिरफ्तारी का विरोध करने श्रीनगर पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें गेस्ट हाउस में नजरबंद कर दिया और मीडिया से बात नहीं करने दी। जब इसका पता जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को चला तो वह उनसे मिलने सरकारी गेस्ट हाउस पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने नहीं दिया। संजय सिंह ने गेट पर आकर उनसे मुलाकात की। (अनंत ज्ञान)

### ऐश्वर्या के नाम-तस्वीरों के दुरुपयोग पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने दिल्ली उच्च न्यायालय से आग्रह किया था कि उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा की जाए और ऑनलाइन मंचों को उनके नाम, तस्वीरों और एआई-जनित अश्लील सामग्री का अवैध रूप से उपयोग करने से रोका जाए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया है। इस मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति तेजस करिया ने ई-कॉमर्स वेबसाइटों और गूगल एलएलसी सहित प्रतिवादी प्लेटफॉर्म्स को याचिका में पहचाने गए यूआरएल को हटाने और ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली: क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रिश्वत लेते काबू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीआई ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1, दिल्ली (पश्चिम) को 1.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ईपीएफओ के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1, दिल्ली (पश्चिम), जगदीश तांबे ने शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में वे डेढ़ लाख रुपए में मान गए। इस बीच शिकायतकर्ता ने सीबीआई को सूचित कर दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए जगदीश तांबे को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ 9 सितंबर को मामला दर्ज किया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

पुराना शिमला खो रहा अपना आकर्षण: हिमाचल हाईकोर्ट -पेज 3
- रमणीक पर्यटन स्थल त्रियुंड तक पानी पहुंचाने की प्लानिंग शुरू -पेज 4
- टिकट, पोर्टल में विज्ञापन प्रदर्शित कर आय बढ़ाएगा एचआरटीसी -पेज 5
- बैठक बेनतीजा, जारी रहेगा विधायक चंद्रशेखर का अनशन -पेज 9
- बरसात में सड़कों को हुए नुकसान का सेब कारोबार पर पड़ा असर -पेज 12

पैरवी : सीएम ने दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन से की राजस्व घाटा अनुदान बढ़ाने की मांग

# सुक्खू ने मांगे हिमाचली हक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को दिल्ली में 16वें वित्त आयोग चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात की। सीएम ने हिमाचल की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राजस्व घाटा अनुदान बढ़ाने और संतुलित रखने की मांग की। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों को मिलने वाली आर्थिक सहायता का मामला भी उठाया, क्योंकि 15वें वित्त आयोग में पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों के बजट में कटौती की गई थी।

सीएम ने राज्य के फॉरेस्ट कवर के हिसाब से वित्तीय संसाधनों का बंटवारा करने का आग्रह किया। इसके लिए, लाहौल-स्पीति के बर्फ से ढके क्षेत्र को भी फॉरेस्ट कवर में गिनने की मांग रखी। इस बर्फीले क्षेत्र का राज्य के जंगलों और नदियों में पानी को बनाने में अहम योगदान रहता है। सीएम ने वित्त आयोग के चेयरमैन से आपदा इंडेक्स में भी बदलाव का आग्रह किया, क्योंकि इस इंडेक्स के अनुसार, आपदा के वक्त बहुत कम राहत राशि मिलती है। सीएम सुक्खू ने कहा, 'केंद्र सरकार मैदानी राज्यों और हिमाचल को एक किलोमीटर सड़क बनाने को मात्र 75 हजार रुपए देती है। हिमाचल में 75 हजार रुपए से 10 मीटर सड़क भी नहीं बन पाती। इसलिए आपदा इंडेक्स को बदलना जरूरी है।' सीएम सुक्खू बार-बार विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों का तर्क देते हुए वित्त आयोग से अतिरिक्त बजट देने की मांग उठाते रहे हैं। 15वें वित्त आयोग में साल 2021-22 में हिमाचल को राजस्व घाटा अनुदान में 10249 करोड़ रुपए मिले थे। साल 2022-23 में कम होकर 9377 करोड़, 2023-24 में 8058 करोड़, 2024-25 में 6258 करोड़ और मौजूदा वित्त वर्ष में केवल 3257 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसी वजह से सीएम ने राजस्व घाटा अनुदान को संतुलित रखने का आग्रह किया है।



16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया से बैठक करते सीएम सुक्खू।

**पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकाय के बजट का उठाया मामला**

### अगले साल लागू होंगी नए वित्त आयोग की सिफारिशें

**अगले** वर्ष 2026 के अप्रैल में नए वित्त आयोग की सिफारिशें अगले पांच साल के लिए लागू होनी हैं। मोदी सरकार ने डॉ. पनगढ़िया को 16वें वित्त आयोग का चेयरमैन बना रखा है। वित्त आयोग की रिपोर्ट को लोकसभा के इसी शीतकालीन सत्र में रखा जाएगा। इसलिए, सीएम सुक्खू तीन बार वित्त आयोग के समक्ष हिमाचल के हकों की पैरवी कर चुके हैं।

# दिल्ली सहित 4 राज्यों से 5 पाक समर्थित आतंकी अरेस्ट

## सोशल मीडिया के जरिए थे पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिल्ली स्पेशल सेल के एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा और डीसीपी अमित कौशिक की अगुवाई में की गई।

एसीपी ने बताया कि झारखंड से दो, दिल्ली से एक, तेलंगाना से एक और मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को अरेस्ट किया गया है। संदिग्ध आतंकियों के पास से सल्फर पाउडर, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सोडियम बाइकार्बोनेट, बॉल बियरिंगस और सेफ्टी ग्लास, रेस्पिरेटरी मास्क, सर्किट वायर, मदर बोर्ड, लैपटॉप और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकी भारत में बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें अपने नेटवर्क में भर्ती करने के लिए करते थे। (अनंत ज्ञान)



### लीडर का नाम गजवा

**एसीपी** प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें खिलाफत मॉडल अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए एक ठिकाना खोजना था। इसके अलावा और लोगों भी इससे जोड़ने का टास्क दिया गया था। टीम के लीडर दानिश को गजवा नाम दिया गया। इसका कोड नेम सीईओ था। ये लोग इस काम को प्रोफेशनली अंजाम दे रहे थे। ये पांचों आतंकी 20 से 25 साल के हैं।

# भारत-मॉरीशस पार्टनर नहीं परिवार हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी, वाराणसी**

पीएम नरेंद्र मोदी वीरवार को वाराणसी पहुंचे, यहां उन्होंने मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें कई समझौते साइन किए गए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार हैं। यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है। वहीं, मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को मिले स्वागत से हम आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपका निर्वाचन क्षेत्र है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे दर्ज करते हैं। इससे पहले पीएम मोदी पुलिस लाइन से 3 किमी लंबा रोड शो करते हुए होटल ताज पहुंचे। इस दौरान उनके वेलकम के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क किनारे खड़े रहे। काफिले पर फूल बरसाए। शंखनाद किया। उत्साह देखकर पीएम ने ड्राइवर से गाड़ी को लोगों के करीब ले जाने को कहा। (अनंत ज्ञान)



**मॉरीशस के पीएम के साथ कई समझौतों पर किए साइन**

# केसीसी बैंक का बोर्ड निलंबित

## सरकार का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को नोटिस, 10 दिन में मांगा जवाब

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने केसीसी बैंक की बीओडी को निलंबित कर नोटिस जारी किया है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को जवाब के लिए दस दिन का समय दिया गया है। राज्य सहकारी सोसायटी रजिस्ट्रार दोर्जे छेरिंग ने बोर्ड के सभी सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। वहीं, सहकारिता विभाग ने आईएएस विनोद कुमार को प्रशासक नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बैंक में कई वर्षों से चल रही वित्तीय अनियमितताओं और नियमों की अवहेलना के आधार पर की गई है।

नाबार्ड द्वारा 2015-16 से लगातार किए जा रहे निरीक्षणों में बैंक की गंभीर कमियां उजागर होती रही हैं। खासकर हाल के वर्षों 2022, 2023 व 2024 में नाबार्ड ने बड़े पैमाने पर गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों एनपीए, अवैध ऋण वितरण, कमजोर आंतरिक नियंत्रण और कई अन्य वित्तीय अनियमितताओं की रिपोर्ट दी थी। बैंक की प्रबंधन समिति ने नाबार्ड द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के बावजूद कोई ठोस सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की। राज्य सहकारी सोसायटी रजिस्ट्रार दोर्जे छेरिंग ने बोर्ड को निर्देशित किया है कि वह 10 दिनों के भीतर अपनी जवाबी टिप्पणी प्रस्तुत करे।

यदि ऐसा नहीं किया गया तो उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### निदेशक मंडल के चुनाव आगामी आदेशों तक स्थगित

**प्रदेश** में चल रहे आपदा के दौर के बीच सहकारिता विभाग के निदेशालय द्वारा केसीसी बैंक के निदेशक मंडल के सितंबर महीने के अंत में होने वाले चुनावों को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। आदेशों में कहा गया है कि बैंक का कार्यक्षेत्र 5 जिलों कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति में फैला हुआ है तथा यह क्षेत्र मौजूदा आपदा प्रभावित जिलों में से एक है। ऐसे कठिन और अस्थिर परिस्थितियों में बैंक के नए बोर्ड का चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराना असंभव प्रतीत हो रहा है। इसको देखते हुए निदेशालय द्वारा आदेश जारी किया गया है कि पहले से प्रारंभ की गई चुनाव प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।

# राहुल गांधी बोले-वोट चोरी के देंगे विस्फोटक सबूत

**एजेंसी, रायबरेली**

रायबरेली में वीरवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और विस्फोटक सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है। हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया। राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली दौरे में बुधवार को आए थे। (अनंत ज्ञान)

### राहुल सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते : सीआरपीएफ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर चिंता जताई और कहा कि राहुल बिना बताए 9 महीने में 6 बार विदेश गए। इस दौरान उन्होंने इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा की। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी लेटर लिखा है। लेटर में लिखा है कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सिक्योरिटी को कमजोर करती है।

# नेपाल में अंतरिम पीएम को लेकर आपस में भिड़ गए जेन-जी युवा

## एक गुट बालेन, दूसरा कार्की को पीएम बनाने के पक्ष में

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर वीरवार को जेन-जी युवाओं में झड़प हो गई। सेना मुख्यालय में बातचीत के दौरान एक गुट बालेन शाह और दूसरा गुट सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम बनाने की मांग कर रहा है। इसके बाद मुख्यालय के बाहर की सड़क पर दोनों गुटों में हाथापाई हुई है। कई युवक घायल भी हुए हैं। कुछ युवा लाइट मैन के नाम से मशहूर कुलमान घीसिंग को अंतरिम पीएम बनाने के पक्ष में हैं।

अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही थी। वहीं, एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। काठमांडू में तख्तापलट के बाद वीरवार को जेन-जी नेता भी सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं का यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। उधर, आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई है, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली से काठमांडू जा रहे जहाज में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से काठमांडू जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट की टेल (पिछले हिस्से) में वीरवार को आग लग गई। इसके बारे में एक दूसरे विमान के पायलट से पता चला। यह घटना तब हुई जब विमान रनवे पर उड़ान भरने के लिए खड़ा था। काठमांडू जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। प्लेन को सुबह 8:10 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी।

# हिमाचल में तीन दिन बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मौसम विभाग ने राज्य के लिए चेतावनी दी है कि 12 से 14 सितंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। आज से वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने के कारण बारिश बढ़ सकती है। विभाग ने अगले 72 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। प्रशासन ने कहा है कि लापता लोगों के जीवित मिलने की संभावना कम है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने के चलते प्रशासन ने लोगों से नदियों, नालों और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने का आग्रह किया है। अगले तीन दिन लोगों को विशेष सावधानी बरतनी होगी और अनावश्यक यात्रा से बचना बेहतर होगा। गौर रहे कि इस मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में भारी तबाही हो रही है। प्रदेश में इस मानसून में 1 जून से 10 सितंबर तक 380 लोगों की जान जा चुकी है और 40 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें से 76 मौतें बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाओं में हुई हैं। 137 बड़े भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 45 बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इन आपदाओं से कुल 4306 करोड़ की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

# मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरंसी, सोने-चांदी के आभूषण, म्यूचुअल फंड और हथियार

## केंद्रीय मंत्रियों ने दिया वर्ष 2024-25 की संपत्ति का ब्योरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक, मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एंबेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपए से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन अधिकारी के पास 28 लाख रुपए से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपए की क्रिप्टो इंवेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारु सिंह के पास 22.41 लाख रुपए की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं, जिन्होंने क्रिप्टोकरंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। (अनंत ज्ञान)

### किस केंद्रीय मंत्री के पास कितनी संपत्ति

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 मॉडल की मारुति कार घोषित की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रिवॉल्वर, राइफल, ट्रैक्टर और करीब 1 करोड़ रुपए के म्यूचुअल फंड बताए हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने डबल बैरल गन, रिवॉल्वर और 67 लाख रुपए से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। वहीं, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पास 8.98 करोड़ की संपत्ति है। उनके पास 1 रिवॉल्वर, 1 पुरानी एंबेसडर कार है। वहीं, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास 374 करोड़ की संपत्ति है। इनके पास एक पुरानी बीएमडब्ल्यू भी है।

# ट्रंप के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली किर्क की हत्या

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली किर्क की वीरवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई। चार्ली यहां द अमेरिकन कमबैक टूर प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वह जमीन पर गिर जाते हैं। चार्ली की हत्या पर ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मैं सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली किर्क के सम्मान में पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं।' उन्होंने चार्ली किर्क को मरणोपरांत प्रेजिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम देने की घोषणा की। एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग प्वाइंट यूएसए नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों- कॉलेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रंप के कट्टर समर्थक माने जाते थे। (अनंत ज्ञान)



**अपग्रेडेशन** 5 करोड़ से डिजास्टर मैनेजमेंट का तैयार होगा ढांचा, 60 लाख से बाहरी ढांचे की भी निखरेगी छटा

# नए लुक में नजर आएगा मिनी सचिवालय हमीरपुर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** यहां स्थित मिनी सचिवालय की मुकम्मल तौर पर छटा निखरने वाली है। इसके ऊपरी ढांचे में 5 करोड़ रुपए की लागत से डिजास्टर मैनेजमेंट का मुकम्मल ढांचा तैयार हो होगा, जबकि बाहरी ढांचे को कलरफुल तरीके से बनाकर इसकी लुक ही अब बदल जाएगी। बचत भवन के इलाके का भी इस प्रोजेक्ट में नई सुख-सुविधाओं से लैस मौजूदा ढांचे की रेनोवेशन होगी। मुख्यमंत्री के इस गृह जिला मुख्यालय पर इसका सारा डिजाइन तैयार हो चुका है और अब कुछ ही समय में इसका काम भी शुरू हो जाएगा।

काबिले गौर यह है कि मौजूदा स्ट्रक्चर का भीतरी ढांचा पहले ही रेनोवेट हो चुका है और यहां नई सुख-सुविधाओं से यहां आने वाले लोगों और भीतरी व्यवस्था चलाने वालों के लिए बेहतर परिस्थितियां तैयार की गई हैं। अब बाहरी ढांचे को भी अलग ढंग से नई लुक के साथ बदलने का जो बीड़ा उठाया गया है, उसकी मुकम्मल प्रपोजल बन चुकी है। छत पर 5 करोड़ की लागत से डिजास्टर मैनेजमेंट का पूरा ढांचा तैयार किया जाएगा। यह सर बजट डिजास्टर मैनेजमेंट का होगा और इस पर अंतिम मुहर लग चुकी है। संबंधित टीम किसी भी समय यहां पहुंच कर इसके काम को शुरू करवाने में हरी झंडी देने वाली है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

मिनी सचिवालय की पूरी इमारत के बाहरी ढांचे को कलरकुल तरीके से बेहतर बनाने के लिए 40 लाख रुपए खर्च होंगे। पीडब्ल्यूडी ने इसका मुकम्मल डिजाइन तैयार कर दिया है और वह ओके हो चुका है। मुख्य गेट को भी दो हिस्सों में बांटा जा रहा है। एक हिस्सा पार्किंग का और दूसरा मिनी सचिवालय के भीतर के लिए सुविधाओं से लैस होगा। इस पर भी 19 लाख अलग से खर्चे जाने का प्रपोजल तैयार है।

### बचत भवन का भी होगा जीर्णोद्धार

**इसी** मिनी सचिवालय परिसर के एक तरफ स्थित बचत भवन का ढांचा भी अब जीर्णोद्धार में शामिल किया गया है। यहां सरकारी पार्किंग वाले हिस्से को भी अलग रूप दिया जाएगा बचत भवन में विवाह-शादियों के लिए नई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी बाहर एक बड़ा स्टेज तैयार होगा और इसे ऑडिटोरियम के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह के कार्यक्रमों को करवाने के लिए यहां मौजूदा हिसाब से नई सुविधाएं हासिल हो सकें।





> **पीडब्ल्यूडी** ने इसका सारा डिजाइन तैयार कर दिया है। अब एएफडी के तहत फ्रांस से जिस प्रपोजल के तहत 5 करोड़ रुपए का या खर्च होगा, उसकी टीम किसी भी समय यहां का दौरा कर सकती है और उसी के बाद यह काम शुरू होगा। बचत भवन को भी बहुत बेहतर तरीके से रेनोवेट किया जाएगा। मुख्य गेट को भी और बेहतर बनाने के लिए 19 लाख रुपए व्यय करने का प्रपोजल है।
>
> **-अमरजीत सिंह, डीसी, हमीरपुर**

# विभाग ने आदेश न मानने वाले स्कूल लेक्चररों की मांगी सूची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कुछ स्कूल लेक्चरर शिक्षा विभाग के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं और बच्चों को पढ़ाने में अनियमितता बरत रहे हैं। विभाग के आदेशों के बावजूद कुछ लेक्चरर छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को पढ़ाने में अनिच्छा दिखा रहे हैं। इस पर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे लेक्चररों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है। वीरवार को विभाग ने इस संदर्भ में एक नया आदेश जारी किया है, जिसमें सभी डिप्टी डायरेक्टरों को दो दिन के भीतर ऐसे लेक्चररों के नाम शिक्षा निदेशालय को भेजने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार इससे पहले, 23 जुलाई को शिक्षा विभाग ने स्पष्ट आदेश जारी किए थे कि नए स्कूल लेक्चरर छठी से 12वीं कक्षा तक पढ़ाएंगे। इसके पहले केवल 11वीं और 12वीं कक्षा तक के छात्र लेक्चररों द्वारा पढ़ाए जाते थे, जबकि छठी से 10वीं कक्षा तक टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) पढ़ाते थे। अब शिक्षा विभाग ने इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए सुनिश्चित किया है कि नए स्कूल लेक्चरर भी सभी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे। विभाग ने साफ कर दिया है कि आदेश का पालन न करने वाले स्कूल लेक्चररों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा भारती ने आपदा प्रभावितों को दी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश इस समय भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। ऐसे कठिन समय में समाजसेवी संस्था सेवा भारती ने एक बार फिर मानव सेवा का परिचय दिया है। संस्था के स्वयंसेवक प्रदेश के सात सबसे अधिक प्रभावित जिलों में दिन-रात राहत कार्य में लगे हुए हैं। जिला हमीरपुर में भी स्थिति गंभीर है। यहाँ अनेक रिहायशी मकान जमींदोज हो चुके हैं, कई परिवारों का तो जीवन भर की कमाई और घर का सारा सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया है। सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने जिला हमीरपुर के विभिन्न गांवों में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है। सेवा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष रण देव शर्मा और विभाग प्रमुख अशोक कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि संगठन का उद्देश्य आपदा की इस घड़ी में प्रत्येक पीड़ित तक पहुंचना है।

### आरसेटी में आरंभ हुआ मशरूम की खेती का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मट्टन सिद्ध स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में वीरवार को दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। इसमें महिलाओं को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय के उप प्रमुख पोविंद्र ठाकुर ने इस शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित करते हुए पोविंदर ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में नौकरियों के पीछे भागने के बजाय अगर अपना उद्यम स्थापित किया जाए या कारोबार आरंभ किया जाए तो उससे हम न केवल अपने लिए, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं तथा अगली पीढ़ी का भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं। आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाओं को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। इन शिविरों के प्रतिभागियों को रहने और खाने की निशुल्क सुविधा के साथ-साथ वर्दी, स्टेशनरी और अन्य आवश्यक सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक मेहर सिंह, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान्स और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### धमरोल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के ग्राम पंचायत धमरोल स्थित अंतरगर्त पड़ने वाले हाई स्कूल धमरोल में वन शहीद दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने शहीद हुए वन रक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की शुरुआत में वन खण्ड अधिकारी पवना देवी ने वन रक्षकों के साहस और उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि वन विभाग के कुछ वीर जवान अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा दिखाते हुए आग बुझाने के दौरान शहीद हो गए थे। उन्होंने बताया कि ये शहीद हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए हमें हमेशा प्रार्थना करनी चाहिए।इस अवसर पर भोरंज वन रक्षकों, वन मित्रों, ग्राम पंचायत धमरोल के प्रधान बीना देवी और उपप्रधान विजय कुमार के साथ-साथ स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शहीदों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### छात्रों को किताबों के अध्ययन पर दी जानकारी

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** जिला के डाइट संस्थान हमीरपुर स्थित गौना करोर में 'रीड टू रूम प्रोग्राम' के तहत छात्रों को किताबें और किताबों के अध्ययन से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गई। डाइट प्रधानाचार्य मदन लाल. वनियाल ने अपने सम्बोधन. में बच्चों को किताबों के महत्व और उनके महत्व का हर व्यक्ति के जीवन में क्या योगदान हैं के ऊपर प्रकाश डाला। इस दौरान डाइट के समस्त प्रवक्ता एवं स्टाफ तथा डीएलएड के प्रथम वर्ष के सभी छात्र उपस्थित थे। संस्था के मीडिया प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि आज से डाइट में ओपन लाइब्रेरी के रूप में स्थान चिन्हित किया गया है जहां पर छात्र अथवा अध्यापक जब भी उनके पास अतिरिक्त समय हो अध्ययन में गुजारें तथा छात्र अथवा अध्यापक उस अध्ययन का रिफ्लेक्शन अपने डायट की प्रातः कालीन सभा में दें। यह कार्य न केवल डीएलएड छात्रों के लिए अपितु आने वाली समस्त छात्रों की पीढ़ी को लाभान्वित करेगी।

### सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ में सडक सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण व स्लोगन द्वारा अपने विचार साझा किये और उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने की बच्चों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया और उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर स्कूल में हुए कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में अंजली शर्मा प्रथम, कशिश कपिल द्वितीय और इशिता ने क्रमशः तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग कंपटीशन में भूमिका शर्मा ने प्रथम अंजलि ने द्वितीय अन्वी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स्लोगन कंपटीशन में ज्योति ने प्रथम हर्षिता गर्ग ने द्वितीय व अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सधरियाण में सहायिका के लिए आवेदन अब 26 तक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सधरियाण के मिनी आंगनबाड़ी केंद्र मिनी सधरियाण में आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 26 सितंबर तक कर दी गई है। भोरंज के बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) रवि दत्त ने बताया कि पहले इस पद के लिए 9 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे और 11 सितंबर को साक्षात्कार रखे गए थे। लेकिन, इसके लिए तीन से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हैं और पात्र महिलाओं को आवेदन का एक और मौका देते हुए 26 सितंबर शाम पांच बजे तक सीडीपीओ कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले आवेदन कर चुकी महिलाओं को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 26 सितंबर 2025 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 27 सितंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय भोरंज में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा।

### प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वर्ष 2025-26 के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के एससी, एसटी, ओबीसी, ईबीई और डीएनटी वर्ग के विद्यार्थियों से 30 सितंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान ने बताया कि 30 सितंबर तक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की पाठशाला स्तर पर सत्यापन और त्रुटिपूर्ण आवेदनों के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक पूरी की जानी है। उन्होंने जिला के सभी राजकीय और प्राइवेट वरिष्ठ माध्यमिक और उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों तथा मुख्य अध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वे पुनः सत्यापन की प्रक्रिया 14 अक्तूबर तक हर हाल में पूरा कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी भी तरह की दिक्कत न हो। उपनिदेशक ने कहा कि यदि किसी पाठशाला का छात्रवृत्ति का मामला पाठशाला स्तर पर लंबित रहता है या पुनः सत्यापित नहीं होता है अथवा कोई अन्य त्रुटि पाई जाती है तो छात्रवृत्ति प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### उद्योगों में बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार : अशोक




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा, चेयरमैन विचित्र सिंह पटियाल, सचिव अनिल मलिक व कोषाध्यक्ष वसुंधरा अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों को हिमाचली कर्मचारियों की जरूरत रहती है और हिमाचली युवाओं को नौकरी की। कोई उचित मंच न होने के कारण हिमालया एनजीओ व लघु उद्योग संघ ने दोनो को मिलाने के लिए यह मुहिम शुरु की थी जिसमें हमें कुछ सफलता भी मिली है। हमारा मकसद है कि युवाओं को उनकी योग्यतानुसार कारखानों में रोजगार मिले और उद्योगों की जरुरतें पूर्ण हो। हम इस प्रकल्प में एक कड़ी का काम करेंगे।

### शिक्षकों को पीने के पानी के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संवाद व क्षमता विकास इकाई डांगरी धार, मंडी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम में हमीरपुर से आए हुए 60 शिक्षकों को पीने के पानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वैज्ञानिक आधार पर पीने के पानी की गुणवत्ता, पानी में घुले हुए रसायनों का प्रभाव व होने वाली बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। फील्ड टेस्ट किट द्वारा पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए टेस्ट करवाए गए तथा परिणाम दर्ज किये गए। संवाद व क्षमता विकास इकाई डांगरी धार मंडी की प्रभारी ललिता कुमारी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के 2626 शिक्षकों को ये प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# चंदन तस्करों का कहर, प्रशासन बेखबर

## एक-एक कर शहर के सभी चंदन के पेड़ हो रहे चोरी, एक माह से जारी घटनाएं

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शहर के अलग-अलग इलाकों में बरसों पहले उगाए गए चंदन के पेड़ अब एक-एक करके चोरी हो रहे हैं चोरी की यह घटनाएं हर दूसरे चौथे दिन जारी हैं, लेकिन विडंबना यह है कि पुलिस में रिपोर्ट के बावजूद किसी भी चंदन चोर को पकड़ा नहीं जा सका है।

अब इसे पुलिस की लेट लतीफी माना जाए या फिर लापरवाही, जो भी हो अब शहर के चंदन के पेड़ एक-एक करके यूं ही चोरी के लिए कटते जाएंगे। लोग पुलिस के पास चोरों को पकड़ने की फरियाद तो करेंगे लेकिन यह सार्थक कब होगी क्या चंदन चोर गिरोह सचमुच में पुलिस की पकड़ में नहीं आएगा इसी की चर्चा हो रही है। लोगों में इस बात का भ्रम है कि पुलिस लापरवाही वरत रही है और ऐसा नहीं हो सकता कि शहर के बीचों बीच घटनाएं हो जाएं लेकिन किसी भी सीसीटीवी कैमरे में इनकी हरकतें कैद ना हों।

अब बस स्टैंड के पास गौड़ा क्षेत्र में बीती रात को एक और करीब 25 साल पुराना 12 से 15 फीट लंबा चंदन का मोटा पेड़ चोरों के हत्थे चढ़ गया। लोग हक्के-बक्के हैं। शहर में हो क्या रहा बहुत शिद्दत के साथ इस पेड़ को बड़ा होते देखा था लेकिन अब कट गया लेकिन चोर कौन है जिसकी गिद्द दृष्टि शहर और आसपास के चंदन के उगे हुए पेड़ों पर खास अंदाज से फोकस हुई पड़ी है।



### 25 साल पहले लगाया था पेड़

**सेवानिवृत्त** हेडमास्टर प्रदीप ठाकुर कहते हैं कि उनके पुराने घर के पास यह पेड़ करीब 22 या 25 साल पहले लगाया गया था। सुबह उठे तो इसका तना गायब था, टहनियों बाला हिस्सा जमीन पर पड़ा था।

### कहां और कब हुई घटनाएं

**शहर** के गौड़ा क्षेत्र में सबसे पहली घटना हुई थी जिसमें एक पेड़ काटा गया उसके बाद दूसरी एनआईटी के परिसर में हुई जहां एक ही स्थान से तीन पेड़ काटे गए उसके ठीक अगले रोज हीरानगर में दो अलग-अलग परिवारों के परिसरों में उगे तकरीबन 30 साल पुराने बड़े दो पेड़ चोरों ने काट लिए। उसके बाद शहर में एक और घटना हुई 5 दिन पहले वार्ड नंबर 10 में एक पेड़ कटा। अब एक और घटना को यह चंदन चोर गिरोह अंजाम दे गया है।

### आखिर कब बंद होगा ये सिलसिला

**समस्या** यह नहीं है कि पेड़ कट रहे दिक्कत यह है कि यह सिलसिला बंद कब होगा? क्योंकि शहर के अलग-अलग हिस्सों में बहुत सारे लोगों ने चंदन के पेड़ उगा रखे हैं और यदि पुलिस इस गिरोह को पकड़ने में नाकामयाब रहती है तो फिर सवाल तो उठेंगे ही।

### जल्द होगा पर्दाफाश

**एसपी** भगत सिंह ठाकुर का कहना है कि चंदन चोरी करने वालों का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा, इस पर पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे हैं।

# खग्गल स्कूल में संस्कृत अध्यापक का पद खाली होने पर ग्रामीणों में रोष



ग्रामीणों और कमेटी के सदस्यों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र को सौंपा ज्ञापन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

खग्गल गांव के ग्रामीणों एवं खग्गल मिडिल स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी (एमसी) के सदस्यों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से मिलकर विद्यालय की समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया। एमसी प्रधान माया देवी ने अवगत कराया कि पिछले 6-7 महीनों से स्कूल में संस्कृत शास्त्री का पद रिक्त है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी वजह से कुछ विद्यार्थियों ने स्कूल छोड़कर अन्य विद्यालयों में जाना उचित समझा। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने डॉ. वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने आश्वस्त किया कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. वर्मा ने तुरंत मौके पर समाधान निकालते हुए कहा कि लाखों रुपये की लागत से स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं। इन्हीं संसाधनों का उपयोग करते हुए मटाहनी और खग्गल स्कूल को जोड़ा जाएगा और तब तक बच्चों को नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से संस्कृत की पढ़ाई उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सरकार शीघ्र ही सैकड़ों शास्त्री अध्यापकों की नियुक्ति करने जा रही है, किंतु मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण विलंब हो रहा है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बच्चों के भविष्य और पठन-पाठन को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक के उपरांत डॉ. वर्मा ने एमसी सदस्यों के साथ मिलकर उपनिदेशक शिक्षा तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मटाहनी के प्रधानाचार्य से चर्चा की।

# साही दा घाट में तारा देवी का कच्चा मकान गिरा, परिवार बेघर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की भुक्कड़ पंचायत के गांव साही दा घाट में वीरवार को तारा देवी पत्नी स्वर्गीय रमेश चंद का दो मंजिला स्लेटनुमा कच्चा मकान अचानक गिर गया।

इस हादसे में घर के भीतर रखा सारा सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पीड़ित परिवार बेघर हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान किशोर चंद और हल्का पटवार अमरोह के पटवारी आशीष ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लेते हुए पीड़ित तारा देवी को फौरी राहत के तौर पर पांच हजार रुपये नकद प्रदान किए। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को तिरपाल, कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई। प्रधान किशोर चंद ने बताया कि तारा देवी का परिवार बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) श्रेणी से संबंध रखता है। हादसे में मकान गिरने से लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। मकान के साथ-साथ परिवार का रोजमर्रा का सारा सामान भी मलबे में दबकर खराब हो चुका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा और पक्का घर बनाने में मदद दी जाए, ताकि वे सुरक्षित ढंग से अपना जीवनयापन कर सकें।

### ऑपरेटरों के 80 पदों के लिए साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सिरमौर के प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब की कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड ऑपरेटरों के 80 पदों को भरने के लिए 18 सितंबर को सुबह साढे दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वैल्डर इत्यादि ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमा धारक युवक-युवतियां पात्र होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग लें।

# धरने पर बैठे धर्मपुर के विधायक का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में कंपनी द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर धर्मपुर के कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर द्वारा अवाहदेवी में दिया जा रहा धरना लगातार जारी है। वीरवार को हमीरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने धरना स्थल पर पहुंचकर विधायक चंद्रशेखर को समर्थन दिया।

इस अवसर पर सुमन भारती शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में अनियमितताओं के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा खड़ी है। कुलदीप सिंह पठानिया ने भी कहा कि क्षेत्र की जनता को न्याय दिलाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

उन्होंने विधायक चंद्रशेखर की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि दोषी अधिकारियों और कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

विधायक चंद्रशेखर ने आभार जताते हुए कहा कि पार्टी के समर्थन से उनका हौसला बढ़ा है और वे अनियमितताओं के खिलाफ अपनी लड़ाई और मजबूती से जारी रखेंगे।

### मैड़ गांव में भूस्खलन से छह घरों को खतरा

**हमीरपुर, अनंत ज्ञान।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के पंचायत पांडवी के मैड़ गांव में प्राथमिक पाठशाला के साथ लगते खेल मैदान के समीप भारी भूस्खलन से कई घरों को खतरा पैदा हो गया है। यहां पर ग्रामीणों ने भूस्खलन के साथ जमीन धंसने की आशंका भी जताई है। मामले में सूचना मिलने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना के बाद प्रशासन की ओर से पटवारी सहित संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना कि पिछले तीन दिनों से यहां पर लगातार जमीन धंस रही है। प्राथमिक विद्यालय के मैदान के साथ भारी भूस्खलन हुआ है।

### अनुराग ठाकुर ने सीपी राधाकृष्णन से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश से पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से पांचवीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन देश की प्रगति व संविधान के प्रति उनके समर्पण, वृहद् राजनीतिक व प्रशासनिक अनुभव से संसद के उच्च सदन और राष्ट्र, दोनों को लाभान्वित करेंगे, ऐसा पूर्ण विश्वास है।

# भाषण और निबंध प्रतियोगिता में डीएवी के छात्र अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजभाषा हिंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत भाषा एवं जिला संस्कृति विभाग हमीरपुर द्वारा जिला स्तर पर भाषण, निबंध लेखन तथा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।



अव्वल विद्यार्थियों के साथ अध्यापक व अन्य।

प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले के पांचों ब्लॉकों से लगभग 40 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष उपलब्धियां हासिल कीं।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा कश्वी धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जबकि निबंध लेखन में राशि ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने दोनों प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

कार्यक्रम में उपस्थित हिंदी भाषा विभाग के संयोजक तथा निर्णायक मंडल ने डीएवी विद्यालय, हमीरपुर के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सुक्खू सरकार में सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार को संरक्षण : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिला मुख्यालय हमीरपुर में स्थित डीसी कार्यालय को कांग्रेस का भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि करीब एक वर्ष पहले बंद किए गए कौशल विकास निगम के कार्यालय में आज भी सरकारी कर्मचारी कांग्रेसियों की सेवा में लगे हुए हैं। इस कार्यालय का पूरी तरह कांग्रेसीकरण कर दिया गया है। राजेंद्र राणा ने बताया कि जुलाई 2024 से केंद्र सरकार ने देशभर में कौशल विकास भत्ते की फंडिंग बंद कर दी थी, जिसके चलते प्रदेश सरकार ने सभी निगम कार्यालय बंद कर दिए थे, लेकिन मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में स्थित यह कार्यालय आज भी बंद नहीं हुआ है और यहां से कांग्रेस के लोग अपनी राजनीतिक गतिविधियां चला रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं कांग्रेसियों के हित में लेना न केवल शर्मनाक है बल्कि सीधे-सीधे भ्रष्टाचार को दर्शाता है। राणा ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री के गृह जिला मुख्यालय का यह हाल है तो बाकी जिलों में अराजकता और अव्यवस्था का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।



जानकारी देते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र राणा व साथ हैं अन्य।

### बी फार्मेसी में 49 अभ्यर्थियों को प्रवेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को बी फार्मेसी में प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड काउंसलिंग हुई। डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर बी फार्मेसी लेटरल एंट्री में 49 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई है, उन्हें 15 सितंबर तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी।

12 सितंबर को बीटेक की काउंसलिंग तकनीकी विवि परिसर में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी, जबकि बीटेक की काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में 12 सितंबर को होगी।

# बड़ा स्कूल में होगी सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

- नादौन का गर्ल्स व ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी शामिल

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कस्बा बड़ा एवं नादौन के लोगों के लिए एक ओर बड़ी सौगात दी हैं। प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 229 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई कि पढ़ाई शुरू करने के लिए फैसला लिया हैं जिसमें नादौन विधानसभा क्षेत्र के सीनीयर सकेंडरी स्कूल बड़ा एवं नादौन के गर्ल्स एवं बॉयज सीनीयर सकेंडरी स्कूल को चयनित किया गया हैं ओर इसके लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन भी जारी जर दी हैं। शिक्षा विभाग को 26 फरवरी तक इस संदर्भ में सारी औपचारिकतायें पूरी करने को कहा गया हैं ताकि आने वाले सत्र में इन स्कूलों में इस पाठ्यक्रम को शुरू किया जा सके। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कस्बा बड़ा एवं नादौन के लोगों को दी गई

मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कस्बा बड़ा एवम नादौन के लोगों को दी गई इस सौगात से ओबीसी वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. मोहन लाल कोंडल, सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, सुंदर्शन जरियाल, राजेश ठाकुर पिंका, कुलदीप पटियाल, प्रवीण चौधरी, विकास बलौरिया, आदि ने मुख्यमंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद किया हैं। इनका कहना हैं कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश में शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। क्षेत्र के बुद्धजीवी वर्ग का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रदेश में वोट बैंक की राजनीति न करते हुए प्रदेश हित में इतने कठोर फैसले लिए हैं जो आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अहम भूमिका निभाएंगे।

**आपदा** — 31 अगस्त को जमीन धसने से मची थी तबाही

# चबूतरा में प्रभावित परिवारों को मिली सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला की सुजानपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत चबूतरा में 31 अगस्त को जमीन के धसने से भारी तबाही हुई थी। चबूतरा गांव के लोगों के घर इस घटना में ढह गए और लोग इस आपदा में बेघर हो गए हैं।

चबूतरा गांव के प्रभावित परिवारों को सरकार और प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है साथ ही रहने की व्यवस्था की गई है। इस आपदा में 9 परिवार ऐसे हैं जिनके मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 3 परिवारों के मकान को आंशिक रूप क्षति पहुंची है।

सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था ने चबूतरा गांव का दौरा किया और प्रभावितों के साथ मिले। हालांकि सरकार की ओर से आपदा प्रभावित परिवारों को मकान बनाने के लिए 8 लाख 70 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है, प्रभावित परिवार मकान बनाने के अलावा अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

चबूतरा गांव में जमीन धंसने का क्रम अभी भी जारी है व जो मकान बच गए हैं उनमें भी रहना खतरे से खाली नहीं है। आपदा प्रभावित परिवारों को दुख दर्द जानने के लिए सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आपदाग्रस्त क्षेत्र ग्राम पंचायत चबूतरा के गांव चबूतरा का दौरा किया। उन्होंने लोगों से मिलकर उनका हाल जाना।

### प्रभावितों को 5 लाख रुपए देने का लिया निर्णय

**सीनियर** सिटीजन काउंसिल ने आपदा से प्रभावित परिवारों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। इस दौरान सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था ने चबूतरा गांव के सुनील कुमार को एक लाख रुपए, वंशी राम को एक लाख रुपए, किशोरी लाल पुत्र महंत राम को 50 हजार रुपए, नरोत्तम दास को एक लाख रुपए, केवल कृष्ण को एक लाख रुपए व किशोरी लाल पुत्र बर्फी राम को 50 हजार रुपए के चेक प्रदान किए। संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि से 31 अगस्त को हुई भारी बारिश में चबूतरा गांव में लोगों के मकान गिर गए है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से 6 परिवारों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, भगवान दास शास्त्री, शंकर दास भारद्वाज, हेमराज शर्मा, सुरेश कुमार, बीसी शर्मा, रमेश चौहान, बिहारी लाल, संजीव कुमार उपस्थित रहे।

### वृक्षों के कटाव के कारण आपदाएं आना स्वभाविक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में पर्यावरण सतत: विकास और आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन से की। इस कार्यक्रम के संयोजक भूगोल विभाग के आचार्य प्रो. राजीव ठाकुर ने प्राचार्य एवं उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल का स्वागत किया।

मसाई मारा विश्वविद्यालय केनिया के डॉ. सैमसन ने कहा की वृक्षों के अत्यधिक कटाव और अंधाधुंध जमीनी खुदाई के कारण आपदाओं का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक प्रो. राजीव ठाकुर ने इस कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि सहित महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक से जुड़े प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# विधायक लखनपाल की पहल से नाबार्ड की करोड़ों की सौगात

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के पास बड़सर में बताने के लिए एक भी ठोस उपलब्धि नहीं है, इसलिए अब वे नाबार्ड से स्वीकृत करोड़ों की परियोजनाओं का झूठा श्रेय लेकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

नाबार्ड पूरी तरह केंद्र सरकार के अधीन है और इसकी परियोजनाएं विधायक प्राथमिकता पर स्वीकृत होती हैं। ऐसे में कांग्रेस का इसे अपनी उपलब्धि बताना न सिर्फ झूठ और ढोंग है । वहीं चकमोह-रैली जजरी बाजार से अंदरोली बाया बलड़ा सड़क - 1048.75 लाख, लिंक रोड गनोह वाया एमआईटी हरिजन बस्ती गनोह - 3304.00 लाख, लिंक रोड दंदवी से धंगोटा वाया खारल 556.98 लाख, जलाड़ी-दियोटसिद्ध मुख्य सड़क का डबल लाइन अपग्रेडेशन (वाया सलौनी-बिझड़ी) 3775 लाख (37.75 करोड़) विधायक प्राथमिकता से स्वीकृत। इन परियोजनाओं से लोगों को बेहतर सड़क सुविधा और विकास की नई दिशा मिलेगी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल बड़सर के लिए निराशाजनक और नाकामी से भरे रहे। विकास के नाम पर शून्य प्रदर्शन के बाद अब कांग्रेस जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा और विधायक प्राथमिकता की परियोजनाओं को उपलब्धि बताने की नीच राजनीति कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रामपुर कॉलेज में भूगोल विभाग की नई कार्यकारिणी गठित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर के भूगोल विभाग में प्राध्यापकों तथा स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भूगोल विभाग की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा नेगी कनैन एवं डॉ. जितेंद्र साहनी, डॉ. सविता नेगी के निर्देशन में यह कार्य संपन्न हुआ। डॉ.सविता नेगी को अध्यक्ष, डॉ. अनुराधा नेगी कनैन एवं डॉ. जितेंद्र साहनी मुख्य सलाहकार तथा स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थि सलाहकार होंगे। उपाध्यक्ष के पद पर महेश एवं कशिश, मुख्य सचिव साहिल, शशि, सह सचिव अंकुश, गुरप्रीत कौर को नई कार्यकारिणी के रूप में नियुक्त किया गया। यह कार्यकारिणी सत्र 2025- 26 में भूगोल विभाग द्वारा करवाई जाने वाले गतिविधियों के लिए सजग एवं जिम्मेदार रहेगी।

### युवा संसद स्टूडेंट्स में लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव करती है मजबूत : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पीएम श्री विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग में वीरवार को 27वीं युवा संसद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कुमार कश्यप ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यवाही का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने विपक्ष और पक्ष की भूमिका निभाते हुए सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक मुद्दों पर गंभीर बहस प्रस्तुत की। सांसद सुरेश कश्यप ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्य और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी का भाव विकसित करती है। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को लोकतंत्र की गहराई से समझ और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### सफाई कर्मियों के बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाने के लिए बनेगा हेल्प डेस्क: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन प्रतिषेध व उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक गुरुवार को बचत भवन शिमला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला के सफाई कर्मियों के बच्चों को सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष हेल्प डेस्क तैयार किया जाएगा। स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पात्र बच्चों की सूची बनाकर उपायुक्त कार्यालय को भेजें। हेल्प डेस्क के माध्यम से न केवल आवेदन प्रक्रिया पूरी करवाई जाएगी, बल्कि बच्चों का संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र बच्चा छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए 30 सितंबर अंतिम तिथि तय की गई है। बैठक में बताया गया कि नगर निगम शिमला के 12 वार्डों में सफाई कर्मियों के लिए महिला व पुरुषों हेतु अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। साथ ही सफाई कर्मियों को रेडियम जैकेट उपलब्ध करवाई गई है और उनके पहचान पत्रों में ईएसआई व ईपीएफओ संख्या अंकित की गई है। सीवर की सफाई अब पूरी तरह सकिंग और जेटिंग मशीनों से ही की जा रही है।

# नहीं फंसेगा सेब, खोले जा रहे रोड : रोहित

## बरसात की मार से त्रस्त इलाकों में पहुंचे शिक्षा मंत्री ने बागवानों से किया संवाद

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ऊपरी शिमला की पहाड़ियां बरसात के कहर से उभरी पीड़ा का मौन साक्ष्य बनी हुई हैं। टूटे हुए रास्ते, ध्वस्त मकान और बर्बाद बाग, ये तस्वीरें इस बात की गवाही दे रही हैं कि पहाड़ का जीवन मौसम के साथ कैसी जद्दोजहद कर रहा है। मगर इसी कठिनाई के बीच लोगों की सबसे बड़ी चिंता अपनी मेहनत की फसल सेब को समय पर मंडियों तक पहुंचाना है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनते हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वीरवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई के उपमंडल जुब्बल की सीमांत पंचायत कुड्डू का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस पंचायत में हाल की बारिश और भूस्खलन ने सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि मुख्य सड़क कुड्डू-सराजी मार्ग को आज से बहाल कर दिया गया है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष बरसात ने हिमाचल में अभूतपूर्व नुकसान पहुंचाया है और उनका क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। बाढ़ और भूस्खलन से करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हुई है। ऊपरी शिमला के राष्ट्रीय राजमार्ग 705 ठियोग-हाटकोटी और 707 हाटकोटी-पांवटा साहिब जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन लोक निर्माण, पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रियता से इन सड़कों पर यातायात जारी रखा गया है।

उन्होंने बताया कि जुब्बल मंडल की सड़कों को 57 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। फिर भी सेब सीजन को देखते हुए सभी संपर्क मार्ग बहाल कर दिए गए हैं। सीमावर्ती शिलोल सड़क को भी खोल दिया गया है, जिससे बागवान अपने सेब समय पर मंडियों तक पहुंचा सकें। जुब्बल और सरस्वती नगर क्षेत्रों में अब तक 8 घर पूरी तरह और 103 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। सरकार सभी प्रभावित परिवारों को नियमों के अनुसार राहत मुहैया करा रही है।

शिक्षा मंत्री ने साफ किया कि इस समय उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता बागवानों के सेब को मंडियों तक पहुंचाना है, क्योंकि यही यहां के लोगों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं और मुख्य मार्गों के साथ-साथ संपर्क मार्गों को भी खोला जा रहा है। शेष सड़कों को दिन-रात के प्रयास से बहाल किया जा रहा है। इस मौके पर रोहित ठाकुर ने सोलंग, पंद्राणु, झलटा और गिलटाड़ी पंचायतों से आए ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

**मंडी माध्यस्ता योजना से राहत**

**प्रदेश** सरकार की 'मंडी माध्यस्ता योजना' के तहत जुब्बल के 28 केंद्रों पर सेब खरीदा जा रहा है। अब तक 11,000 मीट्रिक टन सेब खरीदा जा चुका है। वहीं, बारिश के कारण बिजली और पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुँचा है। मंत्री ने बताया कि बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई है और पेयजल योजनाओं को अस्थाई रूप से चालू किया गया है। विभागीय कर्मचारी युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं।

# एचपीयू में हॉस्टल से वंचित करने वाले नियम पर एसएफआई का हल्ला-बोल



एसएफआई अधिष्ठाता अध्ययन और मुख्य छत्रपाल का घेराव करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान छात्रों को हॉस्टल सुविधा से वंचित करने के लिए लागू किए गए विवादित एफआईआर नियम के खिलाफ आज एसएफआई-एचपीयू इकाई ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। संगठन ने अधिष्ठाता अध्ययन और मुख्य छत्रपाल का घेराव कर विश्वविद्यालय प्रशासन से इस आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की।

एसएफआई का कहना है कि यह नियम आपराधिक कानून के उस सिद्धांत का उल्लंघन है जिसके अनुसार किसी भी व्यक्ति को दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाता है। संगठन का आरोप है कि यह आदेश विश्वविद्यालय प्रशासन की कमियों और खामियों पर सवाल उठाने वाले छात्र कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने की साजिश है। एसएफआई ने इसे छात्रों के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया है।

घेराव के दौरान विश्वविद्यालय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस नियम पर कुलसचिव और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी और इसकी संवैधानिकता पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, एसएफआई ने चेतावनी दी कि यदि इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया गया तो संगठन छात्रों को संगठित कर बड़े आंदोलन की राह अपनाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# पुराना शिमला खो रहा अपना आकर्षण : हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला में बढ़ते यातायात और पैदल मार्गों पर रोकथाम की कमी पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि पुराना शिमला अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और आकर्षण खोता जा रहा है। शिल्ली चौक और छोटा शिमला के बीच कई वाहन पास जारी होने से पैदल यात्रियों के लिए स्वतंत्र आवागमन मुश्किल हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने स्थानीय प्रशासन से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता ने मॉल रोड और राम बाजार के आसपास सड़कों पर खड़े वाहनों और कचरे की समस्या पर ध्यान दिलाया। अदालत ने

**यातायात ने पैदल रास्तों को बनाया मुश्किल, वाहन पार्किंग और स्वच्छता पर उठाए सवाल**

कहा कि पास जारी होने के बावजूद रात भर वाहनों की पार्किंग को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और नगर निगम को पर्याप्त कदम उठाने होंगे।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 10 अक्तूबर तय की है। याचिकाकर्ता ने सड़क स्वच्छता, कूड़ा-कचरा हटाने और दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। तस्वीरों और रिपोर्टों के आधार पर अदालत ने कहा कि स्थिति गंभीर है और त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

### सीएम और डिप्टी सीएम ने पवन कुमार के निधन पर किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अरुणाचल प्रदेश में एक सड़क दुर्घटना में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जवान पवन कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पवन कुमार जिला बिलासपुर की श्री नैनादेवी तहसील के दगड़ाहण गांव के निवासी थे।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है और परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

# पीएम श्री विद्यालयों में यूनेस्को का भविष्य कार्यक्रम होगा लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के 124 पीएम श्री विद्यालयों में यूनेस्को का भविष्य कार्यक्रम लागू किया जाएगा। वीरवार को राज्य सचिवालय में शिक्षा सचिव राकेश कंवर की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि यह योजना देश में पहली बार हिमाचल में शुरू की जा रही है और इसका सफल क्रियान्वयन अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।



शिक्षा सचिव राकेश कंवर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों एवं दक्षताओं से जोड़ा जाएगा तथा उन्हें खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी। शिक्षा सचिव ने यह स्पष्ट किया कि बच्चों पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए, बल्कि गतिविधियों के माध्यम से उन्हें आनंदपूर्वक सीखने का अवसर

**खेल-खेल में होगी पढ़ाई, शिक्षकों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण**

मिले। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी शिक्षकों का चयन और प्रशिक्षण सावधानीपूर्वक किया जाए तथा अभिभावक-शिक्षक संघ और विद्यालय प्रबंधन समितियों को भी इसमें शामिल किया जाए।

यूनेस्को की दक्षिण एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शिक्षा प्रमुख जॉयस पोआन ने बताया कि यह कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से लागू किया जाएगा और मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। चयनित 124 विद्यालय आदर्श रूप में विकसित होंगे, जहां पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा, हरित पाठ्यक्रम लागू होगा और पर्यावरण क्लबों की गतिविधियों से विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता की दिशा में प्रेरित किया जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं की संकीर्ण मानसिकता का जवाब नहीं : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया घोषणाओं के बावजूद हिमाचल के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रीगण धन्यवाद व्यक्त करने में संकोच कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की यह रवैया उनकी संकीर्ण मानसिकता और निम्न स्तरीय राजनीति को दर्शाता है। भाजपा इस प्रकार की राजनीति की कड़ी निंदा करती है। रणधीर ने शिमला से जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर मानते हुए खुले दिल से आर्थिक सहायता की घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि 9 सितंबर को प्रधानमंत्री का हिमाचल दौरा ऐतिहासिक रहा। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया, पीड़ितों से मुलाकात की और नुकसान का आकलन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ रुपए की विशेष आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। भाजपा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए सहायक और समयोचित है।

# राष्ट्रमंडल सम्मेलन में पहुंचे पठानिया हिमाचल की आपदा पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए गत रात्रि करीब 9 बजे बेंगलुरु पहुंचे। उनके साथ विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, सचिव यशपाल शर्मा और तीन वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सम्मेलन का मुख्य आयोजन कर्नाटक विधानसभा भवन और होटल दी ताज वेस्ट एंड में 11 से 13 सितंबर तक किया जा रहा है। पठानिया का स्वागत कर्नाटक सरकार के अधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से किया।



राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष व अन्य।

आज कर्नाटक विधानसभा में सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के चेयरमैन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्वारमैया, राज्यसभा उप-सभापति हरिवंश, कर्नाटक विधान परिषद के चेयरमैन बेस्वराज होराटी, कर्नाटक

**उद्घाटन समारोह में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा के महत्व पर दिया जोर**

विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर फरीद और अन्य राज्यों के विधानमंडलों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

पठानिया 12 सितंबर को सम्मेलन को संबोधित करेंगे और सत्र का संचालन भी करेंगे। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्वारमैया से हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा और बादल फटने से हुए नुकसान पर चर्चा की। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी इस बैठक में मौजूद थे।

### सरदार पटेल विवि में प्राणीशास्त्र संकाय की नियुक्ति रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी में सहायक प्रोफेसर (प्राणीशास्त्र) डॉ. सरिता कुमारी की नियुक्ति रद्द कर दी है।

**हाईकोर्ट ने अवैध दस्तावेज और योग्यता में पाई अनियमितताएं**

अदालत ने पाया कि चयन प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेज, अनुभव में गलत अंक और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानदंडों का उल्लंघन हुआ था। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने डॉ. राहुल भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि डॉ. कुमारी को 2004-2008 के अनुभव के लिए गलत तरीके से अंक दिए गए थे, जबकि उस समय उन्होंने आवश्यक एमफिल योग्यता ही प्राप्त की थी।

अदालत ने यह भी पाया कि डॉ. कुमारी के अनुभव प्रमाणपत्र में गंभीर विसंगतियां थीं, क्योंकि उसका प्राणीशास्त्र विभाग 2015 में ही स्थापित हुआ था। याचिकाकर्ता ने भाई-भतीजावाद के आरोप भी लगाए, क्योंकि उम्मीदवार के पति विश्वविद्यालय में डीन के पद पर थे। हालांकि, अदालत ने अनुचित प्रभाव की पुष्टि नहीं की, लेकिन अवैध अंक और संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को दूषित माना।

# पात्रों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ, तभी सार्थक होगा विकास



जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुंचे। वह बचत भवन सभागार में आयोजित 15 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को दिया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 2154 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें 231 केंद्र अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना के तहत आंध्रा में 96 छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उर्दू शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु संजौली व कैथू के स्कूलों में यह विषय पढ़ाया जा रहा है।

टर्म लोन योजना के अंतर्गत अब तक 3,637 लाभार्थियों को 108.63 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। पीएम-अजय योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले की 30 पंचायतों के 39 गांव योजना में शामिल हैं, जिनमें से 20 गांवों की योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। अब तक 3.65 करोड़ रुपए में से 1.68 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

### एम्स चमियाना में 150 कमरों की बनेगी सराय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) चमियाना में मरीजों और उनके तीमारदारों के ठहरने के लिए सराय का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में तुलसीराम भगीरथ राम मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी (सूद सभा, चंडीगढ़) ने सराय निर्माण का प्रस्ताव रखा। सोसायटी ने 150 कमरों और 50 बेड की डोरमेट्री बनाने की पेशकश की है। उपायुक्त ने इस संबंध में 18 सितंबर को एसडीएम की अध्यक्षता में संयुक्त साइट निरीक्षण करने के आदेश दिए, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। इसके बाद एफसीए की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि सराय निर्माण का पूरा खर्च सोसायटी वहन करेगी और जल्द ही सराय का डिजाइन भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एम्स चमियाना में वर्तमान समय में विभिन्न विभागों की ओपीडी चल रही है और यहां पर सराय बनने से सैकड़ों मरीजों व तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पंकज शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा, सोसाइटी अध्यक्ष आदर्श कुमार सूद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के घरों में होगा औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के तहत स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक वीरवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मानसिक मंदता, स्वलीनता, प्रमस्तिष्क और विविध विकलांगता से पीड़ित दिव्यांगजनों के लिए कानूनी संरक्षण पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान तीन दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षक नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई, जबकि चार मामलों में संरक्षक के निधन के बाद नए संरक्षक नियुक्त करने पर भी मंजूरी दी गई।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में कानूनी संरक्षक का आकस्मिक निधन हो जाता है, वहां तहसील कल्याण अधिकारी तुरंत न्यूनतम समय में नए कानूनी संरक्षक की नियुक्ति करें, ताकि दिव्यांगजन किसी असुविधा का सामना न करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी तहसील कल्याण अधिकारियों को कहा कि जिला स्तरीय बैठक से पहले वे उन दिव्यांगजनों के घरों का औचक निरीक्षण करें, जिन्हें कानूनी संरक्षक प्रदान किए गए हैं। इसके बाद उनकी देखभाल और समस्याओं से जुड़ी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा दिव्यांगजनों तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर हो। जिला शिमला में अब तक कुल 127 दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षक दिए गए हैं, इनमें शिमला ग्रामीण के 11, शिमला शहरी के 38, जुब्बल के 5, कुमारसैन के 10, कोटखाई के 8, रोहड़ू के 6, चौपाल के 11, रामपुर के 4, ठियोग के 16, सुन्नी के 9, चिड़गांव के 5 और ननखड़ी के 4 मामले शामिल हैं। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**जज्बा** | **पर्यावरण संरक्षण में 19 वर्षों से निभा रही अहम जिम्मेदारी**

# ईको टास्क फोर्स ने लगाए 60.76 लाख पौधे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए गठित 133 ईको टास्क फोर्स बीते 19 वर्षों से प्रकृति को संवारने और आपदा प्रबंधन में अहम योगदान दे रही है। यह टास्क फोर्स न केवल पर्यावरणीय दायित्व निभा रही है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी मजबूती से स्थापित कर रही है।



जानकारी के अनुसार 133 ईको टास्क फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार ने बताया कि इस अनूठी संकल्पना के तहत एक छोटे आर्मी कोर ग्रुप के कमांड में भूतपूर्व सैनिकों को पुन: सेवा में लेकर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में लगाया जाता है। स्थापना के बाद से टास्क फोर्स ने अब तक प्रदेश में 60.76 लाख पौधे रोपित किए हैं। इसके साथ ही 5675 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया और 4.30 लाख पौधों की क्षमता वाली 11 नर्सरियों की स्थापना भी की गई है। तीन अमृत सरोवरों व तालाबों का कायाकल्प कर जल संरक्षण को भी मजबूती दी गई है।

पिछले पांच वर्षों में फोर्स ने वनों में आग लगने की 43 घटनाओं को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है। मौजूदा 42 परियोजना क्षेत्रों में अग्निशमन लेन विकसित की गई हैं और स्थानीय सामग्रियों का उपयोग करके 11 चैक डैम भी बनाए गए हैं। फोर्स ने जल, मृदा व वनस्पतियों के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को लगातार गति दी है।

**जन अभियानों से जुड़ी गतिविधियां**

**ईको** टास्क फोर्स केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है। वन महोत्सव, एक पेड़ मां के नाम, मेरी माटी मेरा देश, स्वच्छता ही सेवा और विश्व योग दिवस जैसे अवसरों पर भी विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जाती है।

**आपदा के समय मानवता की मिसाल**

**आपदा** की स्थिति में यह फोर्स राहत और बचाव अभियानों में भी सक्रिय रहती है। प्रभावित लोगों को आश्रय, भोजन और परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना इसकी प्राथमिकता रहती है। हिमाचल जैसे आपदा-प्रवण राज्य में ईको टास्क फोर्स का योगदान वास्तव में सराहनीय है और आने वाले समय में इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी।

# मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित-समृद्ध राष्ट्र बनेगा : सुरेश



सांसद सुरेश कश्यप का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और विश्व पटल पर देश की प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों ने भारत को किसी भी देश के सामने झुकने नहीं दिया, बल्कि अमेरिका जैसी महाशक्ति को भी भारत के सामने झुकना पड़ा। प्रदेश की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि सेब उत्पादक किसान इस समय गहरे संकट से गुजर रहे हैं क्योंकि उनकी उपज मंडियों तक नहीं पहुंच पा रही है और सेब पेड़ों पर ही रह गए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आपदा प्रबंधन में विफल रहने और किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। केंद्र सरकार ने हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए की सौगात दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संसारपुर टैरेस में 115 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने बिलवा घाटी पंचायत के बाढ़ प्रभावित गांव संसारपुर टैरेस का दौरा किया। टीम का नेतृत्व एमओ डॉ. विजय जरियाल ने किया। शिविर में 115 लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई। 55 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। 17 मरीज हड्डियों की समस्या, 16 मरीज शुगर, 15 मरीज उच्च रक्तचाप (बीपी), 5 महिलाएं स्त्री रोग से पीड़ित तथा 62 सामान्य रोगी पाए गए। डॉक्टरों ने मरीजों को दवा, जीवनशैली और खानपान के बारे में मार्गदर्शन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए जीवनदायी सिद्ध हो रहे हैं।

### बेकरी शॉप में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में बेकरी शॉप में आग लग गई, जिस पर समय रहते फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। फायर ऑफिसर धर्मशाला कर्म चंद कश्यप ने बताया कि वीरवार सुबह पौने 11 बजे के करीब सूचना मिली की कि ओल्ड चड़ी रोड़ में संजीव अरोड़ा की बेकरी शॉप में आग लगी है, जिस पर फायर ब्रिगेड टीम ने मौका पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बेकरी शॉप के विद्युत मीटर में आग लग गई थी, जिससे करीब दो हजार रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि 20 हजार रुपए की संपत्ति बचा ली गई।

### डरोह में सब-इंस्पेक्टर प्रमोशन कोर्स संपन्न

**डरोह, अनंत ज्ञान।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) डरोह में 38वां बैच अपर क्लास कोर्स (सब-इंस्पेक्टर प्रमोशन ट्रेनिंग) संपन्न हो गया। कोर्स में कुल 248 प्रशिक्षु मौजूद रहे, जिसमें से 11 महिला प्रशिक्षु शामिल थीं। यह कोर्स 14 जुलाई को शुरू हुआ था। प्रशिक्षुओं को इंडोर व आउटडोर प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. डीके चौधरी, आईपीएस, डीआईजी ने प्रशिक्षुओं से संस्थान में दिए गए प्रशिक्षण को फील्ड में अमल में लाने व अगली प्रमोशन व पोस्टिंग की अग्रिम बधाई दी।

### थुरल स्कूल ने राहत कोष में दिए 51000 रुपए



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल के प्रधानाचार्या अनुपम बाला, स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान बनीता जम्वाल, पूर्व अध्यक्ष लवली धीमान, सुनील गौतम और अध्यापकों में सिकंदर मिन्हास, अजीत धीमान, अनिल जम्वाल, सुषमा राणा, अनीता कुमारी व सतीश कुमार ने प्रदेश में आई आपदा के लिए सहयोग के रूप में 51000 रुपए का चेक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान को सौंपा। प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने बताया कि सहयोग राशि में बच्चों ने भी अपना योगदान दिया है। संजय चौहान ने समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह राशि मुख्यमंत्री के माध्यम से आपदा प्रभावित लोगों तक पहुंचा दी जाएगी।

### सुनील गौतम पीटीए अध्यक्ष, बीना उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में 11 सितंबर को अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक महाविद्यालय की प्राचार्या राका शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र 2025-26 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुनील कुमार गौतम को अध्यक्ष, बीना देवी को उपाध्यक्ष, डॉ. संजीव कुमार शर्मा सचिव, डॉ. विशाल वालिया कोषाध्यक्ष, रेशमा शर्मा संयुक्त सचिव, प्रो. लेखराम नेगी, प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. पवन राणा, प्रो. कुशल सिंह, प्रो. नविता देवी को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया। राका शर्मा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

# रमणीक पर्यटन स्थल त्रियुंड तक पानी पहुंचाने की प्लानिंग शुरू

## वन विभाग व जल शक्ति विभाग कर चुके हैं सर्वे, अब डीपीआर तैयार होने के बाद आगे बढ़ेगी कवायद

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के रमणीक पर्यटन स्थल त्रियुंड तक पानी पहुंचाने की प्लानिंग शुरू हो चुकी है। इसके लिए वन विभाग और जल शक्ति विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे किया जा चुका है। अब इसके लिए डीपीआर तैयार होने उपरांत आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसकी तैयारी में वन विभाग जुटा हुआ है।

गौरतलब है कि त्रियुंड साइट पर ट्रैकिंग करते हुए पहुंचा जा सकता है। वर्ष भर मैक्लोडगंज में देश-विदेश के पर्यटकों की आमद लगी रहती है तथा इनमें से अधिकतर पर्यटक मैक्लोडगंज भ्रमण के दौरान त्रियुंड जाना नहीं भूलते। प्रकृति व ट्रैकिंग के शौकीन पर्यटकों की हालांकि त्रियुंड पसंदीदा सैरगाह है। इसके बावजूद अभी तक यहां पर पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। पर्यटकों को भी ट्रैकिंग के दौरान पानी अपने साथ मैक्लोडगंज से लेकर ही आगे बढ़ना पड़ता है। त्रियुंड में वन विभाग का रेस्ट हाउस भी है, जिसके लिए भी पानी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वन विभाग भी इस बारे गंभीरता से प्रयास कर रहा है, जिससे त्रियुंड घूमने जाने वाले और रेस्ट हाउस में ठहरने वाले लोगों के लिए पानी की व्यवस्था हो सके।



त्रियुंड साइट।

### त्रियुंड से डेढ़ किलोमीटर दूर जलस्रोत चिन्हित

**सूत्रों** के अनुसार, वन विभाग और जल शक्ति विभाग के संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान त्रियुंड से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक जलस्रोत चिन्हित किया गया है। इसी स्रोत से त्रियुंड तक पानी पहुंचाने की प्लानिंग की गई है। यही नहीं जल शक्ति विभाग की ओर से पहले भी त्रियुंड तक पानी पहुंचाने के लिए एक प्रपोजल तैयार की थी, जिसमें लागत अधिक होने के चलते उसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका था, लेकिन जिस तरह से त्रियुंड जाने वाले पर्यटकों की आमद में इजाफा हो रहा है, उसके चलते अब वहां पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद तेज होने लगी है।



त्रियुंड रेस्ट हाउस ऐसा स्पॉट है, जहां पानी की सुविधा नहीं है। वन विभाग ने जल शक्ति विभाग के साथ मिलकर एक सर्वे पिछले साल किया था। इसमें त्रियुंड रेस्ट हाउस से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक पानी के स्रोत को चिन्हित किया है, उस स्रोत से रेस्ट हाउस तक पानी कैसे पहुंचाया जाए, इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है। इस संबंध में डीपीआर बनने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-राहुल शर्मा, डीएफओ, धर्मशाला।**

# विधायक मलेंद्र ने 21 जरूरतमंदों को वितरित किए 13.14 लाख के चेक



मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि के चेक वितरित करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने वीरवार स्थानीय वन विश्राम गृह में जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि के चेक वितरित किए। 21 पात्र लोगों को 13 लाख 14 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई, जिससे वे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति तथा स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ दिया जा रहा है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी जरूरतमंद इलाज के अभाव में पीड़ित न रहे। उन्होंने लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे इस सहयोग का सदुपयोग कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, तहसीलदार अमनदीप, इंदौरा प्रधान भूपाल कटोच, पूर्व उपप्रधान मनोहर सिंह, पौंग बांध निदेशक डॉ. विशाल, पौंग बांध निदेशक कुलदीप, पूर्व प्रधान तारा चंद, डागला उपप्रधान सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम रोजगार सेवकों का छलका दर्द, 17 साल की सेवाओं के बावजूद नहीं बनी नीति

- नियमित तौर पर नहीं मिल रहा वेतन, महंगाई भत्ता भी रोका
- करुणामूलक नौकरी का नहीं प्रावधान, मृतक परिवारों के परिवार दर-दर भटकने को मजबूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेशभर** में पिछले सत्रह वर्षों से सेवाएं दे रहे ग्राम रोजगार सेवकों के लिए अभी तक नीति नहीं बन पाई है। इस वर्ग को नियमित तौर पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता, जबकि महंगाई भत्ता भी रोक दिया गया है।

ग्राम रोजगार सेवकों के लिए करूणामूलक नौकरी का भी प्रावधान नहीं है। ऐसे में जिन ग्राम रोजगार सेवकों का असमय निधन हुआ है, उनके परिवारों को दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्राम रोजगार सेवक संघ जिला कांगड़ा के जिला प्रधान जसविंदर अंगारिया का कहना है कि ग्राम रोजगार सेवकों की दो अन्य श्रेणियां एक फिक्स अमाउंट वेतन जो कि मात्र 6800 रुपए पर कार्यरत हैं तीन से चार पंचायतों में कार्य कर रहे हैं, उनका जीवन यापन भी इस वेतन में बहुत ही मुशिकल है।

### नहीं मिल रही बढ़ी हुई दिहाड़ी

**प्रधान** ने बताया कि दूसरी श्रेणी जो कि दैनिक भोगी है, जिनको पिछले दो साल पहले से दैनिक दिहाड़ी दी जा रही है, जबकि अन्य विभागों में जो बढ़ी हुई दिहाड़ी 528 रुपए मिल रही है और ग्राम रोजगार सेवकों को पिछला दो साल का 424 रुपए ही दिया जा रहा है।

### प्रदेशाध्यक्ष एक साल से उठा रहे मांग

**जिला** प्रधान ने कहा कि संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुनीष कुमार द्वारा पिछले एक साल से ग्राम रोजगार सेवकों को मांगों को सरकार व विभाग के समक्ष लगातार उठाया है। विभाग और मुख्यमंत्री ने भी खुद स्वीकार किया है कि यह सब मांगें जायज हैं और इनको पूर्ण करने की बात भी कही है। ग्राम रोजगार सेवक संघ की मांग है कि काफी लोग बिना लाभ के सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। विभाग व सरकार को ग्राम रोजगार सेवकों के इतने लंबे समय को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों पर समायोजन कर स्थायी नीति बनाई जाए।

## 20 तक बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन पूरा करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने उपमंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर भारी पौंग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास नदी में आई बाढ़ से हुए नुकसान का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ क्षेत्रों में पानी भरा हुआ है और बांध से लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। प्रभावित पंचायतों में पटवारी, पंचायत सचिव और ब्लॉक जेई की समिति गठित कर 20 सितंबर तक नुकसान का आकलन करने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, जो लोग ऑनलाइन नुकसान दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, उनका भी मुआवजा सुनिश्चित करने को कहा गया। राजन ने अवैज्ञानिक खनन पर सख्त निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने तारा खड्ड पर धुसी निर्माण के लिए लोगों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द जमा करने का आग्रह किया। विधायक ने प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

## दुनेरा-सुलियाली अंतरराज्यीय मार्ग खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला पठानकोट के नीम पर्वतीय क्षेत्र के ब्लॉक धारकलां के गांवों की सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो गई है। लगातार भारी बारिश के कारण सड़कें पूरी तरह खस्ता हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों को अपने घर तक जाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। विशेष रूप से दुनेरा-सुलियाली अंतर्राज्यीय संपर्क मार्ग, जो पंजाब और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है, लोक निर्माण विभाग पंजाब की उपेक्षा का शिकार हो गया है। सड़क पर मलबा कई दिनों से पड़ा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है और वाहन दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बड़े-बड़े गड्ढे छोटे वाहनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा। पूर्व सरपंच पूरन धीमान ने कहा कि हिमाचल लोक निर्माण विभाग अपने हिस्से की सड़कें ठीक कर रहा है, जबकि पंजाब की सड़कें खस्ताहाल हैं।

### 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च न करना दुर्भाग्यपूर्ण : मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** **जयसिंहपुर** विधानसभा क्षेत्र के तहत आते विकास खंड पंचरुखी को 15वें वित्त आयोग द्वारा 8 करोड़ 99 लाख 52 हजार 156 रुपए की धनराशि जारी की गई थी। इसमें बीते साढ़े चार वर्षों में लगभग 5 करोड़ 13 लाख 80 हजार 508 रुपए खर्च हो पाए तथा शेष राशि 3.89 करोड़ पेंडिंग पड़ी है, अगर मार्च 2026 तक यह धनराशि खर्च नहीं हो पाई तो वापस हो जाएगी।

किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए 15वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा जारी धनराशि को बहुत सारी पंचायतें 35-40 फीसदी तक भी खर्च नहीं कर पाई, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जनता के विकास के लिए दिया गया धन को समयबद्ध रूप में खर्च करवाना सरकार तथा प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। इतनी बड़ी धनराशि का जनता के कार्यों में न लग पाना, कहीं न कहीं प्रदेश सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। डोगरा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनता के लिए केंद्र से आए हुए इस धन का मार्च से पहले खर्च करवाएं।

## विधायक ने लिया बरसात से हुए नुकसान का जायजा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत मिंजग्रां के मुगनियाला गांव में बरसात में हुए भूस्खलन के कारण प्रभावित हुए परिवारों से मिलने नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का उनके गांव पहुंचे। विधायक ने कहा कि सरकार की तरफ से प्रभावितों के लिए 2-2 लाख रुपए की किस्त जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वह नूरपुर क्षेत्र के लिए सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग करेंगे। विधायक ने मिंजग्रा में प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि वह जब अपने घरों का काम लगाएंगे, वह अपनी तरह से ने मकान बनाने के लिए सामग्री उपलब्ध करवाएंगे। इन प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री भी भेजेंगे ताकि कोई परिवार भूखा न रहे । इस मौके पर पंचायत प्रधान सुमन शर्मा उपप्रधान सुदर्शन पूर्व प्रधान कुलदीप पाठक भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप राणा सहित स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## दलाईलामा ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने बधाई संदेश भेजा है। धर्मगुरु ने संदेश में कहा कि वर्ष 1959 में तिब्बत से मजबूरन पलायन के बाद से मैं और मेरे अनेक तिब्बती शरणार्थी भारत आए थे। भारत सरकार का सबसे लंबे समय से अतिथि रहने के नाते मुझे देशभर की यात्राओं के दौरान हर वर्ग के लोगों से मिलने का अवसर मिला। हजारों वर्षों से भारत करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों को संजोए हुए है। आज इन सिद्धांतों की समझ विश्वभर में फैल रही है, जो व्यक्ति और समाज दोनों स्तरों पर शांति स्थापित करने की क्षमता रखती है। दलाईलामा ने स्वयं को 'भारत का पुत्र' बताते हुए कहा कि मेरे पूरे सोचने का तरीका उस बौद्ध प्रशिक्षण से प्रभावित है, जो प्राचीन भारतीय विचारधारा का हिस्सा है। धर्मगुरु ने उपराष्ट्रपति-निर्वाचित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस महान देश की जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल हों।

## शाहपुर की महिलाओं ने मांगा रोजगार, एसडीएम को सौंपा शिकायत पत्र

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर की महिलाओं ने मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना के तहत लंबे समय से रोजगार न मिलने को लेकर उपमंडल अधिकारी शाहपुर करतार चंद को शिकायत पत्र सौंपा। महिलाओं ने गुहार लगाई कि उन्हें फिर से योजना के तहत काम दिया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। सुमन देवी, सीमा देवी, केसरी देवी, नौमला देवी, अंजू देवी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से नगर पंचायत में इस योजना के तहत कार्य कर रही थीं और हर माह 10-15 दिन रोजगार मिल जाता था। जनवरी 2025 से उन्हें कोई भी काम नहीं दिया गया है और अब 9 महीने हो चुके हैं। महिलाओं ने बताया कि वे नालियों की सफाई, कचरा प्रबंधन जैसे कार्य करती थीं और मजदूरी ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है। उन्होंने एसडीएम से अपील की कि नगर पंचायत को आदेश देकर उन्हें दोबारा काम पर लगाया जाए।

### शिवानी सूद बनी पीटीए अध्यक्ष

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में अभिभावक-अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल की देखरेख में किया गया। अध्यक्ष शिवानी सूद, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव डॉ. केवल कृष्ण, सह सचिव दिनेश सूद, कोषाध्यक्ष मंजना देवी, मुख्य सलाहकार दान सिंह व अभिभावक वर्ग से सुनीता देवी, अनीता देवी, सुमन देवी और प्राध्यापक वर्ग से डॉ. स्वाति महाजन भटनागर, डॉ. अमित कोरा, डॉ. सुशील कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया।

# खनियारा में सायर पर्व पर लोक परंपरा उत्सव भेड़े का मेला 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- श्री इंद्रु नाग देवता की छड़ी मुख्य मंदिर से गूर व चेलों के साथ पहुंचेगी पटोला
- पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं सहित होगा लोक गायन व लोक नृत्य

**जय** इंद्रु नाग मंदिर सेवा समिति खनियारा की ओर से सायर पर्व पर लोक परंपरा उत्सव, भेड़े के मेले का आयोजन 16 सितंबर को पटोला खनियारा में किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ लुप्त हो चुकी खेलों को आयोजित करवाया जाएगा। इसके साथ ही लोक गायन व लोक नृत्य में उन बच्चों को मौका दिया जाएगा, जिन्हें मंच नहीं मिल पाता है। समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार व्यास ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पारंपरिक खेलें जो अब तकरीबन कहीं देखने को नहीं मिलती, उन्हें खिलाया जाएगा। इनमें पिट्ठू, सुंदरटापू, पांच गिट्टियां, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही लोकगायन, लोकनृत्य प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चे, ग्रामीण बच्चे, विभिन्न महिला मंडल व समाजसेवी संगठनों के प्रतिभागी भाग लेंगे। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय लोक गायक भगवान श्री इंद्रु नाग देवता का गुणगान करेंगे। श्री इंद्रु नाग देवता की छड़ी पटोला मैदान पहुंचेगी और साल का सबसे बड़ा खेलपात्र आयोजित होगा। इसमें नाग देवता के गूर खेलपात्र में बताएंगे कि भविष्य में फसलों को लेकर क्या स्थिति रहेगी व मौसम कैसा रहेगा। 16 सितंबर को होने वाले आयोजन के लिए एक दिन पहले अपनी दुकानें स्थापित करनी होंगी।

कमेटी की ओर से दुकानें लगाने का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न उपकमेटियों का गठन किया गया है। इस अवसर पर समिति के महासचिव स्वास्तिक मस्ताना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन प्रशोत्तम चंद दाडनू, कोषाध्यक्ष कैप्टन शिवराज थापा, वरिष्ठ सदस्य राजिंद्र हिप्पी, राजिंद्र जोगी आदि मौजूद रहे।

## ज्वालाजी में 21 सितंबर से हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक चलने वाले अश्विन नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालाजी नगर पंचायत क्षेत्र में 21 सितंबर से 2अक्तूबर तक हथियारों, गोला-बारूद और विसफोटक पदार्थों के परिवहन एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि ज्वालाजी में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नवरात्र के दौरान यह निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि नवरात्र सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। अत: क्षेत्रवासियों एवं आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### पीएम की घोषणाओं से जनता को मिली उम्मीद : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण राज्य की जनता के प्रति उनके गहरे लगाव और संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि एसडीआरएफ की अग्रिम किस्त और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त तुरंत जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों की जियो टैगिंग कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाई जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्गों के जीर्णोद्धार, शिक्षा संस्थानों की क्षति की भरपाई और जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाएंगे। कृषि और पशुधन प्रभावित समुदाय के लिए अलग से सहायता देने की योजना भी बनाई जाएगी। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे और घोषणाओं से जनता में नई उम्मीद जगी है और स्पष्ट संदेश गया है कि केंद्र सरकार संवेदनशील और जिम्मेदार सरकार है, जो केवल कागजी आश्वासन नहीं देती, बल्कि ठोस कदम उठाती है।

# पीएमश्री योजना के तहत 200 स्कूलों को सीबीएसई में स्थानांतरित करने का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पीएमश्री** योजना के तहत प्रदेश सरकार की ओर से राज्य के 200 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में स्थानांतरित करने के विचार के खिलाफ स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी लामबंद होने लगे हैं।

कर्मचारी संघ इसके विरोध में उतर आया है और सरकार से जल्द इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। संघ का मानना है कि इस योजना के तहत स्कूलों की सीबीएसई से संबद्धता अनिवार्य नहीं है, राज्य बोर्ड भी इसके तहत कार्यान्वित हो सकता है, बावजूद इसके सरकार की इस तरह की सोच बोर्ड हित में कतई नहीं है। शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के 200 सरकारी स्कूलों को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से हटाकर केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है, जिस पर कर्मचारी यूनियन ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के 200 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, तो इससे सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। वहीं, ग्रामीण छात्रों के लिए भी कठिनाई होगी। उन्होंने कहा कि एचपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक विशेषताओं को समाहित किया जाता है, जबकि सीबीएसई में यह स्थानीय दृष्टिकोण नहीं होता, जिससे विद्यार्थियों की स्थानीय पहचान और समझ कमजोर होगी।

**प्रदेश सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा : सुनील**

### सबसे अधिक ग्रामीण छात्रों पर पड़ेगा प्रभाव

सुनील शर्मा ने कहा कि इस बदलाव का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण छात्रों पर पड़ेगा। राज्य में बड़ी संख्या में छात्र हिंदी माध्यम में पढ़ते हैं। सीबीएसई का पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली मुख्यत: अंग्रेजी आधारित है, जिससे ग्रामीण व वंचित वर्ग के छात्रों को कठिनाई होगी। इसके चलते सीबीएसई का पाठ्यक्रम ग्रामीण, पिछड़े और हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए अचानक लागू करना अनुचित होगा। इस फैसले से वे मानसिक और शैक्षणिक दबाव में आ सकते हैं। इसके अलावा राज्य की स्वायत्ता के सम्मान को भी ठेस पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सीबीएसई की ओर अचानक स्थानांतरण से शिक्षा व्यवस्था अस्थिर हो चुकी है, जिसमें से आंध्र प्रदेश ने लगभग 1000 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में परिवर्तित किया था, उन्हें अब दोबारा से संबंधित राज्य के बोर्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। गौरतलब है कि बीते दिनों इसी मुद्दे को लेकर संघ ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को एक ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि वह उनकी आवाज को प्रदेश सरकार के साथ उठाएं और इन स्कूलों के होने वाले परिवर्तन को रोकें।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 15 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा पुरुषों के लिए सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 200 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष रखी गई है और शैक्षणिक योग्यता 10वीं व 12वीं पास निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार 500 रुपए से 22 हजार रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। अपने मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित कंपनी के समक्ष साक्षात्कार दे सकते हैं। 15 सितंबर को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला में, 17 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय नूरपुर में, 18 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय इंदौरा में, 19 को उपरोजगार कार्यालय देहरा में, 20 को उपरोजगार कार्यालय कांगड़ा में सुबह 10:30 बजे से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 83518-90071 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पीएचडी शोधार्थी सचिन ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे शोध

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के सस्य विज्ञान विभाग के पीएचडी शोधार्थी सचिन अपने शोध कार्य पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में उर्द (काला चना) की उपज एवं मृदा स्वास्थ्य पर जैविक पोषक प्रबंधन की प्रतिक्रिया ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे। सचिन अपने शोध निष्कर्षों को 8वां अंतरराष्ट्रीय फूड लेग्यूम रिसर्च सम्मेलन एवं 5वां ऑस्ट्रेलियन पल्स सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे, जिसका आयोजन 15-19 सितंबर को पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में होगा।

यह प्रतिष्ठित सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय लेग्यूम सोसायटी एवं पल्स ग्रेन्स सोसायटी ऑफ ऑस्ट्रेलिया की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें विश्वभर से वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति-निर्माता एवं उद्योग विशेषज्ञ भाग लेंगे और दालों के माध्यम से उत्पादकता, स्थिरता एवं पोषण सुरक्षा बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने सचिन को बधाई दी और कहा कि ऐसे अवसर न केवल विश्वविद्यालय में हो रहे उच्चस्तरीय शोध को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि भारत के कृषि विज्ञान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शोधार्थियों की भागीदारी अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगी और अनुसंधान एवं विकास के नए अवसर खोलेगी।

सचिन के प्रमुख सलाहकार डॉ. जनार्दन सिंह, अध्यक्ष, जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती विभाग ने भी शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत, समर्पण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।



ऑस्ट्रेलिया में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज की बदहाली को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** बजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी में वीरवार को एबीवीपी इकाई देहरी ने कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि नूरपुर, फतेहपुर, जवाली व इंदौरा का सबसे बड़ा और सबसे पुराना यह महाविद्यालय होने के बावजूद यहां आधारभूत संरचना जर्जर हालत में है। इकाई अध्यक्ष बाला शर्मा ने कहा कि प्रवेश द्वार की खस्ताहालत और शौचालयों की गंदगी देखकर विद्यार्थी निराश होते हैं। उन्होंने कॉलेज की मरम्मत व हॉस्टल निर्माण की मांग उठाई। प्रदेश स्तरीय मुद्दों को रखते हुए शुभम ने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद शिक्षा विरोधी निर्णय लिए हैं। परिषद ने लंबे समय से बंद पड़े छात्र संघ चुनावों को शीघ्र बहाल करने की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा के तहत संगठनात्मक कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा की ओर से वीरवार को धर्मशाला में सेवा पखवाड़ा के तहत संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में जिलेस्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान, मैराथन, वृक्षारोपण और स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। द्वितीय चरण 18 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सभी मंडलों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा।

### अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक कल

**जयसिंहपुर, अनंत ज्ञान।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर (कांगड़ा) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) के कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक का आयोजन आगामी 13 सितंबर को किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य अरुण चंद्र ने सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण बैठक में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

### मोदी का दौरा सफल बनाने में संगठन की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कांगड़ा एयरपोर्ट में आपदा को लेकर बैठक सफल रही, जिसमें संगठन की अहम भूमिका रही। जिला उपाध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि मोदी के दौरे को सफल बनाने में संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, महामंत्री देवेंद्र कोहली, जिला सचिव नदीश ठाकुर, संयोजक संदीप शर्मा और प्रदेश के मीडिया प्रभारी विश्व चक्षु ने मोदी के दौरे को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। रजनीश मोना ने बताया कि आगे भी यह संगठन की टीम अपना अच्छे से दायित्व निभाएंगी।

### रामलीला के लिए कलाकारों को करवाना होगा पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रामलीला एवं दशहरा कमेटी दाड़ी के प्रधान गौरव कुमार ने बताया कि धुम्मूशाह मेला मैदान दाड़ी में इस वर्ष भी रामलीला मंचन व दशहरे का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। नवरात्र की शुरुआत के साथ ही विधिवत मंच व अस्त्र पूजा व हवन यज्ञ के साथ मंचन की शुरुआत होगी। पूरी हिंदू धार्मिक आस्थाओं व परंपराओं को ध्यान में रखते हुए रामलीला का मंचन किया जाएगा। अपनी कला को मंच पर प्रदर्शित करने वाले नन्हे व बड़े कलाकारों को मौका दिया जाएगा। इसके लिए पहले कमेटी सदस्यों के पास पंजीकरण करवाना आवश्यक होगा। रामलीला के मंचन के पूर्व अभ्यास सत्र शुरू हो चुका है, जिसमें क्षेत्र के रुचि रखने वाले कलाकार भाग ले सकते हैं।

### धीरा स्कूल में बच्चों को दी कानूनी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा के जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी, मिशन शक्ति से सोनाली और काउंसलर बलदेव सिंह ने भाग लिया। मनमोहन चौधरी ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी जैसे विषयों पर जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, मोबाइल के दुष्परिणाम, स्वच्छता, पोषण और किशोरियों के स्वास्थ्य पर जागरूक किया। बलदेव सिंह ने बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिससे वे जरूरत पड़ने पर मदद ले सकें। इस कार्यक्रम में कुल 115 छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

### लोअर लंबागांव नन्हे बच्चों की रामलीला शुरू

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव में नन्हे बच्चों की ग्यारह दिन चलने वाली रामलीला शुरुआत हो गई है। इसका शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी के पोते टीकाराज अंबिकेश्वर कटोच ने किया। क्लब ने मुख्यातिथि का शॉल देकर सम्मानित किया। अंबिकेश्वर कटोच ने गणेश भगवान की आरती के साथ रामलीला की शुरुआत की। मुख्यातिथि ने कहा कि नन्हे बच्चों की प्रस्तुति तारीफ के काबिल है।

# टिकट, पोर्टल व मोबाइल ऐप में विज्ञापन प्रदर्शित कर आय बढ़ाएगा एचआरटीसी

## आय बढ़ाने की पहल: 25 हजार रुपए कम में नहीं लिया जाएगा विज्ञापन ऑर्डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम ने अपनी आय बढ़ाने की पहल की है। इसके तहत निगम बस टिकट, ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल व मोबाइल ऐप में विज्ञापन प्रदर्शित करेगा। इसके लिए निगम की ओर से 25 हजार रुपए कम का विज्ञापन ऑर्डर नहीं लिया जाएगा।

विज्ञापनदाता अपनी इच्छा अनुसार डिपो, मंडल व प्रदेश स्तर पर निगम में अपना विज्ञापन दे सकेगा। यह जानकारी डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला पंकज चड्ढा ने वीरवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि निगम की विज्ञापन सुविधा से निगम की आर्थिकी सुधरने के साथ स्थानीय उपक्रमों, संस्थानों व सरकारी विभागों को कम लागत पर एक व्यापक स्तर पर विज्ञापन पहुंचाने का मौका मिलेगा। विज्ञापन सुविधा को आगे जनता तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह होडिंग लगवाकर जानकारी भी साझा की जाएगी।



प्रेसवार्ता करते पंकज चड्ढा।

**डिपो, मंडल व प्रदेश स्तरीय विज्ञापन दे पाएंगे विज्ञापनदाता**

### 8 से 10 रुपए में टिकट के पीछे मिलेगा विज्ञापन

**डीएम** के अनुसार बस टिकट के पिछली तरफ रोल पर विज्ञापन चलाने के लिए निजी विज्ञापन के तौर पर 10 रुपए प्रति रोल व सरकारी विज्ञापन के तौर पर 8 रुपए प्रति रोल लिए जाएंगे।

### ऑनलाइन बस टिकट विज्ञापन को देने होंगे 30 से 50 पैसे

**ऑनलाइन** बस टिकट के नीचे 1.6 इंच स्पेश पर विज्ञापन लगवाने के लिए निजी विज्ञापन के तौर पर 50 पैसे प्रति टिकट व सरकारी विज्ञापन पर 30 पैसे प्रति टिकट के रूप में विज्ञापन शुल्क वसूल किया जाएगा। इसमें भी विज्ञापन लगाने के लिए 25000 रुपए से कम का विज्ञापन ऑर्डर नहीं लिया जाएगा। साथ ही इस विज्ञापन की अवधि 30 दिन रहेगी।

### दस से पंद्रह पैसे में मिलेगा एक इंच स्पेस पर

**बस** टिकट पर 1 इंच स्पेस पर विज्ञापन लगवाने के बदले में निजी विज्ञापन के तौर पर 15 पैसे प्रति टिकट व सरकारी विज्ञापन पर 10 पैसे प्रति टिकट के रूप में विज्ञापन शुल्क लिया जाएगा, जबकि टिकट के नीचे 1 इंच स्पेस में विज्ञापन लगाने के लिए निजी विज्ञापन के तौर पर 10 पैसे प्रति टिकट व सरकारी विज्ञापन पर 8 पैसे प्रति टिकट विज्ञापन शुल्क वसूल किया जाएगा। टिकट पर विज्ञापन लगाने के लिए 25000 रुपए से कम का विज्ञापन ऑर्डर नहीं लिया जाएगा। साथ ही इस विज्ञापन की अवधि 15 दिन प्रति बस डिपो रहेगी।

### पचास पैसे से एक रुपए में प्रति इंप्रेशन

**डीएम** पंकज चड्ढा ने बताया कि निगम के ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल पर 15 सेकेंड की पुश ऐड नोटिफिकेश्न प्रदर्शित करने के लिए निजी विज्ञापन के तौर पर 1 रुपए प्रति इंप्रेशन व सरकारी विज्ञापन के तौर पर 50 पैसे प्रति इंप्रेशन लिए जाएंगे। इसमें भी विज्ञापन लगाने के लिए 25000 रुपए से कम का विज्ञापन ऑर्डर नहीं लिया जाएगा। निगम के ऐप पर स्क्रीन साइज 5 सेकेंड तक विज्ञापन चलाने के लिए निजी विज्ञापन के तौर पर 1 रुपए प्रति इंप्रेशन व सरकारी विज्ञापन के तौर पर 50 पैसे प्रति इंप्रेशन लिए जाएंगे।

## एचआरटीसी हर रोज जारी कर रहा चार लाख थर्मल पेपर टिकट

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एचआरटीसी ने घाटे से उबरने और आय के नए स्रोत विकसित करने के लिए एक नई योजना तैयार की है, जिसे बीओडी (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत अब एचआरटीसी की बसों में जारी होने वाले थर्मल पेपर टिकटों और ऑनलाइन ई-टिकटों पर सरकारी योजनाओं, जनसुविधाओं और निजी उत्पादों के विज्ञापन छापे जाएंगे। मंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक ने प्रेसवार्ता में बताया कि एचआरटीसी प्रतिदिन लगभग 4 लाख थर्मल पेपर टिकट और 1500 ऑनलाइन ई-टिकट जारी करता है। इसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 5-6 लाख यात्री सफर करते हैं, जिससे विज्ञापनों को व्यापक जनसंपर्क माध्यम मिलेगा।

ऑनलाइन टिकटों पर पीडीएफ फॉर्मेट में विज्ञापन जोड़े जाएंगे, जबकि थर्मल टिकटों पर ऊपर या नीचे प्रिंट किया जाएगा। गैर-सरकारी संगठनों के लिए न्यूनतम 25,000 रुपए का ऑर्डर देना अनिवार्य होगा, जिससे एक डिपो इकाई में 15 दिनों तक विज्ञापन चलाया जा सकेगा। वहीं, सरकारी संगठनों को प्रोत्साहित किया गया है कि वे कम से कम 1 लाख रुपये या उससे अधिक के ऑर्डर दें। यदि कोई संस्था पूरे डिपो के सभी टिकटों पर विज्ञापन देना चाहती है, तो इसके लिए अनुमानित खर्च 10-12 लाख रुपए तक हो सकता है। विज्ञापन के लिए इच्छुक संस्थाओं को ईमेल के माध्यम से विवरण भेजना होगा, जिसमें डिपो का नाम, विज्ञापन की अवधि और सामग्री शामिल हो। सभी विज्ञापनों में जीएसटी शामिल होगा और प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रचार की अनुमति नहीं होगी। इस योजना से एचआरटीसी को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा और सेवाओं के सुधार में मदद मिलेगी।

## क्विज स्पर्धा: अमलेला स्कूल की श्रेया प्रथम



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** वन्य प्राणी विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय बल्चर जागरुकता दिवस का आयोजन नगरोटा सूरियां स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर में किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमलेला की कक्षा जमा दो की श्रेया एवं हर्ष धीमान, दसवीं की छात्रा प्रियाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करके क्विज प्रतियोगिता को अपने नाम की। तनिषा धीमान ने पेंटिंग प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या कमलेश धीमान ने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए स्टूडेंट्स को बधाई दी।

## मणिमहेश यात्रा के दौरान निगम ने 196 विशेष बसों से भेजे 8518 यात्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पवित्र श्री मणिमहेश यात्रा 2025 के दौरान भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण चम्बा-भरमौर मार्ग कई दिनों तक अवरुद्ध रहा। इस कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीच मार्ग में तथा चंबा शहर सहित विभिन्न स्थानों पर फंसे गए। स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हिमाचल पथ परिवहन निगम की ओर से त्वरित कदम उठाए गए और विशेष बस सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। हिमाचल पथ परिवहन निगम के डिविजनल मैनेजर पंकज चड्ढा ने कहा कि इन बसों के संचालन से श्रद्धालुओं को समय पर अपने गंतव्यों तक पहुंचने में सहायता मिली। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त से 6 सितंबर तक निगम की ओर से कुल 196 विशेष बसें चलाई गईं, जिनमें लगभग 8518 यात्री यात्रा कर अपने गंतव्यों तक पहुंचे। इसमें से सर्वाधिक 171 बसें चंबा से पठानकोट तक चलाई गईं, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने सफर किया। इसके अतिरिक्त 23 बसें कांगड़ा, 1 बस लदरोर और 1 बस लंगेरा के लिए भेजी गई। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ निगम बस अड्डों पर पहुंच रही थी। इस स्थिति को नियंत्रित करने और भीड़ प्रबंधन के लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने चैबीसों घंटे ड्यूटी निभाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने, बसों की व्यवस्था करने और सुरक्षित ढंग से रवाना करने में विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि निगम का दायित्व है कि कठिन परिस्थितियों में भी श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए और इस आपालकाल की परिस्थिति में निगम ने बखूबी अपना दायित्व निभाया।

## हैप्पी बर्थडे



मनेई की अन्वेषा शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धोल्टा के वंशु को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## टिप्पर और स्कूटी की टक्कर, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, गगल।** सनौरा व तियारा के संपर्क मार्ग पर वीरवार को एक ट्रक और स्कूटी की भिड़ंत हो गई, जिससे स्कूटी चालक अनिकेत टिप्पर के पिछले टायर में जा घुसा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियारा में ले जाया गया और जहां से टांडा रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गगल थाना के प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि सुबह एक टिप्पर जो गगल से तियारा की ओर जा रहा था और एक स्कूटी सवार जो तियारा से गगल की ओर आ रहा था कि दोनों की टक्कर हो गई। इस हादसे में 20 वर्षीय अनिकेत पुत्र मलकीत सिंह निवासी तियारा की मौत हो गई।



प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी ने बताया कि अनिकेत दो बहनों का इकलौता भाई था। बड़ी बहन की शादी फरवरी को निश्चित हुई है। अनिकेत जमानाबाद में बेकरी का काम सीख रहा था।

## कुराली में एचआरटीसी बस हुई हादसे का शिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ज्वालाजी से वृंदावन के लिए निकली हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस पंजाब के कुराली के समीप भीषण हादसे का शिकार हो गई। हादसे में बस को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते चालक ने बस को कुराली के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। गनीमत यह रही कि हादसे के समय सभी यात्री बस से नीचे उतर चुके थे। यदि यात्री बस के अंदर मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया और यातायात बाधित हो गया। उधर, आरएम एचआरटीसी डिपो देहरा आयुष ने बताया कि हादसे में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी सवारियां सुरक्षित हैं, जबकि बस को भारी क्षति हुई है। उधर, डीएम एचआरटीसी हमीरपुर राजकुमार पाठक ने पुष्टि करते हुए बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ कुराली थाना में मामला दर्ज कराया जाएगा।

**ज्वालाजी से वृंदावन जा रही थी सभी यात्री सुरक्षित**

## मौसम ने ली करवट, धर्मशाला में शाम को झमाझम बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**धर्मशाला** क्षेत्र में वीरवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट बदली और दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश ने शहर के हालात बिगाड़ दिए। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन लगभग 3 बजे के बाद मूसलधार बारिश का दौर शुरू हुआ, जो शाम तक लगातार जारी रहा।

इसी बीच धुंध ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया। लगातार हो रही बारिश से शहर की मुख्य और लिंक सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर नालियों का पानी उफान मारते हुए सड़कों पर निकल आया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और नदी-नालों से दूरी बनाए रखें।

**शाम को धुंध के आगोश में समाया धर्मशाला शहर**

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया बैजनाथ अस्पताल का निरीक्षण

### मरीजों का कुशलक्षेम जाना, हरसंभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने वीरवार को बैजनाथ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिक अस्पताल बैजनाथ का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों का कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान उन्होंने मरीजों का कुशलक्षेम जाना एवं अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को हरसंभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिक चढ़ियार अस्पताल में स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाएगा और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस दौरान उन्होंने ऐतिहासिक बैजनाथ शिव मंदिर में भी शीश नवाया।

## श्री ज्वाला माता मंदिर में दिव्य ज्योतियों के किए दर्शन



शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर न्यास ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल को माता की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने वीरवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में शीश नवाकर माता की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि तथा कल्याण की कामना की। उन्होंने माता ज्वाला से प्रार्थना की कि प्रदेश में आ रही आपदाओं पर विराम लगे और प्रदेशवासी बिना किसी भय से अपना जीवन यापन करें। मंदिर न्यास की ओर से उन्हें माता की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हेल्थ डाइट किट की वितरित

**स्वास्थ्य** मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से टीबी निक्षय मित्रों को हेल्थ डाइट किट भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन जैसे जनहितकारी अभियानों को सफल बनाने में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने निक्षय मित्र समाज में टीबी रोगियों को पोषण एवं सहयोग प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, उनकी यह भागीदारी सरकार के प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करेगी।

## मिड-डे मील के लिए स्कूल परिसर में उगा दी सब्जियां



बलाहरा स्कूल परिसर में मिड-डे मील प्रभारी राकेश राणा ने उगाई सब्जियां।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के तहत बलाहरा स्कूल में बच्चों को मिलने वाला मिड-डे मील कितना संतुलित होता होगा, यह सोचकर मिड-डे मील प्रभारी राकेश राणा ने स्कूल के किचन गार्डन में ही हरी सब्जियां लगाना शुरू कर दीं। राणा की मेहनत से जहां बच्चों को शुद्ध सब्जियां मिल रही हैं, वहीं साथी अध्यापकों और गांव में भी बांट देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राकेश राणा ने इस स्कूल की दशा और दिशा बदलने में अहम योगदान दिया है। राकेश ने कहा कि वह इस पेशे को समाजसेवा का माध्यम मानते हैं और उनके प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

**गुड न्यूज** सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ, चमियाणा सुपरस्पेशलिटी के बाद दूसरा संस्थान बनेगा टांडा

## टांडा में रोबोटिक सर्जरी का शुभारंभ आज

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही कांगड़ा जिले को स्वास्थ्य सुविधाओं में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। टांडा मेडिकल कॉलेज में इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जल्द ही मरीजों को आधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध होगी।

चमियाणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के बाद यह प्रदेश का दूसरा स्वास्थ्य संस्थान होगा, जहां रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीक से उपचार की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री सुक्खू आज दोपहर दिल्ली से कांगड़ा पहुंचेंगे और इस सेवा का शुभारंभ करेंगे। रोबोटिक सर्जरी से ऑपरेशन अधिक सटीकता के साथ किए जाते हैं, जिससे डॉक्टरों को बेहतर नियंत्रण मिलता है और मरीज को कम दर्द होता है। ऑपरेशन के लिए छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे रक्तस्राव और संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है। इसके अलावा, ऑपरेशन के बाद मरीज जल्दी ठीक होकर सामान्य जीवन में लौट सकता है। जटिल सर्जरी भी अधिक आसानी और सुरक्षा के साथ की जा सकती है, जिससे उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है। यह पहल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और मरीजों के लिए बेहतर उपचार के नए अवसर उपलब्ध कराएगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम**



मुख्यमंत्री सुक्खू आज दोपहर दिल्ली से पहुंचेंगे कांगड़ा और इस सेवा का शुभारंभ करेंगे।

## भोआ में अवैध शराब की खेप पकड़ी, एक गिरफ्तार



कार से 82 पेटियां अवैध शराब व 50 लीटर लाहन से भरा प्लास्टिक कैन बरामद किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट के हलका भोआ के बनिलोधी क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस और एक्साइज विभाग की टीम ने अवैध शराब की तस्करी कर रही एक गाड़ी का पीछा कर उसे दबोच लिया।

कार से 82 पेटियां अवैध शराब और 50 लीटर लाहन से भरा प्लास्टिक कैन बरामद किया गया। कार चालक तुषार कुमार, निवासी गुरदासपुर को हिरासत में लिया गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। एक्साइज विभाग की ईटीओ नरेंद्र कौर वालिया ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बाहरी राज्य से भारी मात्रा में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। पुलिस टीम के साथ बनिलोधी क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान तुषार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर गाड़ी को पकड़ लिया। शराब पर लगे क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चला कि यह शराब हरियाणा के भूंगा पुनीत ग्रुप की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कल होंगे सब-जूनियर बास्केटबाल के ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी जिले में आगामी 20 से 22 सितंबर तक आयोजित होने जा रही सब जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटबाल खेल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबाल टीम के ट्रायल 13 सितंबर को सुबह 10 बजे बास्केटबाल खेल स्टेडियम ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के वरिष्ठ उपप्रधान करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि 1 जनवरी, 2012 के बाद जन्मे खिलाड़ी छात्र व छात्राएं इसमें भाग ले सकेंगे। ट्रायल में सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र अपना व माता-पिता का आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। चयन समिति में अश्वनी कुमार, संजय शर्मा, प्रेम कुमार, सचिन कौंडल और राहुल होंगे।

### चुवाड़ी स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेविका सोनिका धर्मानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय के प्रांगण में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं मुख्याध्यापिका भावना तथा शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। सोनिका धर्मानी द्वारा पौधों के प्रकार एवं उनके महत्व के बारे में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपने विचारों द्वारा अवगत कराया गया। इसके अलावा अभिभावकों और स्थानीय लोगों को फलदार पौधे भी वितरित किए गए।

### ऑपरेटर के 80 पदों के लिए साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ब्लू स्टार, नाहन रोड, रामपुर कालाअंब जिला सिरमौर में ऑपरेटर के 80 पद भरने जा रहे हैं। इन पदों के लिए 17 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे से जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि 17 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे से ब्लू स्टार, नाहन रोड, रामपुर कालाअंब जिला सिरमौर ऑपरेटर के 80 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन कर रहा है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड में आईटीआई, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वेल्डर में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सफल उम्मीदवार को मासिक 20,800 रुपए वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 से 25 वर्ष तक आयु वर्ग के उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### सेवानिवृत बिजली कर्मियों ने सरकार से मांगे अपने हक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवानिवृत सर्वकर्मचारी संघ जिला बिलासपुर की मासिक बैठक जिला प्रधान तिलक राज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री होशियार सिंह चंदेल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में मांग की गई कि 2016 से रिवाईज वेतनमान का बकाया जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं दिया गया है, उसे तुरंत जारी किया जाए व जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता पैंडिंग है, जारी किया जाए। जो डीए सरकार ने दिया है, का एरियर भी पैंडिंग है, को भी देने की कृपा करें। वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर और नहीं किया जाता है तो वे मजबूरन सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी एरियर और महंगाई भत्ते का इंतजार करते करते स्वर्गवासी भी हो गए। उन्होंने कहा कि दो साल पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को न तो ग्रैच्युटी मिली है और न ही छुट्टियों का बकाया मिला है। इस पर गहनता से विचार किया जाना चाहिए। बैठक में उपप्रधान रोशन लाल, वरिष्ठ उपप्रधान मस्तर राम, रमेश चंद आदि ने भी अपने विचार रखे।

### कजैल के हवलदार देवराज के निधन से शोक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधान सभा क्षेत्र के गांव कजैल के हवलदार देव राज का लगभग 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनके निधन पर पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने गहरा शोक व्यक्त किया। पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने पुष्प और पुष्प चक्र भेंट कर भावविहीन श्रद्धांजलि अर्पित की और सूबेदार मेजर बीर सिंह के बिगुल की धुन पर दो मिनट का मौन रखा। चेयरमैन कैप्टन संजय कुमार ने बताया कि हवलदार देव राज का जन्म 26 जून 1949 में हुआ। 1967 में भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट में भर्ती हुए और 217 मिडियम रेजिमेंट में 24 वर्ष सेवा करने के बाद 1991 में सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने 1971 भारत-पाक युद्ध में भाग लिया। सेवा के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हवलदार देव राज को कई मेडलों से सम्मानित किया गया। इनके बड़े सूबेदार मेजर जय सिंह ने भी भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट में सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर कैप्टन हेम सिंह, सूबेदार मेजर राम लाल, रमेश कुमार, डोगर सिंह, बीर सिंह, नायब सूबेदार नंद लाल कपिल, शिव सिंह, मोहिंद्र सिंह, शक्ति सिंह सहित सैकड़ों पूर्व सैनिकों और गांव वासि उपस्थित रहे।

## मिसेज इंडिया बनी संगीता सोनी का संस्था ने किया सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हाल ही में मिसेज इंडिया का ताज जीतकर प्रदेश और बिलासपुर का नाम रोशन करने वाली संगीता सोनी के सम्मान में वीरवार को पूर्णा मॉल बिलासपुर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन अर्द्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की ओर से किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी किन्नर बिजली महंत ने की।

समारोह में किन्नर बिजली महंत ने संगीता सोनी को हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगीता सोनी ने यह साबित कर दिया है कि अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो मुश्किलें कभी रास्ता नहीं रोक सकतीं। वह आज उन सभी कामकाजी महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं, जो घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को पूरा करने से हिचकिचाती हैं। मिसेज इंडिया संगीता सोनी ने कहा कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। जरूरत है तो परिवार और समाज के सहयोग की, ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सके। लेकिन साथ ही नारी को यह भी याद रखना होगा कि सामाजिक मर्यादा का दामन कभी न छोड़े। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पति तनुज सोनी और जुड़वां बेटियों को देते हुए कहा कि परिवार के सहयोग और उत्साहवर्धन से ही यह मुकाम हासिल हो पाया है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी प्रेस सचिव तनुज सोनी, कोषाध्यक्ष राकेश चौधरी, सचिव पवन कुमार, उपप्रधान नरेश ठाकुर, मुख्य सलाहकार रत्नी देवी, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता प्रवेश चंदेल, संगठन सचिव सुमन ठाकुर व रणजीत ठाकुर समेत लाला, बिल्ला, भागमती, मधु, राकेश रोहिला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



सम्मान समारोह में संगीता सोनी एवं अर्धनारीश्वर संस्था के पदाधिकारी।

### बध्यात टनल विवाद गहराया, मुआवजा और पुनर्वास की मांग पर अड़े ग्रामीण

# समाधान नहीं तो आंदोलन होगा तेज

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत बध्यात में बन रही टनल नंबर–17 प्रभावित परिवारों की पीड़ा का केंद्र बन गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टनल निर्माण कार्य से उनके घरों में दरारें पड़ गई हैं और चार मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रशासन से बार–बार गुहार लगाने के बावजूद अब तक समाधान न मिलने पर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

टनल के बाहर उपमंडल सदर के नोग गांव के प्रभावित परिवार पिछले 103 दिनों से धरने पर बैठे हैं। इतना ही नहीं, 91 दिन से क्रमिक भूख हड़ताल भी जारी है। वीरवार को धरनास्थल पर अभिषेक, केसरी देवी, कौशल्या देवी, विजय कुमार और रेखा देवी अनशन पर बैठे।

**ग्रामीणों की मांगें :** धरनारत लोगों का कहना है कि टनल निर्माण से उनके जीवन और घर दोनों खतरे में हैं। उनके घरों का मूल्यांकन कर अधिग्रहण किया जाए। प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। असुरक्षित घरों में रहने वालों को वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराई जाए।




टनल निर्माण से दरकते घर, प्रभावित परिवारों की सुध नहीं ले रहा प्रशासन।

**103 दिन से धरने पर बैठे ग्रामीण, 91 दिन से जारी है क्रमिक भूख हड़ताल**

**प्रशासन और रेलवे कंपनी की कार्रवाई :** प्रशासन का दावा है कि प्रभावित घरों की स्थिति का आकलन करने के लिए कई बार राजस्व विभाग और तकनीकी विशेषज्ञों की टीमों को मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है और इसे उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा। हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

रेलवे निर्माण कंपनी का कहना है कि टनल के निर्माण कार्य में पूरी तकनीकी सावधानी बरती जा रही है। कंपनी के इंजीनियरों का तर्क है कि दरारें पुराने निर्माण और भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से आई हैं, न कि सीधे तौर पर टनल निर्माण से। फिर भी, कंपनी ने प्रशासन को सहयोग करने और प्रभावित परिवारों की समस्या के समाधान के लिए तकनीकी रिपोर्ट सौंपने का आश्वासन दिया है।

**ग्रामीणों का आक्रोश बरकरार :** ग्रामीणों का कहना है कि चाहे प्रशासन जांच समितियां बनाए या कंपनी तकनीकी कारण गिनाए, लेकिन वास्तविकता यह है कि उनके घरों में रहना असुरक्षित हो चुका है। यदि समय रहते मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई तो धरना और भूख–हड़ताल और तेज हो सकती है।

## जलापूर्ति योजनाओं की बहाली में जल शक्ति कर्मियों का कार्य सराहनीय : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

**तकनीकी शिक्षा मंत्री ने की समीक्षा अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि भारी बरसात के कारण प्रभावित हुई विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं की बहाली में जल शक्ति विभाग के कर्मियों ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपरीत एवं कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिस तेजी के साथ विभागीय अधिकारियों व कर्मियों ने पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं को पुनः शुरू करने के लिए कार्य किया है, निश्चित तौर पर यह प्रशंसनीय है। राजेश धर्माणी आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जलशक्ति विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि भारी बरसात के कारण घुमारवीं जलशक्ति मंडल को विभिन्न पेयजल, सिंचाई एवं सीवरेज परियोजनाओं के प्रभावित होने के कारण लगभग 12 करोड़ रुपए की हानि हुई है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं क्षेत्र में भारी बारिश के कारण प्रभावित हुई सभी 59 पेयजल आपूर्ति योजनाओं को आंशिक या फिर पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 18 सिंचाई परियोजनाओं के साथ–साथ एक सीवरेज परियोजना की बहाली का कार्य भी प्रगति पर है तथा इन्हें भी जल्द सुचारु तौर पर बहाल कर दिया जाएगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी पंचायतों में पेयजल आपूर्ति को आंशिक या फिर पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को सभी पेयजल आपूर्ति योजनाओं को पुनः सुचारु तौर पर बहाल करने तथा ग्रामीण स्तर पर प्रभावित हुई पेयजल आपूर्ति लाइनों को जल्द दुरुस्त कर सुचारु बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश वैद्य, एसडीओ मस्त राम चौहान सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आपदा से निपटने को प्रदेश सरकार पूरी तरह से सजग

राजेश धर्माणी ने कहा कि भारी बरसात के कारण प्रदेश में आई इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी तरह से सजग है। सड़क, पानी, बिजली जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार बहाल किया जा रहा है ताकि आम जन मानस को हो रही असुविधा से पुनः बाहर निकाला जा सके। इसके अतिरिक्त भारी बरसात के कारण हुए जानमाल के नुकसान का भी प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारी फील्ड में उतरकर निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रभावितों को समयबद्ध राहत पहुंचाई जा सके।

## बिलासपुर जिले के 13 मुख्य शिक्षकों को पदोन्नति का मिला लाभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं/स्वारघाट**

प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए उपनिदेशक प्रारंभिक जिला बिलासपुर का धन्यवाद किया। मीडिया को जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी खूब सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला बिलासपुर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश शर्मा की अध्यक्षता में एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने उपनिदेशक प्रारंभिक जिला बिलासपुर नरेश चंदेल, अधीक्षक ग्रेड 2 प्रदीप चौहान, महेंद्र कुमार, अंजली महाजन, क्लर्क सोहन लाल एवं समस्त उपनिदेशक कार्यालय कर्मचारियों का धन्यवाद किया कि उन्होंने अपनी पदोन्नत्ति के इंतजार में बैठे शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ दिया।

कल जिला बिलासपुर में केंद्र मुख्य शिक्षकों की पदोन्नति की सूची जारी की गई, जिसमें 13 मुख्य शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिला और उन्हें खाली पड़े स्कूलों में नियुक्त किया गया। जिला प्राथमिक शिक्षा संघ ने अपने बयान में इन सभी शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और भविष्य में अपनी नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने तथा शिक्षा विभाग एवं बच्चों की बेहतरीन के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ भविष्य में भी अध्यापकों को बिना विलंब पदोन्नति लाभ देने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखेगा। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के साथ सभी शिक्षा खंडों के अध्यक्ष सदर से राजू राम, झंडूता से जोगिंदर लाल, घुमारवीं प्रथम से होशियार सिंह ठाकुर, घुमारवीं द्वितीय से नरेश राणा, स्वारघाट से अनिल शर्मा और नयना देवी से राजेंद्र राणा उपस्थित थे।

## भाषा विभाग की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लहराया परचम



प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चे, निर्णायक मंडल तथा जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर की ओर से राजभाषा पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के लिए भाषण, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। लगभग 80 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया।

निर्णायक मंडल में जीत राम सुमन, अमरनाथ धीमान, अरुण डोगरा, शीला सिंह और डॉ. हेमा देवी ठाकुर शामिल रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल को भी सम्मानित किया गया। भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने कहा कि विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति बढ़ती रुचि उत्साहजनक है। ऐसे आयोजन न केवल भाषा को बढ़ावा देते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और मंच पर बोलने की कला को भी निखारते हैं।

**इस प्रकार रहे परिणाम :** भाषण प्रतियोगिता में निहारिका (रावमापा. बंदला) प्रथम, मोहम्मद आकिब (रावमापा छात्र बिलासपुर) द्वितीय, अंशिका (सरस्वती विद्या मंदिर कन्या बिलासपुर) तृतीय रहीं।

निबंध प्रतियोगिता में शिवांशी शर्मा (राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं) प्रथम, कनन (टैगोर पब्लिक स्कूल देलग) द्वितीय, पूजिता शर्मा (ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर) तृतीय रही।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्णिमा शर्मा (रावमापा छात्रा बिलासपुर) प्रथम, प्रांशी (ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर) द्वितीय, जबकि जगनप्रीत कौर (रावमापा कोठीपुरा) और कायनात (रावमापा गेहड़वीं) संयुक्त रूप से तृतीय रहीं।

## घमंड छोड़ सेवा भाव से कार्य करें सरकारी कर्मचारी : बालक राम

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा एक्स–सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष, वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने प्रदेश व देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, नशा तस्करी और ठेकेदारी प्रथा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन तीनों बुराइयों ने समाज की जड़ों को कमजोर कर दिया है और जब तक इनका उन्मूलन नहीं होगा, तब तक समाज सुधार की कल्पना भी बेमानी है। कैप्टन शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई कर्मचारी अपने गांव, समाज और अतीत को भूल जाते हैं। कु छ का व्यवहार इतना अहंकारी होता है कि वे खुद को किसी ऊंचे दर्जे का समझने लगते हैं। उन्होंने कहा कि पद और प्रतिष्ठा का घमंड छोड़कर, सभी कर्मचारियों को अनुशासित, विनम्र और सेवा भाव से कार्य करना चाहिए।

## भारतीय युकां अध्यक्ष के बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की टिप्पणी पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। जिला भाजपा प्रवक्ता एवं नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि कांग्रेस नेता संकट के समय भी राजनीति से बाज नहीं आ रहे।

उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल में बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता की घोषणा की, साथ ही मृतकों के परिजनों को दो लाख और घायलों को पचास हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। पीएम किसान निधि और पीएम आवास योजना के तहत अतिरिक्त सहायता भी दी जा रही है। कमल गौतम ने कहा कि संकट की घड़ी में केंद्र सरकार प्रदेश के साथ खड़ी है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष का बयान कांग्रेस की आंतरिक खींचतान को उजागर करता है।

## 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा युवा मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल की अध्यक्षता में घुमारवीं में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग व मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बताया कि भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं युवा मोर्चा और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। गर्ग ने युवाओं से इस अभियान से बढ़–चढ़कर जुड़ने और समाज कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियाँ तय की गईं। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिला स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसके साथ ही बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान और मंडल स्तर पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे।

25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर बूथ पर पौधरोपण किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान 'नमो मैराथन' का आयोजन भी होगा। वहीं, 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकुश चंदेल, संदीप गडकरी, सुभाष ठाकुर, मनोज, लक्की, जयपाल, परमजीत, करण, रोहित, अक्षय, सुभाष, गायत्री, राजू व नीशू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पौधों की देखरेख को छात्राओं की टीमें तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

रोटरी क्लब बिलासपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला बिलासपुर में अध्यापक दिवस मनाया व स्कूल में वन महोत्सव का आयोजन भी किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को रोटरी क्लब ने राष्ट्र निर्माणकर्ता अवार्ड, हिमाचली टोपी व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

वहीं, स्कूल परिसर में 10 सजावटी पेड़ों के पौधों में 2 अशोक वृक्ष, 2 बॉटल पाम, 2 पैंसिल पाईन, 2 लाल गुलमोहर व 2 अपेरिया गोल्ड के पौधे लगाए। इन पौधों की देखभाल के लिए स्कूल प्रधानाचार्या प्रिया पोसवाल ने 5–5 छात्राओं की टीमें भी मौके पर ही गठित कर दीं ताकि इन पौधों की सही से देखभाल हो सके। वहीं, रोटरी क्लब बिलासपुर ने पढ़ाई हेतु कक्षाओं के लिए 4 ग्रीन बोर्ड भी स्कूल को प्रदान किए व विद्यार्थियों में फल भी बांटे। स्कूल प्रधानाचार्या प्रिया पोसवाल व समस्त स्टाफ ने रोटरी क्लब सदस्यों को पुष्पगुच्छ व मफलर प्रदान कर उनका स्वागत किया।



रोटरी क्लब बिलासपुर ने कन्या पाठशाला में वन महोत्सव के आयोजन के दौरान पौधे लगाए।

**रोटरी क्लब बिलासपुर ने कन्या पाठशाला में मनाया वन महोत्सव**

मंच संचालन स्कूल उप प्रधानाचार्य राकेश भारद्वाज ने किया। छात्राओं ने स्वागत गीत की बेहद सुंदर प्रस्तुति दी। रोटरी क्लब बिलासपुर के प्रधान संजीव वात्स्यायन की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव नरेंद्र खन्ना, कोषाध्यक्ष चेतन ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा उपनिदेशक दीप चंद, पूर्वप्रधान सुनित गुप्ता, पूर्व प्रधान इंजीनियर एनआर शर्मा, पूर्व प्रधान टीसी सैणी, पूर्व प्रधान इंजीनियर विनोद कौशल, अश्विनी चोपड़ा, इंद्र राज, आसिद अली सहित स्कूल के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

**मंथन** मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी शुरू

# युवा मोर्चा सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजयुमो की सदर मंडल इकाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर वीरवार को भाजयुमो सदर मंडल अध्यक्ष अक्षय ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजयुमो की जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर में सदर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 100 युवा रक्तदान करेंगे। इसके अलावा 21 सितंबर को मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 101 बूथों पर प्रभारी भी नियुक्त किए गए।



भाजयुमो की सदर मंडल इकाई ने बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।

बैठक को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश न केवल चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि भारत ने पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान भी बनाई है।

'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ केंद्र सरकार ने सभी वर्गों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। देश के करोड़ों लोग इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री हिमाचल से विशेष लगाव रखते हैं। इस बार बरसात के मौसम में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए वह न केवल खुद हिमाचल आए, बल्कि कई आपदा पीड़ितों से मुलाकात करके उनका दुख–दर्द भी जाना।

इसके बाद 1500 करोड़ रुपए का विशेष सहायता पैकेज देकर उन्होंने इस बात को एक बार फिर से प्रमाणित किया कि हिमाचल को वह अपना दूसरा घर मानते हैं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें रक्तदान शिविर भी शामिल है। रक्तदान सही मायनों में मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से दान किया गया रक्त आपात स्थिति में जरूरतमंदों को नई जिंदगी प्रदान करता है।

युवा मोर्चा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम भी है। संगठन द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन का फैसला सराहनीय है। युवा पीढ़ी को ऐसे नेक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़–चढ़कर सुनिश्चित करनी चाहिए। समाज सेवा के अन्य कार्यों में भी उन्हें अपनी सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए। बैठक में भाजपा के जिला प्रवक्ता विकास भारद्वाज व युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर समेत कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## झंडूता उपमंडल को एक स्वच्छ, सुरक्षित और नशा मुक्त क्षेत्र बनाने पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने यहां सभी विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें मैनुअल स्कैवेंजिंग (मैनुअल सफाई) को समाप्त करने, स्ष्ट–स्ञ्ज एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन और नशा मुक्त भारत अभियान को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

अर्शिया शर्मा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य इन मुद्दों पर विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और आगे की रणनीति तय करना था। उन्होंने कहा कि हमने सभी विभागों से इन विषयों पर विस्तृत वार्तालाप किया। चर्चा का फोकस इस बात पर रहा कि इन क्षेत्रों में क्या–क्या कदम उठाए जा सकते हैं, वर्तमान में क्या प्रयास हो रहे हैं और कैसे केसों की संख्या को न्यूनतम किया जा सकता है, साथ ही आम जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। मैनुअल स्कैवेंजिंग के मुद्दे पर अधिकारियों ने वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए तत्काल कदमों पर बल दिया। SC-ST एक्ट के तहत संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने पर चर्चा हुई। वहीं, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को लक्षित कार्यक्रम चलाने के सुझाव दिए गए।

बैठक में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और इन मुद्दों पर ठोस कार्य योजना तैयार करने का आश्वासन दिया। उपमंडलीय अधिकारी ने कहा कि इन प्रयासों से झंडूता उपमंडल को एक स्वच्छ, सुरक्षित और नशामुक्त क्षेत्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। आगे आने वाले दिनों में इन योजनाओं को अमल में लाने के लिए नियमित फॉलो–अप बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंपस इंटरव्यू में 15 अभ्यर्थी हुए चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा के तत्वावधान में एसओईई सुंडला परिसर में गुरुवार को एसआईएस लिमिटेड कंपनी द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस इंटरव्यू में कुल 21 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 15 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविन्द सिंह चौहान ने कहा कि रोजगार कार्यालय समय-समय पर युवाओं के लिए ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

### करसोग में महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, करसोग।** थाना करसोग के तहत एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह जंगल से भेड़ चराकर लौट रही थी तो रास्ते में कुछ महिलाओं ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उन महिलाओं ने उसके साथ मारपीट की, बाल खींचे और कपड़े फाड़ दिए। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करसोग में संतुलन बिगड़ने से पलटा टिपर

**अनंत ज्ञान, करसोग।** केलोधार से पीछे करसोग की ओर आते समय एक टिपर (नंबर एचपी30ए-2843) का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से नीचे पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।सड़क के नीचे लगे चीड़ के पेड़ ने वाहन को रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### पटियाला के दो युवकों से 517 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नाकाबंदी के दौरान पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने दो युवकों से 517 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हंसराज की अगवाई में कांस्टेबल सतीश और कुलदीप पुंघ में नाकाबंदी पर मौजूद थे। इस दौरान मंडी की ओर से आ रही कार नंबर पीबी-01एफ-2975 को जांच के लिए रोका गया। कार की तलाशी के दौरान 517 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान करण कुमार (23) पुत्र अरविंद कुमार निवासी पटियाला पंजाब और हरजोत सिंह (20) पुत्र हरप्रीत सिंह निवासी अब्लोवल बाबू सिंह कॉलोनी सिद्धुवाल पटियाला पंजाब के तौर पर हुई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगामी जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने 2 आरोपियों से बरामद की चरस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना धनोटू की टीम ने उत्तराखंड के रहने वाले दो आरोपियों से 96 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटू की टीम गश्त के दौरान कार नंबर यूके- 08एजी-2627 के डैश बोर्ड के अंदर से 96 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान गौरव ऐठानी (26) पुत्र प्रताप सिंह ऐठानी निवासी ए-81 सुभाषनगर पनियाला रोड़ तहसील रुड़की जिला हरिद्वार उत्तराखंड और आकाश नोटियाल तहसील भटवाड़ी जिला उतरकाशी के तौर पर हुई है।

### मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ने की हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आंखे खोलो सरकार सांकेतिक हड़ताल के चलते सड़क परिवहन मंत्रालय की तरफ से कोई भी अधिकारी हड़ताल स्थल पर जानबूझ कर नहीं पहुंचा। मजबूरन, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट, उपायुक्त मंडी और नितिन गडकरी से अनुरोध किया है, कि वो सांकेतिक हड़ताल को बढ़ाने की अनुमति दें। सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि बार बार मांगने पर भी गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ जो कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट किया है की पेमेंट टर्म्स की कॉपी तथा एलएन मालविया और सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ क्या कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट किया हैं, की कॉपी सड़क परिवहन मंत्रालय नहीं दे रहा हैं।

# हर्ष महाजन, जयराम और बिंदल ने किया आपदा प्रभावित गांवों का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बुधवार को चंबा विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुगला, राख, करिया, जांघि, चमेरा और कलसुई गांवों में जाकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

गांवों के दौरे के दौरान पीड़ित परिवारों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से साझा किया। ग्रामीणों ने बताया कि आपदा के कारण कई मकान पूरी तरह ढह गए हैं, खेत खलिहान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई परिवारों की आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है। प्रभावित लोगों ने कहा कि उन्हें राहत और पुनर्वास की दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

हर्ष महाजन ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार से मिलकर राहत कार्यों को और तेज़ किया जाएगा और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। महाजन ने यह भी कहा कि प्रशासन को तुरंत अस्थायी आश्रय, भोजन, चिकित्सा सुविधाएं और आवश्यक सामान उपलब्ध कराना चाहिए ताकि प्रभावित परिवार कठिनाइयों से उबर सकें।



आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए हर्ष महाजन जयराम व अन्य।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भाजपा संगठन और कार्यकर्ता हर गाँव में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि राहत वितरण और पुनर्वास की प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज़ बनाया जाए।

प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी कहा कि प्रभावित गांवों में पार्टी कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को गहरा आघात पहुंचाया है और ऐसे समय में सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा।

## जिले में अवैध कब्जे हटाने के आदेश


**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने भूमि कब्जों को लेकर बड़ा निर्णय सुनाते हुए धारा 163-को खारिज कर दिया है तथा प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को तत्काल अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद चंबा प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला राजस्व अधिकारी, चंबा द्वारा जारी आदेश में सहायक आयुक्त (राजस्व) व तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया है कि शहर व आसपास के क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर हुए अवैध निर्माणों की मौके पर जाकर जांच की जाए।

चंबा जनहित संगठन ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि भरमौर चौक पर लोक निर्माण विभाग की भूमि तथा जुलाकड़ी मठ के साथ लगती सरकारी भूमि पर कुछ स्थानीय लोगों ने अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया है।

जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यदि मौके पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए और की गई समस्त कार्रवाई की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। जनहित संगठन के जिला संयोजक शादी लाल को भी इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।

# मणिमहेश यात्रा के बाद श्रद्धालु सुरक्षित ले जा रहे अपने वाहन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मणिमहेश यात्रा मार्ग आपदा के कारण लंबे समय तक बंद रहने के बाद अब खुल गया है। रास्ता खुले हुए दो से तीन दिन हो चुके हैं और इसी के साथ वे श्रद्धालु, जिन्होंने आपदा के समय अपनी कारें और मोटरसाइकिलें मजबूरीवश वहीं छोड़ दी थीं, अब धीरे-धीरे अपने वाहन वापस ले जा रहे हैं।

आपदा के दौरान अचानक रास्ते बंद होने से सैकड़ों श्रद्धालुओं को अपने वाहन बीच रास्ते छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा था। उस समय प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि उनके वाहन सुरक्षित रखे जाएंगे और जैसे ही मार्ग बहाल होगा, उन्हें वापस लेने की सुविधा दी जाएगी।

अब मार्ग खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है। कई लोग अपने परिवार के साथ पहुंचकर कारें और मोटरसाइकिलें वापस ले गए हैं। प्रशासन की ओर से भी यात्रियों की मदद के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि वाहन सही-सलामत उनके मालिकों तक पहुंच सकें।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आपदा के बाद से ही यह सवाल सबसे बड़ा था कि वाहन सुरक्षित रहेंगे या नहीं, लेकिन अब उन्हें यह देखकर संतोष हो रहा है कि प्रशासन ने वचन निभाया और वाहन पूरी तरह सुरक्षित अवस्था में लौटाए जा रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में दिया गया भरोसा अब विश्वास में बदल गया है।

## 19 नए डॉक्टरों की होगी तैनाती, जल्द देंगे सेवाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। जिला चंबा में 19 नए डॉक्टरों की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) चंबा, डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही सभी डॉक्टर अपनी सेवाएं संभालेंगे। सीएमओ ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। नए डॉक्टरों की तैनाती से जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लोगों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# मेक माय ट्रिप और एचपीटीडीसी का समझौता ऐतिहासिक कदम: मनीष

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



**डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) और मेक माय ट्रिप के बीच हुआ समझौता राज्य के पर्यटन क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला 'गेम-चेंजर' करार दिया।

सरीन ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत एचपीटीडीसी के 56 होटलों को मेक माय ट्रिप प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इससे निगम की डिजिटल पहुंच बढ़ेगी, होटलों की ऑक्युपेंसी दर सुधरेगी और आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, पर्यटन हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह दूरदर्शी पहल हमारे राज्य को पर्यटकों के लिए और अधिक सुलभ बनाएगी तथा स्थानीय समुदायों के लिए नए अवसर उत्पन्न करेगी।

सरीन ने विशेष रूप से एचपीटीडीसी के अध्यक्ष की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आरएस बाली के कुशल नेतृत्व और आधुनिक दृष्टिकोण से निगम को नई दिशा मिल रही है। वह दिन दूर नहीं जब एचपीटीडीसी की आय 110 करोड़ से बढ़कर 510 करोड़ तक पहुंच जाएगी। यह न केवल पर्यटन क्षेत्र को मज़बूत करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और सतत आर्थिक विकास की राह भी खोलेगा, उन्होंने कहा।

डलहौजी की महत्ता पर बोलते हुए सरीन ने बताया कि यह पहल इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगी। अधिक पर्यटक यहां आएंगे और हमारी प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करेंगे।

मनीष सरीन ने इस समझौते को सही दिशा में उठाया गया प्रगतिशील कदम बताते हुए इसकी खुलकर प्रशंसा की। बयान जारी करते समय उनके साथ राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, रजत शर्मा, विशाल सिंह, विकास सिंह और विकास धीमान मौजूद रहे।

## गंभीर चोटों के बावजूद सड़क खोलने में जुटे सहायक अभियंता शैलेश राणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जनसेवा के इतिहास में ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं, जब कोई अधिकारी अपनी गंभीर चोटों और असहनीय पीड़ा के बावजूद लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए मैदान में डटा रहे। चंबा डिवीजन के सहायक अभियंता शैलेश राणा ने वही कर दिखाया। परेल-कोल्हड़ी सड़क लंबे समय से बंद होने के कारण आमजन को भारी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा था।

इस मार्ग को खोलने के प्रयासों के बीच शैलेश राणा को सिर और कमर में गंभीर चोटें लगीं। डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी, मगर जनसेवा के प्रति समर्पित इस अधिकारी ने अपनी सेहत की परवाह किए बिना सीधे साइट का रुख किया। उन्होंने विभागीय स्टाफ और ठेकेदारों को दिशा-निर्देश दिए और हर पल स्थिति पर नज़र रखते हुए यात्रियों और लोगों के लिए जीवनरेखा बनी सड़क को जल्द से जल्द खोलने का संकल्प दोहराया।

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न.
किस्म मुकद्दमा दुरूस्ती
तारीख पेशी 06.10.2025
**प्रदीप बाली बनाम आम जनता आदि**
**नोटिस बनाम:-** 1. आम जनता 2. ओम प्रकाश पुत्र भाल चन्द पुत्र हीरा लाल निवासी पालमपुर खास तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।
भूमि खाता न. 13 खतौनी न. 21 खसरा न. 40 किता 01 रकबा तदादी 0-64-16 स्थित महाल पालमपुर खास हदबस्त न. 260/2 जिला तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।
**अखबार ईशतहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने बखाना काश्त दुरूस्ती हेतु आवेदन किया है। इसमें प्रतिवादी को समन जारी कर तलब किया गया था, परन्तु समन तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार प्रतिवादी उपरोक्त वर्णित महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा अनुरोध किया कि अखबार ईशतहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अब अखबार ईशतहार द्वारा प्रतिवादीगण व आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 06.10.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 11.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न0 222/2024
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 23.09.2025
**संजीव कुमार बनाम दीनानाथ आदि**
**नोटिस बनाम:-** 1. दीनानाथ पुत्र रोंकी पुत्र चौधरी 2. उतम चन्द पुत्र तुलसी पुत्र बीरबल के जायज वारसान 3. स्वरूप चन्द पुत्र तुलसी पुत्र बीरबल 4. माया देवी पुत्री तुलसी पुत्र बीरबल 5. दया देवी पुत्री तुलसी पुत्र बीरबल 6. विमला देवी विधवा तुलसी पुत्र बीरबल के जायज वारसान 7. सुभाष पुत्र मस्तो पुत्र होशनाकी 8. अक्षय कुमार पुत्र प्यार चन्द पुत्र तुलसी 9. कुमारी रूची पुत्री प्यार चन्द पुत्र तुलसी 10. समस्या देवी विधवा प्यार चन्द पुत्र तुलसी सभी निवासी महाल बन्दला खास तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ।
भूमि खाता न. 109 खतौनी न. 185 ता. 189 खसरा किता 21 रकबा तदादी 00-65-88 है. स्थित महाल बन्दला खास तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।
**अखबारी ईशतहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते है। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा अनुरोध किया कि अखबारी ईशतहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अब अखबार ईशतहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 23.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 10.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर

## आपदा से कटे बकान पंचायत के गांव, ग्रामीणों ने एडीएम से की सड़क बहाली की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत बकान के ग्रामीणों ने गुरुवार को उपप्रधान चमन सिंह की अध्यक्षता में एडीएम चंबा अमित मेहरा से मुलाकात कर बकान-धरबेटा सड़क को अविलंब बहाल करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण भजलुई, धरबेटा, आनी , डीगेड़, धारना ओर पाक्ला गांव पूरी तरह मुख्य मार्ग से कट गए हैं। लगभग एक हजार की आबादी प्रभावित है, जबकि करीब 200 बच्चों की पढ़ाई ठप हो गई है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक, ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बकान-धरबेटा मार्ग पर एलएनटी और जेसीबी मशीनें मौजूद होने के बावजूद सड़क से मलबा नहीं हट पाया और न ही कोई अस्थायी रास्ता तैयार हुआ। इस कारण लोगों की आवाजाही और आवश्यक सेवाएं बुरी तरह बाधित हैं। ग्रामीणों ने एडीएम से आग्रह किया कि प्रभावित गांवों तक तुरंत स्थायी संपर्क मार्ग की व्यवस्था की जाए और लोक निर्माण विभाग को प्राथमिकता के आधार पर सड़क बहाली के निर्देश दिए जाएं

# कंस्ट्रक्शन कंपनी और विधायक के चहेतों में हुए लेनदेन की हो जांच: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर के विधायक द्वारा अवाहदेवी चौक पर एनएच निर्माण कार्य बारे किए जा रहे कथित सत्याग्रह को मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने उनके कार्यकाल की नाकामियों को छुपाने मात्र और जनता का ध्यान भटकाने का कदम बताया है।

विधायक को दो घंटे में कंपनी का कौन सा काम अच्छा नहीं लगा कि उन्होंने आनन फानन में रात को दस बजे सोशल मीडिया पर ऑनलाइन होकर कंपनी के अधिकारियों के बारे में कुछ बोला और फिर वहीं पर पहले धरना फिर सत्याग्रह और अब आमरण अनशन की बात कर रहे हैं। जबकि कंपनी पिछले चार साल से इस सड़क मार्ग का निर्माण कर रही है और जो तबाही होनी थी वो हो चुकी है, लेकिन तब तो विधायक मौन धारण किए हुए थे जबकि लोगों ने दर्जनों जगह कंपनी के खिलाफ धरने प्रदर्शन किए। एनएच प्रथम फेज हमीरपुर से पाड़छु तक का निर्माण कार्य पिछले चार साल से हो रहा है और दूसरे फेज का काम अढ़ाई साल से हो रहा है। बीआरएन कंपनी के लौंगनी में लगे क्रशर के लिए बिना अनुमति अवैध खनन माफियाओं ने सप्लाई किए जो सब विधायक के ही चहते हैं।

भूपेंद्र सिंह ने सवाल खड़े किए हैं कि उन्होंने गासियां खड्ड में छह महीने तक गैरकानूनी तरीके से डाले मलबे के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं कि। तीसरे साल में एनएच कंपनी से सांठगांठ करके अपने चमचों के लिए ठेके लेने में व्यस्त हो गए और अब सब कुछ उजड़ जाने के बाद सत्याग्रह की नोटंकी कर रहे हैं। उन्होंने सीएम से बीआरएन कंस्ट्रक्शन कंपनी और धर्मपुर के विधायक व उसके चमचों को पिछले दो साल में बांटे ठेकों की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है।

## ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण सभा की बैठक में पवन ठाकुर ने क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद सरकाघाट द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कांग्रेस युवा नेता पवन ठाकुर का गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान ने की। उन्होंने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। सभा के महासचिव कुलदीप सिंह गुलेरिया ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए पवन ठाकुर को बधाई दी और अस्पताल भवन को शीघ्र पूर्ण करने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, बुजुर्गों के लिए ओपीडी की सुविधा सड़क किनारे बनाने, सीवरेज कार्य पूरा करने आदि की मांग उठाई। इसके अतिरिक्त, सरकाघाट के लिए डेवोडिंग स्कूल और केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने तथा मुख्यमंत्री द्वारा 15 अगस्त को की गई घोषणाओं को अमल में लाने का अनुरोध किया गया।



सभा को संबोधित करते पवन ठाकुर।

पवन ठाकुर ने आश्वासन दिया कि दिसंबर से पहले अस्पताल सरकाघाट की स्थिति सुधारने में सरकार प्रयासरत है। नगर पालिका के माध्यम से बहुमंजिला पार्किंग का कार्य शुरू किया जाएगा और बस अड्डे को नई व्यवस्था दी जाएगी, जिसमें नीचे पार्किंग और ऊपर मॉल व कार्यालय की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी को भी जल्द पूरा किया जाएगा ताकि व्यवस्थाएं मजबूत हो सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक समिति के प्रधान प्रकाश चंद चौहान, महासचिव कुलदीप गुलेरिया, संगठन मंत्री नेक राम शास्त्री, रणजीत सिंह, सोमा राणा, प्रेम कुमारी ठाकुर, वीआर राणा आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी सिर्फ राजनीति तक सीमित: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हिमाचल से सरोकार सिर्फ पर्यटन और राजनीति तक सीमित है। जब-जब प्रदेश को सहारे की जरूरत पड़ी, कांग्रेस के नेता यहां पर्यटक बनकर आए। कभी टूरिस्ट बनकर प्रियंका गांधी शिमला के अपने आलीशान बंगले में छुट्टियां मनाती दिखीं, कभी राजनीतिक टूरिस्ट बनकर अलका लाम्बा और कांग्रेस का दिल्ली दरबार चुनावों के वक्त हिमाचल घूमता रहा और महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी का झुनझुना थमा गया। यहां तक कि राज्यसभा की सीट पाने के लिए वकील नेता अभिषेक मनु सिंघवी भी चुनाव लड़ने हिमाचल आए और चले गए। ताजा उदाहरण कांग्रेस यूथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जो यहां आकर बेतुकी बातें कर रहे हैं, जबकि आपदा की घड़ी में हिमाचल को असल मदद देने वाला सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार रही है। राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल में आई आपदा अभूतपूर्व रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के दर्द को समझते हुए राहत पैकेज दिया हैं।

**Public Notice**

It is hereby informed to General Public at large that **Sh. Anil Kumar son of Sh. Kalli das s/o Sh. Sunder** R/o Village Samsoh Post Office Gahar, Tehsil Sarkaghat and District Mandi (H.P.) has I become owner of my property through family settlement deed vide registration no 113/2025 dated 03/09/2025 as executed by Sh Kali Dass S/o sunder as in favour of Sh Anil kumar S/o kali dass in the chain of property previously two deeds are connected. (1) Family settlement deed vide registration no 403/2013 dated 10/09/2013 as executed by Sh Sunder s/o lachhman as in favour of Sh Kali Dass s/o Sh Sunder. (2) Will vide registration no 171/2013 dated 29/08/2013 as executed by Sh Sunder Singh s/o laxman singh as in favour of Anil kumar S/o Sh Kali Dass under mutation no 342.Both deeds are lost somewhere by previous owner become owner of my property through family settlement deed vide registration no 113/2025 dated 03/09/2025 as executed by Sh Kali Dass S/o sunder as in favour of Sh Anil kumar S/o Kali Dass in the chain of property previously two deeds are connected. has been Lost/Misplaced. A Police Report has also been registered in this regard vide **DDR No. 12250036072500033 Dated: 10/09/2025** at PS Mandi. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/bank/corporation/financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

Kullbhushan Jamwal Advocate
Distt court-Mandi Bhagwan Balha 85/09 Near Sanatan Sabha Distt Mandi H.P.
Ph.70186-77382

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**
क्रमांक 85 रीडर-1 दिनांक 04-09-2025
मिसल नं. 85/ता./2025 ता.दा. 19-07-2025
तारीख पेशी 8-10-2025
**अनुमान मुकद्दमा:-** श्री विकास कुमार पुत्र बर्फी रामपुत्र खरेली निवासी महाल मौजा मसस्ल नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.। ....प्रार्थी पक्ष
**वनाम आम जनता ....प्रत्यार्थी पक्ष**
**विषय: प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।**
**अखबारी ईश्तहार-** प्रार्थना पत्र श्री विकास कुमार पुत्र बर्फी राम पुत्र खरेली निवासी महाल मौजा मसस्ल तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि राजस्व रिकार्ड महाल मौजा मसस्ल, पटवार वृत मसस्ल के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम जगीरी राम पुत्र बर्फी राम दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा नाम अन्य कागजात में विकास कुमार दर्ज है जोकि सही है। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अतः इस अदालती नोटिस अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस नाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 8-10-2028 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 04-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.

## कार्रवाई

## मंडी में वायरल वीडियो पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

# नाबालिग चला रही थी गाड़ी, 22,400 का काटा चालान

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मंडी जिले के करसोग क्षेत्र में हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को लेकर मंडी पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो में पुलिस पोस्ट पांगणा के इंचार्ज एक व्यक्ति के साथ बहस करते हुए नजर आ रहे हैं, जो उस समय की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहा था जब पुलिस ने एक वाहन को रोका था।

इस वाहन में एक नाबालिग लड़की वाहन चला रही थी, जबकि पीछे की सीट पर चार बच्चे और एक महिला सवार थी। सार्वजनिक सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके पर तुरंत हस्तक्षेप किया और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं 179, 180, 181, 184 और 192 के तहत वाहन चालक पर कार्रवाई की गई। साथ ही वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत वाहन को जब्त कर लिया गया।

### दस्तावेज मांगने पर हुआ विरोध, पुलिस ने दिया जवाब

**पुलिस** ने वायरल वीडियो में दिख रहे व्यक्ति द्वारा दस्तावेज मांगने पर सवाल उठाने को कानून की गलत व्याख्या बताया है। पुलिस के अनुसार, मोटर वाहन अधिनियम के तहत कोई भी अधिकृत अधिकारी चाहे वह इंस्पेक्टर हो या सब-इंस्पेक्टर दस्तावेज मांगने और वाहन की जांच करने का अधिकार रखता है। पुलिस पोस्ट पांगणा के इंचार्ज, जो सब-इंस्पेक्टर स्तर पर कार्यरत हैं, ने विधि अनुसार कार्रवाई की थी। इसके बावजूद वीडियो में मौजूद व्यक्ति ने न केवल बहसबाजी की, बल्कि कार्रवाई में बाधा भी डाली।

### इन धाराओं में दर्ज मामला

मंडी पुलिस ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 और 224 के तहत मामला दर्ज किया है। ये धाराएं न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने और आरोपी को छिपाने या भागने में मदद करने से संबंधित हैं।

### कांस्टेबल लाइन हाजिर

**पुलिस** ने वाहन के चालक पर कुल 22,400 रुपए का चालान किया है, जो विभिन्न मोटर व्हीकल एक्ट उल्लंघनों के तहत लगाया गया है। इसके साथ ही, वायरल वीडियो में दिख रहे पुलिस कर्मी के कथित अमर्यादित व्यवहार की भी जांच की जा रही है। इस मामले में संबंधित कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है और विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि कानून अपना काम निष्पक्षता के साथ करेगा।

# पांच किमी का पैदल सफर तय कर कुर्सी के सहारे मरीज को पहुंचाया सड़क तक

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** जिला मंडी के बालीचौकी क्षेत्र में आपदा के उपरांत जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क मार्ग बंद होने के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को बालीचौकी उपमंडल की ग्राम पंचायत खणी की एक मरीज फागणी देवी को गांव के लोगों ने कुर्सी के सहारे लगभग 5 किलोमीटर का दुर्गम और खतरनाक पैदल सफर तय करवा कर मुख्य सड़क मार्ग तक पंहुचाया। फागणी देवी के पति हीरा लाल ने बताया कि उनकी पत्नी लगभग 7 दिनों से बीमार थी, लेकिन वीरवार को बुखार के काफी बढ़ जाने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान संपर्क सड़क के बाधित होने के चलते लोगों ने कुर्सी की एक पालकी बनाई और पैदल ही 5 किलोमीटर का सफर तय कर मरीज को परजोलीधार नामक स्थान पर पहुंचाया, जहां से 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से उसे बालीचौकी में प्राथमिक उपचार के बाद मंडी ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका समीपस्थ बालीचौकी-खणी-कांढा सड़क मार्ग पिछले एक माह से बंद पड़ा है जिस कारण लोगों विशेषकर मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



कुर्सी के सहारे मरीज को सड़क तक पहुंचाते हुए।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार की बारिश में सड़कों का भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है और शीघ्र ही सड़कों को खुलवाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

## निविदा सूचना

कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, एवं खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड पंचरुखी के कार्यालय में प्रयोग में लाई जाने वाली निम्न लेखन सामग्री की कोटेशन/निविदाएं दिनांक 18.09.2025 शाम 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं।

**सामग्री विवरण एवं मात्रा निम्नलिखित है-**

1. पेपर रिम (A4)- 100, 2. पेपर रिम (A5)-10, 3. फाइल कवर हल्का-50, 4. फाइल कवर बढ़िया-150, 5. फाइल फोल्डर-50, 6. कैश बुक 300 पेज-03, 7. लेजर 100 पेज-05, 8. डायरी रजिस्टर-10, 9. डिस्पेच रजिस्टर-10, 10. रजिस्टर बड़ा साईज-20, 11. रजिस्टर छोटा साइज-20, 12. डाक लिफाफे छोटा साइज-1000, 13. डाक लिफाफे बड़ा साइज-1000, 14. नीला बालपैन-100, 15. लाल बालपैन-50, 16. पायलट पेन हरा-12, 17. पायलट पेन नीला-30 18. कैल्कुलेटर-05, 19. स्टेप्लर छोटा-03, 20. स्टेप्लर बड़ा-03, 21. स्टेप्लर पिन छोटा साइज (pkt)-50, 22. स्टेप्लर पिन बड़ा साइज कांगरू-10, 23. फेवी स्टीक-20, 24. हाईलाइटर व फाईल मार्कर-20+20, 25. पेपर वेट-05, 26. करेक्शन फ्लुड-10, 27. होकर-10, 28. टैग बण्डल छोटा-30, 29. टैग बण्डल बड़ा-30, 30. स्केल छोटा आकार- 5(Steel), 31. स्केल बड़ा आकार -10(steel), 32. फाइट फ्लेग/फ्लेगस- 20 (pkt), 33. रिफिल-20, 34. कार्बन पेपर- 2(pkt), 35. रबर-10, 36. पैन्सिल एचबी.-1(pkt), 37. डाक पैड सुपरिएर-02, 38. पियन बुक-05, 39. स्टैम्प पैड-20, 40.ग्लू स्टिक-10, 41. पिन स्टील-20, 42. हाजिरी रजिस्टर -02, 43. नोट शीट पैड-10, 44. फाइल बोर्ड-15, 45. बॉल पेन टेबल स्टैंड-01, 46. वी.ओ आई डी डायरी-02, 47. लोग बुक-01

अतः इच्छुक प्रदाता (आपूर्तिकर्ता) अपनी निविदा प्रदान कर सकते हैं।

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
पंचायत समिति, एवं खण्ड विकास अधिकारी
पंचरुखी, जिला कांगड़ा

**ईश्वर** ने संसार को कर्म प्रधान बना रखा है, इसमें जो मनुष्य जैसा कर्म करता है उसको, वैसा ही फल प्राप्त होता है। **-तुलसीदास**

## संपादकीय

# फिर नापाक साजिश

भारत एक बार फिर बड़े आतंकी हमले से बाल-बाल बच गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने समय रहते जिस आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, उसने पूरे देश को दहला देने की साजिश को नाकाम कर दिया। पहलगाम आतंकी हमले की गूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि दहशतगर्दों ने देशभर में नए नेटवर्क की बुनियाद डालनी शुरू कर दी। यह आतंकी नेटवर्क दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश जैसे चार राज्यों में फैला हुआ था। इसका साफ मतलब है कि आतंकी अब केवल सीमावर्ती इलाकों में नहीं, बल्कि देश के भीतर गहरी पैठ बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस मॉड्यूल से जुड़े पांच संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से ऐसे रासायनिक पदार्थ और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है जिनका इस्तेमाल आईईडी और रासायनिक बम बनाने में किया जाना था। साफ है कि यह नेटवर्क केवल विचारधारा का नहीं, बल्कि सक्रिय हिंसक हमले की दिशा में बढ़ चुका था। अगर यह साजिश समय रहते पकड़ में न आती तो देश किसी बड़ी त्रासदी का गवाह बन सकता था। सवाल उठता है कि आखिर इन आतंकियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन कौन दे रहा था? इसका जवाब ज्यादा कठिन नहीं है। इनके तार सीधे पाकिस्तान से जुड़े पाए गए हैं। सोशल मीडिया के जरिए ये लोग पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। पाकिस्तान की सरजमीं हमेशा से आतंकियों की पनाहगाह रही है।

वहां की सरकारें और खुफिया एजेंसियां, खासकर आईएसआई, आतंक को अपनी विदेश नीति का हिस्सा मानकर भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। इतिहास गवाह है कि भारत में जितने भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उनकी जड़ें किसी न किसी रूप में पाकिस्तान तक जरूर पहुंची हैं। पाकिस्तान की नीति हमेशा से दोहरी रही है। एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ दिखावे की बातें करता है और दूसरी ओर आतंकियों को पैसा, हथियार और ठिकाना उपलब्ध कराता है। जब भी भारत पाकिस्तान को उसके गुनाहों के साथ दुनिया के सामने बेनकाब करता है, तब पाकिस्तान झूठ और सफाई का सहारा लेता है। सच यह है कि पाकिस्तान की जमीन आतंकवाद के बीज बोने का केंद्र बनी हुई है।

आज पाकिस्तान न केवल भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को शह देता है, बल्कि चीन और कुछ इस्लामिक देशों की छाया में खुद को सुरक्षित समझता है। पहलगाम आतंकी हमले में भी उसके चीन से अंदरखाते परामर्श लेने और मदद लेने के संकेत मिले हैं। यह गठजोड़ न केवल भारत, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। पाकिस्तान की हैसियत इतनी नहीं कि वह भारत का सैन्य मोर्चे पर सामना कर सके। तीन युद्धों और एक कारगिल संघर्ष में उसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इसके बावजूद वह छद्म युद्ध और आतंकवाद के जरिए भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता रहता है।

भारत की सुरक्षा एजेंसियों की यह सफलता केवल एक ऑपरेशन भर नहीं है, बल्कि यह संदेश भी है कि देश का सुरक्षा तंत्र अब पहले से कहीं अधिक चुस्त और सतर्क है। खुफिया एजेंसियां अब तकनीकी और मानवीय दोनों स्तरों पर आतंकियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही हैं। सोशल मीडिया पर हो रही संदिग्ध गतिविधियों की ट्रैकिंग, डिजिटल फुटप्रिंट की निगरानी और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल ने इस बार भी बड़ी साजिश को धराशायी कर दिया, लेकिन इसके साथ ही भारत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आतंकवाद का यह नया चेहरा विकेंद्रित है। अब आतंकी किसी एक जगह जमघट नहीं लगाते, बल्कि छोटे-छोटे सेल बनाकर अलग-अलग राज्यों में काम करते हैं। यह रणनीति सुरक्षा एजेंसियों के लिए कठिनाई पैदा करती है, क्योंकि हर छोटे नेटवर्क को पकड़ने में समय और संसाधन लगते हैं।


यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केवल सुरक्षाबलों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए समाज की भी जिम्मेदारी बनती है। नागरिकों को सतर्क रहकर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचानी चाहिए। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, भारत को उससे किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरतनी चाहिए। द्विपक्षीय वार्ता का कोई औचित्य तब तक नहीं जब तक वह आतंकवाद को अपनी नीति का औजार बनाए हुए है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है, वह कर्ज पर कर्ज ले रहा है और अपने नागरिकों की मूलभूत जरूरतें पूरी करने में असमर्थ है।

इसके बावजूद आतंकवाद पर उसका मोह खत्म नहीं हो रहा। यहां सवाल यह भी है कि पाकिस्तान आखिर भारत की प्रगति और विकास से क्यों चिढ़ता है? असल में एक स्थिर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत उसके लिए असहज स्थिति पैदा करता है। पाकिस्तान अपनी घरेलू विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भारत विरोधी एजेंडा हमेशा जिंदा रखना चाहता है। यही वजह है कि वह आतंकवाद को हवा देता है, ताकि भारत हमेशा किसी न किसी संकट में उलझा रहे। भारत को इस मानसिकता को समझते हुए अपनी सुरक्षा और कूटनीति को और मजबूत करना होगा। आतंकियों से किसी तरह की ढील नहीं बरती जानी चाहिए। जो नेटवर्क पकड़ा गया है, उससे पूछताछ में और भी अहम खुलासे हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि इनसे कठोर पूछताछ की जाए और इनके पीछे छिपे पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी

**फिरोज** गांधी प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य थे। वे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति थे। अगस्त, 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में फिरोज गांधी कुछ समय तक भूमिगत रहने के बाद गिरफ्तार कर लिए गए थे। उनके पिता का नाम जहांगीर एवं माता का नाम रतिमाई था। 1915 ई. में वे अपनी मां के साथ इलाहाबाद में कार्यरत एक संबंधी महिला के पास आ गए। फिरोज गांधी 1935 में आगे के अध्ययन के लिए लंदन गए और उन्होंने 'स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स' से अंतरराष्ट्रीय कानून में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। फिरोज गांधी ने क्षय रोग से पीड़ित अपनी पत्नी इंदिरा गांधी की मां कमला नेहरू की भारत और जर्मनी के चिकित्सालयों में बड़ी सेवा की। उसी समय उनका और इंदिरा का संपर्क हुआ और मार्च, 1942 ई. में इलाहाबाद में दोनों का विवाह हो गया। फिरोज गांधी को 1960 में दिल का दौरा पड़ा। इंदिरा जी उस समय महिला सम्मेलन में भाग लेने के लिए केरल गई थीं। सूचना मिलते ही वे तुरंत दिल्ली आईं और 8 सितंबर, 1960 को फिरोज गांधी का देहांत हो गया। ■



**फिरोज गांधी**
**जन्म** : 12 सितंबर, 1912
**मृत्यु** : 8 सितंबर, 1960



कविता

## दिक्खा दुनियां कदेई होई गियोरी

चंचल सरोलवी, सरोल, चंबा, हिमाचल प्रदेश

*दिक्खा दुनियां कदेई होई गियोरी,*
*अपणे दा बैरी अपणा पियोरा पचोरी।*
*अपणी-अपणी डफली बजोरी,*
*अपणी-अपणी छिक्क धरीड लगोरी। दिक्खा दुनियां कदेई होई ----*
*मोह ममता बिच सुआसी फसी गियोरी,*
*मैं मैं दी खूब होड मच्ची रिहोरी।*
*दाह पीड़ भी दिला का निक्कली गिछोरी,*
*इक दूए जो जग्घछिडी लाणा लगोरी। दिक्खा दुनियां कदेई होई ------*
*सर्म धर्म भुली गिछोरी, नंगा नाच नचणा लगोरी,*
*लुट घसीट चोरी डकैती खूब चली रिहोरी।*
*धियां भैणां दी इज्जत भी लुटी रिहोरी,*
*रिश्वतखोरी सीनाजोरी भी चली रिहोरी। दिक्खा दुनियां कदेई होई-----*
*डिग्रियां लेई धक्के खाणा लगोरी,*
*रोजगारा दी तलासा दर-दर भट्टकणा लगोरी ।*
*दिक्खा दुनियां कदेई होई गियोरी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिक्षा की नई उड़ान : पूर्ण साक्षर राज्य बना हिमाचल



हिमाचल प्रदेश ने एक बार फिर पूरे देश को यह संदेश दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति, जनसहभागिता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता सही दिशा में हों तो कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में राज्य को पूर्ण साक्षर घोषित किया। यह केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि हिमाचल की सामूहिक चेतना, शिक्षा के प्रति उसकी निष्ठा और समाज की बदलती सोच का प्रतीक है।



**सिकंदर बंसल**
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

आजादी के समय देश में साक्षरता दर मात्र 18 प्रतिशत थी और हिमाचल जैसे दुर्गम, भौगोलिक रूप से जटिल और आर्थिक रूप से पिछड़े प्रदेश में यह और भी कम थी, लेकिन सात दशकों में इस छोटे पहाड़ी प्रदेश ने शिक्षा की ऐसी यात्रा तय की, जिसे पूरे देश के लिए आदर्श कहा जा सकता है। 1951 में यहां की साक्षरता दर केवल 8 प्रतिशत थी। 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा 83.7 प्रतिशत तक पहुंचा और अब हालिया राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की रिपोर्ट बताती है कि हिमाचल की साक्षरता दर 99.3 प्रतिशत हो चुकी है, जो राष्ट्रीय औसत 95 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह सफलता रातोंरात नहीं मिली। हिमाचल ने शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी। 1971 में राज्य बनने के बाद सरकारों ने विद्यालयों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। छोटे-छोटे गांवों में प्राथमिक विद्यालय खुले, और यह सुनिश्चित किया गया कि कोई बच्चा केवल इसलिए शिक्षा से वंचित न हो जाए क्योंकि उसके गांव में विद्यालय नहीं है। परिणामस्वरूप प्राथमिक शिक्षा का प्रसार तीव्र हुआ। इसके साथ ही महिला शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। हिमाचल के गांवों में लड़कियों का विद्यालय जाना आम बात बन गया, जबकि देश के अनेक हिस्सों में यह आज भी चुनौती है। राज्य ने समय के साथ शिक्षा सुधारों को नई दिशा दी। 'विद्यालय समेकन नीति' के तहत छोटे विद्यालयों को जोड़कर बेहतर संसाधनों वाले बड़े विद्यालय बनाए गए। 'राजीव गांधी डे-बोर्डिंग विद्यालय' जैसी योजनाओं ने ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराए।

शिक्षा विभाग ने यह समझा कि केवल विद्यालय खोलना पर्याप्त नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों का प्रशिक्षण, तकनीकी संसाधन और विद्यार्थियों के कौशल विकास पर भी ध्यान देना जरूरी है। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) 2021 इसकी गवाही देता है। जहां हिमाचल 2017 में गुणवत्ता सूचकांक में 21वें स्थान पर था, वहीं 2021 में यह पांचवें स्थान पर पहुंच गया। इसका अर्थ यह है कि राज्य ने केवल नाममात्र की साक्षरता पर नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी ठोस कार्य किया। फिर भी चुनौतियां शेष हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि साक्षरता के आंकड़े और वास्तविक ज्ञान के स्तर में अभी भी अंतर है। असर रिपोर्ट 2022-23 बताती है कि कक्षा पांच के बहुत से विद्यार्थी अभी भी कक्षा दो की पाठ्य-पुस्तकें पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं। गणितीय क्षमता का स्तर भी चिंताजनक है।

यह स्पष्ट संकेत है कि केवल विद्यालय जाने से शिक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं होता। शिक्षा की वास्तविक गुणवत्ता पर अभी और काम करने की जरूरत है। दूसरी चुनौती है उच्च शिक्षा और कौशल विकास। राज्य में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार और व्यावसायिक कौशल का स्तर अभी संतोषजनक नहीं है। युवा केवल डिग्री लेकर नौकरी की प्रतीक्षा में रहते हैं, जबकि बदलते समय में उद्यमिता, तकनीकी कौशल और शोधमुखी दृष्टिकोण की अधिक आवश्यकता है। तीसरी बड़ी चुनौती है बेरोजगारी। पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार हिमाचल में युवाओं की बेरोजगारी दर 12 प्रतिशत से अधिक है। यह स्थिति बताती है कि शिक्षा और रोजगार में सीधा संतुलन नहीं बन पा रहा।

जब तक शिक्षा बाजार की मांगों और सामाजिक आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी नहीं होगी, तब तक युवाओं में निराशा बनी रहेगी। चौथी चुनौती है पहाड़ी और दूरदराज क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा का प्रसार। कोविड महामारी ने दिखाया कि डिजिटल संसाधनों की कमी से पहाड़ों के विद्यार्थी पिछड़ जाते हैं। आज भी बहुत से गांवों में इंटरनेट की गति और उपकरणों की अनुपलब्धता शिक्षा में असमानता पैदा करती है। अगर डिजिटल खाई को पाटा नहीं गया तो ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच अंतर और गहराता जाएगा। इसके अतिरिक्त बदलते सामाजिक परिवेश में नशाखोरी, पलायन और बदलती जीवनशैली शिक्षा के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में अनुशासन, मूल्यपरक शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण पर बल न दिया जाए तो केवल साक्षरता का आंकड़ा ही शेष रह जाएगा, जिसका समाज पर गहरा असर नहीं होगा।

इन चुनौतियों के समाधान के लिए हिमाचल को अब अगले चरण की यात्रा तय करनी होगी। सबसे पहले तो प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए नवीनतम शिक्षण पद्धतियां अपनानी होंगी। 'खेल-खेल में सीखना' जैसी योजनाओं को व्यापक बनाना होगा ताकि बच्चे पढ़ाई को बोझ न मानें। शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक से लैस कक्षाएं इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उच्च शिक्षा में शोध और नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है। हिमाचल विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को स्थानीय संसाधनों, पर्यटन, कृषि और पर्यावरण से जुड़े शोध को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि शिक्षा सीधे राज्य के विकास से जुड़ सके।

युवाओं की बेरोजगारी दूर करने के लिए शिक्षा को कौशल विकास और उद्यमिता से जोड़ना होगा। स्वरोजगार, स्टार्ट-अप और स्थानीय उद्योगों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। डिजिटल खाई को कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधाओं का विस्तार, नि:शुल्क या सस्ती दर पर उपकरण उपलब्ध कराना और डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है। अंतत: शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, जिम्मेदार और मूल्यनिष्ठ बनाना है। हिमाचल ने पूर्ण साक्षरता की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है, लेकिन अब उसे शिक्षा को जीवन से जोड़ने और उसे समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाने की ओर बढ़ना होगा। तभी यह उपलब्धि दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ पाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# पैसा सब कुछ नहीं, लेकिन बुरे वक्त में पैसा ही सहारा

ये बात कहने में तो बड़ी अच्छी लगती है कि पैसा ही सब कुछ नहीं होता, लेकिन पैसे के बिना एक ऐसा काम बताओ जो आज की तारीक में हो सकता है। पैसा मनुष्य जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं में से एक है, लेकिन इसका अत्यधिक महत्व होने के बावजूद हम इसको गैरजरूरी समझते हैं, क्योंकि हम बचपन से यही सुनते आए कि पैसा सब कुछ नहीं होता।



**बिशना गाजटा**
चौपाल ( हि प्र )

हम किताबों में पढ़ते हैं आसपास भी यही सुनते हैं, सबसे ज्यादा जो असर होता है हम सबके मन मस्तिष्क पर वो होता है प्रवचन कर्ताओं द्वारा दिए गए प्रवचनों से। प्रवचनकर्ता जो लोगों को मोह-माया से दूर रहने की सलाह देते हैं और खुद एक प्रवचन का हजारों, लाखों रुपए ऐंठते हैं, लोगों को ऐसे उपदेश देते हैं कि पैसा आपको आराम या सुख सुविधा तो दिला सकता है, लेकिन आत्मसंतुष्टि नहीं दे सकता। जो लोग अधिक धन की लालसा रखते हैं वो हमेशा असंतुष्ट जीवन जीते हैं इत्यादि इत्यादि। माना ये सब बातें सही हैं, लेकिन पैसा बिलकुल महत्वपूर्ण नहीं, क्या यह बात आप डॉक्टर को बता सकते हैं जब आपका बच्चा किसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहा होता है और उस वक्त आपकी जेब में एक फूटी कौड़ी भी नहीं होती। क्या यही बात आप अपने मकान मालिक को बता सकते हो जब वो महीने का किराया लेने आए, इतना ही नहीं बिजली-पानी विभाग को भी यही कहना जब आपके घर पर बिल आएगा, दूध वाला, राशन वाला, बच्चों के स्कूल-कॉलेज, ट्यूशन वालों को भी यही बताना।



हम सबको मालूम होना चाहिए कि जिंदगी और मौत से संघर्ष करता कोई व्यक्ति पैसे के अभाव में अस्पताल नहीं पहुंच सकता। उस वक्त भीख मांगने से या गिड़गिड़ाने से भी कोई पैसे नहीं देता। बेशक डाक्टर को भगवान का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन इलाज के वो भी पैसे लेता है, क्योंकि उसको भी अपना घर-परिवार चलाना है। यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि यदि हम वक्त रहते जीवन में पैसों को महत्व नहीं देंगे तो जरूरत पड़ने पर कोई दूसरा साथ नहीं देगा। जरूरत के समय दूसरे लोग सिर्फ दिलासा देते हैं और कहते हैं भगवान पर छोड़ दो सब ठीक हो जाएगा यह कहकर सब अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। फिर हताश व्यक्ति डायलॉगबाजी करता हैं, कोई किसी का नहीं होता, जरूरत के वक्त कोई साथ नहीं देता। अरे भाई नहीं देता कोई साथ और क्यों दे ? किसी ने किसी का ठेका नहीं लिया हुआ।

अपनी-अपनी जिम्मेदारियां खुद संभालनी पड़ती है। यदि पैसों को महत्व देते तो मुसीबत के समय लोगों के आगे हाथ नहीं फैलाने पड़ते। हालांकि, पैसा कमाने का तरीका तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धी जरूर होता है, पैसा लोगों के लिए तब हानिकारक सिद्ध होता है जब वे ज्यादा पैसे कमाने की अंतहीन चाहत में उलझ जाते हैं, जो अक्सर उनके स्वास्थ्य और निजी जीवन पर भी आ जाता है और कभी-कभी लोग अवैध रूप से भी अधिक पैसा इकट्ठा कर लेते हैं जो बाद में उनके लिए समस्या बन जाती है।

धन अर्जित करने के ऐसे प्रत्येक सोर्स से बचना चाहिए जो अवैध हो या किसी दूसरे को हानि पहुंचा रही हो। साफ सुथरी और मेहनत की कमाई हमेशा फलित होती है। कहने का तात्पर्य है कि पैसा कमाओं खूब कमाओं, लेकिन पैसा कमाने की ऐसी अंधी दौड़ में शामिल मत होना, जहां नैतिक-अनैतिक में पहचान न कर पाओ।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**मुश्किल** समय ही वह कसौटी होता है, जब इंसान का असली चेहरा सामने आता है। जब सब कुछ अच्छा चल रहा होता है, तब साथ निभाना आसान होता है, लेकिन जैसे ही हालात कठिन होते हैं, बहुत से लोग पीछे हट जाते हैं। कुछ लोग तो ऐसे भी होते हैं जो उसी समय धोखा देते हैं, जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यह इंसान की स्वार्थी प्रवृत्ति को दर्शाता है। आज के समय में रिश्तों में दिखावे और स्वार्थ ने जगह बना ली है। हर कोई अपने लाभ को प्राथमिकता देता है। ऐसे समय में किसी को धोखा देना एक दर्दनाक अनुभव बन जाता है, लेकिन यही मुश्किलें सिखाती हैं कि किस पर विश्वास किया जाए और किससे दूरी बनाकर रखी जाए। वक्त ही असली पहचान कराता है।

**किस्मत चौधरी, बगली**

# हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले से दहशत में डेढ़ लाख परिवार

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा अवैध कब्जे नियमित करने संबंधी प्रदेश की भाजपा सरकार की 2002 की पालिसी को गैर कानूनी ठहराते हुए कब्जे नियमितीकरण हेतु बनाई गई धारा-163 ए को निरस्त करने के फैसले को प्रदेश सरकार को जनभावनाओं की कद्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए।



**नुराता राम ठाकुर**
**भांगला, नालागढ़, सोलन**

हाईकोर्ट के उक्त फैसले से प्रदेश के 167000 परिवार भयभीत हैं, क्योंकि हाई कोर्ट ने 28 फरवरी 2026 तक ऐसे सभी अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए हैं जिन्होंने तात्कालिक भाजपा सरकार की अतिक्रमण नियमितीकरण की पालिसी के तहत अपने कब्जे नियमित हेतु आवेदन किया था। हैरानी की बात है कि प्रदेश की लोकप्रिय सरकार होने का दम भरने वाली सुक्खू सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इससे पहले भी प्रदेश के बागवानों के अवैध कब्जे हटाने संबंधी हाईकोर्ट के फैसले पर भी कांग्रेस सरकार ने चुप्पी साध कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली और बागवानों अपने दम पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, तब जाकर उनके फलदार बगीचे कटने से बचे। अब फिर सुक्खू सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। हालांकि, हाईकोर्ट के फैसले के तुरंत बाद राजस्व मंत्री जगत सिंह ने कहा था कि हाईकोर्ट के उक्त फैसले की समीक्षा करने उपरांत सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी, पर आज दिन तक प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस बारे में एक शब्द भी नहीं बोला कि सरकार हाईकोर्ट के फैसले पर क्या रूख अपनाएगी?

सरकार की चुप्पी ने प्रदेश के उन गरीब परिवारों को भयभीत कर रखा है, जिनके पास उक्त जमीन के कोई और जमीन नहीं है तथा वे कई पीढ़ियों से पुश्त दर पुश्त उक्त जमीन पर गुजर बसर करते आ रहे हैं। सरकार को हाईकोर्ट के इस जन विरोधी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए ताकि प्रदेश के 167000 से भी ज्यादा प्रभावित परिवारों को उनके पुश्तैनी कब्जों से वंचित न होना पड़े, क्योंकि इन कब्जाधारियों में अधिकतर वे लोग शामिल हैं, जिन्होंने अपने पूर्वजों के समय के देह शामलात/पंचायती भूमि पर अपनी खून पसीने की कमाई से अपने आशियाने बना रखें है और उन्होंने उक्त आवासीय कब्जे के अलावा अन्य कोई भूमि नहीं कब्जा रखी है। इसलिए इनके हितों की रक्षा का दायित्व समझते हुए सरकार हाईकोर्ट के उक्त फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे, ताकि पुश्त-दर पुश्त रहते आ रहे, इन छोटे कब्जे धारकों को राहत मिल सके और उनके आशियाने उजड़ने से बच सके।



सरकार को ऐसे कब्जे नियमित करने के लिए कुछ पैरामीटर तय करने चाहिए। जैसे कि केवल उन परिवारों को ही उक्त लाभ के पात्र माना जाए, जिनके पास कुल मिलाकर पांच बीघा से कम जमीन हो और उनके कब्जे वर्ष 2000 से पहले के हों। यानी नियमितिकरण का लाभ केवल उन परिवारों को ही दिया जाए, जिनके घर वर्ष 2000 से पहले के बने हों और उनमें बिजली-पानी के कनेक्शन भी तभी के लगे हों। यदि सरकार उक्त कब्जे नियमित करने में किसी कारण असमर्थ हो तो उक्त मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाकर लघु तथा सीमांत कब्जा धारियों को राहत दिलाए, क्योंकि अवैध कब्जे नियमित करने की योजना पूर्व भाजपा सरकार ने ही बनाई थी और अपने चुनावी वादे को पूरा करने हेतु सरकार ने अतिक्रमण कर की कार्रवाई शुरू की थी।

अब चूंकि केंद्र में भाजपा की सरकार है तो प्रदेश भाजपा को भी जन भावनाओं की कद्र करते हुए केंद्र सरकार के समक्ष उक्त मामले को उठाना चाहिए। हाईकोर्ट ने धारा 163-ए इस आधार पर ही निरस्त की है कि भूमि आवंटित करने तथा अवैध कब्जे नियमित करने हेतु राज्य सरकार सक्षम नहीं है, केवल केंद्र सरकार को ही उक्त शक्तियां प्राप्त है। इसलिए प्रदेश भाजपा का यह दायित्व बनता है कि इसके नेतागण उक्त मामले को भारत सरकार के संज्ञान में लाकर इसका स्थायी हल करवाए। पर हैरानी की बात है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता भी प्रदेश की डेढ़ लाख से भी ज्यादा परिवारों की हितों की रक्षा करने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं और आज दिन तक भाजपा के किसी भी नेता ने इस जन विरोधी फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भले ही पीड़ित परिवार उक्त मामले को लेकर लामबंद होने लगे हैं और अपने ही दम पर हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की कवायद में जुटे हैं, पर प्रदेश की सुक्खू सरकार के साथ-साथ प्रमुख विपक्षी दल भाजपा भी इस जन विरोधी फैसले पर मूकदर्शक बने हुए हैं, जो कि बहुत ही चिंताजनक बात है।

सरकार को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए, क्योंकि हाईकोर्ट ने अवैध कब्जे हटाने की समय सीमा फरवरी 2026 तय कर रखी है। इसलिए सरकार को समय रहते आम जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए उचित कानूनी राय लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में धारा-163-ए के निरस्तीकरण के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देनी चाहिए। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार कर्मचारियों के द्वारा वित्तीय लाभों को लेकर हाईकोर्ट में किए जाने वाले उन केसों में तो तुरंत सुप्रीम कोर्ट का रास्ता अख्तियार कर लेती है। कहने का तात्पर्य यही है कि अवैध कब्जे नियमित करने संबंधी धारा -163-ए के निरस्तीकरण के मामले के दूरगामी परिणामों को गंभीरता से लेते हुए सरकार तुरंत सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देकर प्रदेश के डेढ़ लाख से भी ज्यादा प्रभावित परिवारों को राहत दिलाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पर्यावरण संरक्षण सिर्फ दायित्व नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च धर्म

सनातन संस्कृति व परंपराएं सदैव ही प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रही हैं। हमारे ऋषि मुनियों ने पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश) को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा की परंपरा स्थापित की। प्रकृति संरक्षण को धर्म का अभिन्न अंग बनाया तथा वृक्षों, नदियों और पर्वतों को जीवंत तथा पूजनीय तत्व माना।



**चंद्र मोहन केवला**
मतियाना, शिमला

ऋग्वेद का उद्घोष 'माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:' स्पष्ट करता है कि पृथ्वी हमारी जननी है और हम उसके पुत्र हैं। इस भाव के कारण ही भारतीय संस्कृति में प्रकृति का सम्मान और संरक्षण एक सहज प्रवृत्ति के रूप में विकसित हुआ। सनातन संस्कृति में वृक्ष पूजन का विशेष महत्व रहा है। विष्णु पुराण में एक वृक्षारोपण को सौ पुत्रों की प्राप्ति से भी श्रेष्ठ कहा गया है जबकि मत्स्य पुराण एक वृक्ष लगाने को दस तालाब बनाने से भी अधिक पुण्यकारी मानता है।

सनातन संस्कृति में जल को जीवन का आधार और देव माना गया है। गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी आदि नदियों को माता का स्थान प्रदान कर उनकी पूजा की गई। ऋग्वेद का मंत्र 'आप: स्वस्ति न: पन्थामनुचरेन्तु।' यह संदेश देता है कि जल हमारे लिए कल्याणकारी मार्ग का अनुसरण करे। शास्त्रों में भी स्नान करते समय सप्त नदियों को याद करने का विधान है। 'गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥'



भारतीय शास्त्रों ने भूमि को माता स्वरूप माना है। यजुर्वेद का मंत्र 'पृथिवि मातर्मा मा हिंसी:। अहं त्वां मा हिंसीम्।' हमें पृथ्वी का अपमान न करने की शिक्षा देता है। वेदों में वृक्षों को साक्षात ब्रह्म के समान माना गया है और वराह पुराण में वनोत्सव व सामूहिक वृक्षारोपण का उल्लेख मिलता है। यजुर्वेद में एक सूखे वृक्ष को काटने पर सौ वृक्षों के रोपण का निर्देश मिलता है।

हमारे देश में सदियों से चली आ रहीं परंपराएं व व्यवस्थाएं प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की जीवंत मिसाल हैं। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी स्थानीय देवताओं को समर्पित भूमि व वन देखने को मिलते हैं जहां पर वृक्षों को देवताओं की अनुमति के बिना काटना पूर्णत: वर्जित है तथा पर्वत शिखरों (टीलों अथवा चोटियों) की पूजा का विधान आज भी प्रचलित है। इस परंपरा को अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि में 'ओरण' के नाम से जाना जाता था जिसके अंतर्गत ग्राम देवता को समर्पित भूमि और वन आरक्षित रहते थे, जहां वृक्ष काटना पूर्णत: वर्जित था। राजस्थान में बिश्नोई समाज ने सन् 1730 में खेजड़ी वृक्षों की रक्षा हेतु अमृता देवी बिश्नोई सहित 363 लोगों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

अभी भी समय है कि हम अपनी जीवनशैली को सनातन परंपराओं की गहरी जड़ों से जोड़ें और प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य को पुन: स्मरण कर, पर्यावरण संरक्षण को केवल मात्र एक दायित्व नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च धर्म बना लें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरी-भरी धरती, संतुलित व स्वच्छ पर्यावरण की अमूल्य धरोहर सुरक्षित रह सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में भाग लेगा एफपीओ धर्मपुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की कड़ी में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक द्वारा शिमला में 13-14 सितंबर में राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एफपीओ धर्मपुर को भी भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा है।एफ़पीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने बताया कि राज्य सहकारी बैंक द्वारा इस सम्मेलन में कुछ चुनींदा सहकारी समितियों को भाग लेने के लिए बुलाया गया है और उसमें धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफ़पीओ को ये अवसर मिलना हमारे दो हज़ार शेयरहोल्डर्स के लिए गौरव का विषय है। एफपीओ द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का स्टाल सम्मेलन स्थल पीटरऑफ लगाने के लिए प्रोडक्शन एंड मार्केटिंग प्रभारी रजनी सकलानी और सरोजनी बिष्ट भाग लेंगी और सम्मेलन में एफपीओ सचिव भूपेंद्र सिंह भाग लेंगे। सत्तपाल चौहान ने बताया कि एफ़पीओ अपना तीसरा स्थापना दिवस 27 सितंबर को मनाने जा रहा है और उस दिन भराड़ी-सजाओपीपलु में मल्टीप्रोसेसिंग लघु उद्योग का भी उद्घाटन राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम शिमला के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा किया जाएगा।

### फोरलेन का डंगा ढहने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव नौलखा से जुड़ा जरल गांव के निकट डढैंस (ढला नाल) के यहां की फोरलेन की बदहाली को राहत न मिलने का सिलसिला लंबा हो चला है। यहां की ढांख का एक बड़ा भाग भू-स्खलन की चपेट में आने से सारा मलबा मार्ग पर पड़ा है और मार्ग का एक बड़ा भाग फूल गया है वहीं इसी ढांख के साथ ऊंचे तक लगा डंगा मार्ग की ओर झुकता जा रहा है जो किसी भयंकर खतरे की घंटी बजा रहा है ऐसे में वन वे ट्रैफिक की स्थिति बन गई है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि एक हो तों बताएं फोरलेन से संबंधित यानि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा गुणवतापूर्ण कार्य न किए जाने से आज कीरतपुर -मनाली फोरलेन का तमाम निर्माण कार्य सवालों के घेरे में है जिससे बार बार लोगों को असुविधा का सामना इसलिए भी करना पड़ रहा है क्योंकि नालियों सहित सर्विस रोड आदि का कार्य अभी भी अधर में लटका हुआ है जो प्रदेश की जनता को गुमराह करने से कम नहीं है। लोगों ने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही तमाम फोरलेन का सुधार किया जाए और दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### कल्याणकारी योजनाएं बच्चों के लिए संजीवनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मिनी सचिवालय पधर में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर किया गया, जिसमें पधर खंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरो ने हिस्सा लिया। डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर एनआर ठाकुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी कुंदन हाजरी,संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी तथा विधिक एवं प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी बतौर स्त्रोत व्यक्ति उपस्थित रहे। एनआर ठाकुर ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे को मिले। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य, मुख्य मंत्री सुख आश्रय योजना और इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना अनाथ,अर्ध अनाथ और असहाय बच्चों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। ठाकुर ने प्रतिभागियों को मुख्य मंत्री सुख आश्रय योजना और इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के हर पहलू की बारिकी से जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुंदन हाजरी ने प्रतिभागियों को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और पधर खण्ड में चल रही सभी विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखी।

### करसोग में 13 को लगेगी लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में 13 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन होगा। सिविल जज (सीनियर डिवीजन)-कम-चेयरपर्सन खंड विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता नरूला ने बताया कि इसमें बैंक रिकवरी, वाहन चालान, बिजली-पानी के बिल, पारिवारिक विवाद समेत विभिन्न प्रकार के समझौते योग्य मामले आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे लोक अदालत में भाग लेकर त्वरित व सस्ता न्याय प्राप्त करें।

### टीजीटी अध्यापकों की पदोन्नति सूची हो जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक-प्रधानाचार्य संघ ने प्रदेश सरकार से प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (टीजीटी) की लंबित पदोन्नति सूची को तुरंत जारी करने का आग्रह किया है। संघ के प्रधान रतन वर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगभग 25,000 टीजीटी अध्यापक लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। कई सालों से मुख्याध्यापक पद पर पदोन्नति नहीं होने के कारण बहुत से अध्यापक बिना प्रमोशन पाए ही रिटायर हो रहे हैं। इस स्थिति को उन्होंने अध्यापकों के साथ गहरा अन्याय और उनके मनोबल के लिए हानिकारक बताया। वर्मा ने बताया कि टीजीटी वर्ग के साथ पहले भी कई बार भेदभाव हो चुका है। लगभग 1500 भूतपूर्व सैनिक, जो टीजीटी कैडर में कनिष्ठ थे, अपनी सैन्य वरिष्ठता के आधार पर मुख्याध्यापक और प्रधानाचार्य बन गए, जबकि उनसे वरिष्ठ अध्यापक पीछे रह गए। इसके अलावा, साल 2012 में तत्कालीन सरकार ने 212 मुख्याध्यापकों की सीधी भर्ती कर दी, जिससे पदोन्नति के अवसर और भी कम हो गए। इन परिस्थितियों ने वर्षों से सेवा दे रहे टीजीटी अध्यापकों को निराश किया है। संघ को मिली जानकारी के अनुसार, विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सूची तैयार है। इसलिए, संघ ने मांग की है कि सरकार बिना किसी देरी के इस सूची को जारी करे, ताकि लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे टीजीटी अध्यापकों को पदोन्नति का लाभ मिल सके।

### डॉ. मदन ने प्रभावितों की समस्याओं को सुना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने पैदल लगभग 8 किलोमीटर का सफर करते हुए ज्वालापुर का दौरा किया और आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ तहसीलदार औट रमेश राणा, लोक निर्माण, जलशक्ति, विद्युत बोर्ड, बागवानी और सिविल सप्लाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. कुमार ने क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावितों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को उन्होंने ज्वालापुर सड़क को जल्द से जल्द खोलने का आदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि सड़क खुलने तक सेब और सब्जियों को मंडियों तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक मार्गों की जांच की जाए। डॉ. कुमार ने सिविल सप्लाई डिपो का निरीक्षण कर राशन की उपलब्धता का भी जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि उचित मूल्य की दुकानों तक राशन पूरी तरह से पहुंच गया है। एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के बारे में कहा कि जैसे ही सड़क बहाल होगी, एलपीजी की आपूर्ति नियमित रूप से शुरू कर दी जाएगी।

### प्रशिक्षुओं का सीटीएस परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर के प्रशिक्षुओं ने सीटीएस परीक्षाओं 2022-24 और 2023-24 में राज्य स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने बताया कि निदेशालय, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुंदरनगर और तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई टॉपर्स सूची में हमारे संस्थान के पांच प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस सूची में सुरभि शर्मा और शवनम ठाकुर ने अपने-अपने ट्रेड में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल और 21000 का पुरस्कार जीता है। वहीं, नेहा और अंचल ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल और 11000 रुपए का पुरस्कार हासिल किया।

# सरकाघाट-धर्मपुर नेशनल हाईवे कटा

## सरकाघाट की पांच और धर्मपुर की 4 सड़कें बंद, बारिश से मार्ग बहाली में आ रही मुश्किलें

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** रात भर हुई भारी बारिश के चलते सरकाघाट हमीरपुर मंडी धर्मपुर नेशनल हाईवे पर जमसाई वेटर्नरी अस्पताल के पास आधा हाईवे कट गया, वहीं क्षेत्र भर में धर्मपुर और सरकाघाट की 9 सड़कें अवरुद्ध हो गई।

जानकारी अनुसार देर रात वेटर्नरी अस्पताल के पास हाईवे का एक हिस्सा बारिश से कट गया, जिसके कारण मलबे समेत बिजली का ट्रांसफर भी 50 फुट नीचे पहुंच गया। सड़क बंद होने के कगार पर है, वहीं सरकाघाट लोक निर्माण विभाग के तहत रिस्सा मसेरन ब्राडता पाट्टी कूकैन बैंरी और धर्मपुर डिविजन के तहत बरोटी रखेड़ा सिद्धपुर सकलाना सतरेहड़ और कन्हुही बंद हो गई है।

लोक निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता हितेश शर्मा और धर्मपुर के अनिल शर्मा ने कहा कि बारिश के कारण सड़के खोलने में मुश्किलें आ रही है। आदित्य जगह पहाड़ी बैठने और मिट्टी दलदली होने के कारण रोड खोलने में मुश्किलें आ रही है जैसे ही मौसम खुल रहा है सड़के बहाल की जा रही है।

### मलबे समेत बिजली का ट्रांसफर 50 फुट नीचे पहुंचा



खस्ताहाल सड़क।

### कलखर-रिवालसर मंडी रोड की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** मंडी रिवालसर कलखर सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर लोगों भारी रोष पैदा हो गया है। ग्राम पंचायत प्रधान सरधवार पवन ठाकुर, व्यापार मंडल प्रधान रिवालसर नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत रिवालसर कश्मीर सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डीसी मंडी को भेजे शिकायत पत्र में सड़क मार्ग के टू लेन निर्माण कार्य में जुटी कंपनी के प्रति भारी आक्रोश प्रकट किया है। लोगों ने मार्ग की दशा सुधारने के लिए उनसे तुरंत हस्ताक्षेप कर निर्माण कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है तथा चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी दो दिनों में सड़क मार्ग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो निर्माण कंपनी का घेराव होगा और उनके वाहनों को सड़क मार्ग पर चलने नहीं दिया जाएगा।
बता दें की पिछले 3 वर्षो से सड़क मार्ग के विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते यह मार्ग पूरी तरह से टूट चूका है जहां देखो गड्डे ही गड्डे नजर आते हैं। इन गड्डों में फंस कर लोगों कि गाड़ियों का नुकसान हो रहा है, राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हुआ है।

### लडभड़ोल-सांडापतन मार्ग धंसा, यातायात ठप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बारिश के चलते लडभड़ोल-सांडापतन मार्ग पर भ्रां लोअर रेन शेल्टर के समीप सड़क धंस गई है। सड़क पर गहरा खड्डा बनने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। देर रात स्थानीय वाहन चालकों और बाइक सवारों ने जब इस मार्ग पर गहरा खड्डा देखा तो उन्होंने तुरंत ही ग्राम पंचायत प्रधान संजय चौहान और वार्ड सदस्य को इसकी सूचना दी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मुख्य मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रधान संजय चौहान ने बताया कि भ्रां लोअर रेन शेल्टर के पास सड़क पूरी तरह धंस चुकी है, इसलिए रात के समय लोग सफर करने से बचें।
लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने कहा कि मार्ग बंद होने की जानकारी उन्हें मिल चुकी है। एक सप्ताह के भीतर सड़क को बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

# बैठक बेनतीजा, जारी रहेगा विधायक चंद्रशेखर का अनशन

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** विधायक चंद्रशेखर का क्रमिक अनशन नेशनल हाईवे अथॉरिटी (नाही) के अधिकारियों के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद अब जारी रहेगा। वीरवार देर शाम नाही के हिमाचल प्रदेश हेड रीजनल ऑफिसर अनिल कुमार कुशवाहा ने अवाहदेवी में विधायक चंद्रशेखर के धरना स्थल पर उनसे मुलाकात की।

विधायक ने उन्हें किस कारण क्रमिक अनशन पर बैठना पड़ा इससे विस्तार से जानकारी दी और अपने विधानसभा क्षेत्र में हाईवे के अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार और अनियमिताएं बरतने और सरकारी कार्यालय स्कूलों, लोगों के घरों के गिरने बारे तमाम जानकारी दी। विधायक ने कहा जब तक हाईवे के अधिकारियों और ठेकेदारों को बदला नहीं जाता, तब तक क्रमिक अनशन लगातार जारी रहेगा। रीजनल मैनेजर ने कहा कि सड़क की दशा जल्द सुधारी जाएगी और अन्य जो भी उनके दायरे में है, उसे लेकर कार्रवाई की जाएगी और विधायक से अनशन समाप्त करने की गुहार लगाई, परंतु विधायक अपनी डिमांड पर अड़े रहे। इस पर आरओ अनिल कुमार ने कहा कि यह डिमांड उनके बस में नहीं है। इसे हायर लेवल को सौंप जाएगा।



भूख हड़ताल पर बैठे विधायक चंद्रशेखर।

इससे पहले नाही के रीजन मैनेजर ने एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा सहित पाडछू ब्रिज सरौरी अल्याना जमसाई साइट का अपनी टीम सहित दौरा किया और जहां पर भी पुल के गर्डर और लोगों के मकान ध्वस्त हुए थे और हाईवे टूटा है वहां का डाटा एकत्रित किया। एडीएम मंडी मदन कुमार ने धरना स्थल का दौरा किया और विधायक का हालचाल जाना। उन्होंने एसडीएम और डॉक्टर से विधायक के स्वास्थ्य की जानकारी ली। एसडीएम स्वाति डोगरा और डीएसपी संजीव गौतम भी साथ थे।


# हिम साहित्य परिषद मंडी ने करवाई कवि गोष्ठी

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** हिम साहित्य परिषद मंडी द्वारा सुंदरनगर के भोजपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया।

सुंदरनगर के कवि सुरेंद्र मिश्रा व बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) के हिन्दी अधिकारी व साहित्यकार ए के शुक्ला ने अपना पूर्ण सहयोग देते एवं मार्गदर्शन के लिए दो कदम आगे बढ़ाए वहीं सेवामुक्त शास्त्री हीरा सिंह कौशल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

काव्य गोष्ठी में सबसे पहले कवियत्री हरपिंदर कौर ने प्राकृतिक तौर पर हो रही छेड़छाड़ और बाढ़ पीड़ितों की चिंता कर कुछ इस तरह अपनी दो कविताएं पढ़ी 'मैं एक जंगल हूं हरा भरा' व 'कहीं बाढ़ तो कहीं पहाड़ तो कहीं टूटते आशियाने हैं' को खूब सराहना मिली। इसके साथ ही कवि-पत्रकार भीम सिंह परदेशी ने पाश्चात्य संस्कृति तथा कारगिल की कठोर पोस्टी ड्यूटी को लेकर 'ग्लैमर स्टुडियो' व 'सर्द सच' शीर्षक से अपनी दो कविताएं पढ़कर ध्यान आकर्षित थे इस किया। ग्राम पंचायत डुगराई के पूर्व प्रधान हेमराज ने भावुक वातावरण का अहसास करवाया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ पी.सी. कौंडल ने अपनी शानदार देशभक्ति रचना जिसका शीर्षक था 'भारत देश की आजादी' पेश कर तालियां बटोरी। साहित्य प्रेमी हीरा सिंह कौशल ने कार्यक्रम में पधारे सभी कवियों की रचनाओं पर सारगर्भित टिप्पणी की।



हिम साहित्य परिषद मंडी द्वारा आयोजित गोष्ठी के दौरान कवि।

# आपदा प्रभावितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : पंकज जम्वाल

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने प्रदेश में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। अनेक परिवार बेघर हो गए, फसलें बर्बाद हो गईं, सड़कें व संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुईं। ऐसे कठिन समय में सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि पूरी संवेदनशीलता व तत्परता से राहत और पुनर्वास कार्य सुनिश्चित करें।

जम्वाल ने चिंता जताई कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लगातार शिकायतें आ रही हैं कि प्रभावित परिवारों तक न तो समय पर राहत पहुंच रही है और न ही अधिकारी मौके पर मौजूद होकर समस्याएं सुन रहे हैं। कहीं पटवारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं तो कहीं पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। आपदा प्रभावितों की इस प्रकार की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव या पक्षपात नहीं होना चाहिए।

आपदा में सभी वर्ग समान रूप से प्रभावित हुए हैं, इसलिए प्रशासन का कर्तव्य है कि बिना भेदभाव हर पीड़ित तक तुरंत राहत पहुंचे। उन्होंने दोहराया कि भाजपा लगातार मांग करती रही है कि राहत वितरण पूरी पारदर्शिता और तत्परता से हो, ताकि लोगों का भरोसा प्रशासन पर बना रहे।

### शुभम और सरिता देवी को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत भड़याडा के निवासी शुभम, जो किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं तथा जामधला गांव की निवासी सरिता देवी, जो लंबे समय से बीमार चल रही हैं, को हिम युवा जन कल्याण संगठन ने मानवीय संवेदना रखते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की है।

संगठन ने शुभम के इलाज के लिए 15,000 रुपए की मदद दी है, जिससे उनके उपचार में सहारा मिल सके। इसी तरह, सरिता देवी, जिनका इलाज टांडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, को भी 15,000 रुपए की राशि प्रदान की गई। दोनों ही परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उनकी आय का कोई स्थिर साधन नहीं है। ऐसे में संगठन की यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

# आपदा में लाचार हुआ बंजार, जल्द सुध ले सरकार : पुरुषोत्तम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** प्राकृतिक आपदा के कारण बंजार विधानसभा क्षेत्र की बदहाल स्तिथि को लेकर पूर्व सरकार में मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक रहे पुरुषोत्तम शर्मा ने वर्तमान सरकार से इस क्षेत्र की सुध लेने की आग्रह किया है।



उन्होंने इन इलाकों में बिजली और सड़क सेवाएं युद्धस्तर पर बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पिछले 2 सप्ताह से बंजार में बिजली नहीं है और क्षेत्र की लाइफ लाइन राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 सड़क भी डेढ़ माह से पूरी तरह बहाल नहीं हुई है। धामन, सिहड़ा और मंगलौर में सड़क पिछले दो माह से भूस्खलन और जमीन धंसने से रोज बंद हो रही है। मजबूरन लोगों को पैदल ही सफर करना पड़ रहा है और मरीजों को कुर्सी पर उठाकर कई किलोमीटर का सफर कर औट तक लाना पड़ रहा है।

बंजार के सारी, मातला, जीवा, लारजी, धामण, मंगलौर, शराई, सिंघवा, थाटीवीड, शिल्ह, स्नाड्डु, गुशेनी, बांदल और तीर्थन घाटी सहित सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी तहसील में बहुत बुरा हाल है। इस इलाके में भी बंजार सब डिपो से बसें चलती है लेकिन एक भी रुट पर बस न चलने से लोगों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। पैदल चलने के अधिकांश रास्ते भी बंद हैं और सिर्फ औट से बंजार तक मुख्य सड़क मार्ग को ही 10 दिनों बाद केवल छोटे वाहनों के लिये ही खोला जा सका है लेकिन ये भी जगह जगह सड़क धंस जाने से पूरी तरह तबाह हो चुका है। करोड़ों रुपए के अनार और सेब की फसल खेतों और बागीचों में सड़ रही है। लोग बंद सड़कों की बजह से अपने उत्पाद मार्किट तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। रसोई गैस और राशन का भी संकट है।

### समाजसेवी सरबजीत बॉबी का जताया आभार

**पुरुषोत्तम** शर्मा ने शिमला के समाजसेवी सरबजीत सिंह बॉबी का आभार जताते हुए कहा कि के आपदा की इस घड़ी में बंजार और बालीचौकी क्षेत्र की पीड़ित जनता के साथ खड़े रहे। मैं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का आभारी हूं कि उनके मार्गदर्शन में सरबजीत बॉबी की संस्था ने बालीचौकी और बंजार के कुछ ज्यादा प्रभावित इलाकों के लिए 210 राशन किट्टें भेजी जो हमने इनके मंडी में संयोजक हंसराज सैनी के माध्यम से पात्र लोगों तक पिछले कल पहुंचाई।

# सरकाघाट की सड़कों की हालत खराब : दलीप ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दलीप ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग मंडल सरकाघाट की सड़कों की दयनीय स्थिति पर विधानसभा में सवाल उठाया।

विधायक ने पूछा कि वर्तमान में सरकाघाट मंडल के अंतर्गत कितनी सड़कें छोटे और बड़े वाहनों के लिए बंद पड़ी हैं और इन सड़कों को सुचारू यातायात के लिए खोलने एवं रख-रखाव हेतु सरकार ने क्या-क्या प्रावधान किए हैं। लोक निर्माण विभाग ने अपने जवाब में यह दावा किया है कि अत्यधिक वर्षा से केवल सरकाघाट की सिर्फ 13 सड़कों को नुकसान पहुंचा है जिनमें से 7 सड़कें पूरी तरह बंद हैं, जबकि 6 सड़कें सिर्फ छोटे वाहनों के लिए खुली हैं।

सरकाघाट मंडल की सड़कों की हालत खराब है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि लोक निर्माण विभाग इन सड़कों को अपनी मानने से ही इंकार कर रहा है।

# स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ेंगे भोजपुर स्कूल के बच्चे

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को नई दिशा देने के लिए प्रदेश सरकार के विशेष अभियान में अब रोटरी क्लब सुंदरनगर ने भी कदम बढ़ाया है।

राजकीय माध्यमिक पाठशाला भोजपुर में रोटरी क्लब सुंदरनगर के सहयोग से स्मार्ट क्लासरूम की सौगात बच्चों को मिली। स्मार्ट क्लासरूम के शुभारंभ पूर्व सीपीएस एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहन लाल ठाकुर ने किया। इस अवसर पर सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को सदृढ़ करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देते हुए किया गया सहयोग प्रयास सराहनीय है। स्मार्ट क्लासरूम से आधुनिक तकनीक से जुड़ी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञानवर्धन में मील का पत्थर साबित होंगे।



उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि पूर्व सीपीएस को सम्मानित करते हुए।

उद्घाटन समारोह में रोटरी क्लब की ओर से स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब सुंदरनगर से प्रवीण अग्रवाल, धर्मेंद्र राणा, रामपाल गुप्ता, विमल शर्मा, घनश्याम महाजन, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत शर्मा, विनोद सोनी, आचार्य रोशन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लिटिल स्कॉलर होम के बच्चे दिखाएंगे राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग में जौहर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

लिटिल स्कॉलर होम जरल के 9 बच्चे सुंदरनगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य सुजाया शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि ईगल कराटे अकादमी के कोच कृष्ण लाल भूपी बच्चों पर बहुत मेहनत कर रहे हैं तथा बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार कर रहे हैं। एक साथ स्कूल के 9 बच्चे भाग ले रहे हैं। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा यह हमें स्वस्थ रखने के साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है।

वहीं स्कूल के कोच कृष्ण लाल भूपी ने बताया कि शनिवार व रविवार को 2 दिवसीय इस राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पॉइंट फाइट, लाइट कॉन्टैक्ट, म्यूजिक फॉर्म व क्रिएटिव फॉर्म इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे तथा इस प्रतियोगिता में मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।

### भड़याल की सुहानी सोलन में करेगी बीएएमसी पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह घाटी के गांव भड़याल की सुहानी का चयन बीएएमएस की पढ़ाई के लिए हुआ है। सुहानी ने नीट की परीक्षा पास की और उसे अब बीएएमएस की डिग्री के लिए सीट मिली है। सुहानी पुत्री मुनीश कुमार सैनी गांव भड़याल, डाकघर टिक्कर तहसील बल्ह जिला मंडी की रहने वाली है। दादा कर्म सिंह सैनी ने बताया कि सुहानी की प्रारंभिक शिक्षा जमा दो कक्षा तक मलोरी बैहना के फनिक्स स्कूल में हुई। उसने नीट की परीक्षा दी और उसमें जो रेंक उसे हासिल हुआ उसके अनुसार उसे बीएएमएस में सीट मिली व सोलन की कालेज में वह अब डिग्री हासिल करेगी।

**राहत** | बालीचौकी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचा प्रशासन, पंचायत स्तर पर बांटी राहत

# सड़क, बिजली व संचार सेवाएं बहाल करने पर फोकस : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

उपमंडलाधिकारी बालीचौकी देवीराम ने बताया कि भारी बरसात के कारण क्षेत्र में हुए नुकसान के दृष्टिगत राहत एवं पुनर्बहाली के कार्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर राशन की उपलब्धता सहित आवश्यक सेवाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा रही है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रभावित स्थानों पर जाकर नुकसान का आकलन करने के साथ ही राहत वितरण का कार्य किया जा रहा है। गत दिवस प्रशासनिक दल ने ग्राम पंचायत देवधार का दौरा किया, जहां 18 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन्हें सरकार की ओर से आवास योजना के तहत गृह निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अन्य क्षतिग्रस्त संपत्तियों को मनरेगा के तहत कवर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बालीचौकी के दूरस्थ गाडा गुशैणी में भी राहत कार्य जारी है। गाडा गुशैणी और चुलाथाच राशन डिपो में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। काऊ और पंजाई क्षेत्र में भी प्रशासनिक दल ने नुकसान का जायजा लिया।

### पीडीएस डिपो में पहुंचा राशन : देवीराम

**देवीराम** ने बताया कि ग्राम पंचायत मुराह के प्रभावित क्षेत्रों में भी प्रभावित परिवारों को राशन किट्ट वितरित किए गए हैं। राशन स्थानीय पीडीएस डिपो पर भी पहुंच गया है और लोगों को वितरित कर दिया गया है। बिजली और मोबाइल नेटवर्क बहाल कर दिया गया है। क्षेत्र में बाधित जलापूर्ति बहाल करने का कार्य जारी है। गिरधा खड्डु तक संपर्क मार्ग चालू कर दिया गया है। इसके साथ ही बिजली और मोबाइल नेटवर्क बहाल कर दिया गया है।

### पटवार वृत्त नारायणगढ़ का भी किया दौरा

**ग्राम** पंचायत गुराण में भी प्रभावित परिवारों को राशन किट वितरित करने के साथ ही स्थानीय राशन डिपो के माध्यम से लोगों को राशन वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक दल ने पटवार वृत्त नारायणगढ़ का दौरा भी किया। इसमें ग्राम पंचायत खुहण और सुधराणी में प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया और लोगों से संवाद कर उन्हें हरसंभव मदद का विश्वास जताया गया। यहां सड़क सम्पर्क, विद्युत आपूर्ति की बहाली के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# आईआरएफ फिजियोथैरेपी रैंकिंग में अभिलाषी ने जमाई धाक

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है और आईआईआरएफ फिजियोथेरेपी रैंकिंग 2025 में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय ने पूरे गर्व के साथ भारत (निजी संस्थान) में 59वां स्थान, उत्तर जोन में 18वां स्थान तथा हिमाचल प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

विश्वविद्यालय का प्रमुख बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी) कार्यक्रम सहायक स्वास्थ्य विज्ञान शिक्षा में उत्कृष्ट मानदंड के रूप में स्थापित है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को सक्षम फिजियोथेरेपिस्ट बनाने के लिये सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण का समन्वय करता है। चार वर्ष की शैक्षणिक पढ़ाई और छह माह की अनिवार्य इंटर्नशिप सहित यह कोर्स अत्याधुनिक अवसंरचना, सुसज्जित प्रयोगशालाओं तथा एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी और उन्नत फिजियोथेरेपी उपकरणों जैसी आधुनिक अस्पताल सुविधाओं से समर्थित है।

अभिलाषी विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में दो नए स्नातक पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की है जिसमें बीएससी एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी - छात्रों को एनेस्थीसिया प्रक्रिया में सहयोग और मरीज की निगरानी जैसी अहम कौशलों में दक्ष बनाना और बीएससी मेडिकल रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी-छात्रों को एक्स-रे, सीटी प्रशिक्षित करना शामिल है।




### समस्त विश्वविद्यालय परिवार को दी बधाई

**विश्वविद्यालय** के संपूर्ण नेतृत्व और प्रबंधन माननीय चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, माननीय प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, चेयरपर्सन जीईएस डॉ. नर्बदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन एईएस डॉ. प्रोमिला अभिलाषी तथा सचिव नरेंद्र कुमार ने उपलब्धि पर समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

### उपलब्धि अभिलाषी के लिए गर्व का क्षण

**माननीय** कुलाधिपति (चांसलर) डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि आईआईआरएफ रैंकिंग में यह पहचान पूरे अभिलाषी विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी ने कहा कि अभिलाषी विश्वविद्यालय में हमारा उद्देश्य केवल पेशेवर तैयार करना नहीं बल्कि सामाजिक रूप से उत्तरदायी नागरिक बनाना है। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचके चौधरी ने कहा कि आईआईआरएफ रैंकिंग में उपलब्धि अभिलाषी विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे संकाय की निष्ठा, छात्रों की मेहनत और संस्थान की दूरदृष्टि को दर्शाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मरवाड़ी में गैस पाइप फटने से मासूम की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गगरेट थाना क्षेत्र के मरवाड़ी बाजार में बीती रात एक दर्दनाक हादसा पेश आया है, जिसमें बाहरी राज्य के परिवार की मासूम बेटी की जान चली गई। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी कुमेश सिंह कुशवाह अपने परिवार के साथ मरवाड़ी में डॉक्टर शेर सिंह के क्वार्टर में रह रहा था और रोजी-रोटी के लिए बाजार में गोलगप्पे की रेहड़ी लगाता था। रात को अचानक गैस सिलेंडर की पाइप फटने से आग लग गई। इस हादसे में कुमेश सिंह की तीन साल की मासूम रागिनी बुरी तरह झुलस गई। परिजनों ने उसे बचाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन मासूम जिंदगी की जंग हार गई। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी एसआई रविपाल अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

### एसएसआरवीएम ने प्रभावितों को दिए 51 हजार



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसएसआरवीएम ऊना के छात्रों, अध्यापकों और प्रबंधन द्वारा एकत्रित 51,000 रुपए की राशि विधायक विवेक शर्मा के माध्यम से सरकार को भेजी गई। अपने संबोधन में विवेक शर्मा ने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से अनेक परिवारों का घर तबाह हो गया है और वे बेघर हो गए हैं। उन्होंने इस सामूहिक योगदान को प्रभावित परिवारों के लिए जीवनदायिनी बताया और कहा कि ऐसे सहयोग से आपदा पीड़ितों को संकट की इस घड़ी में बहुत मदद मिलेगी। विधायक ने प्रातःकालीन सभा को संबोधित करते हुए छात्रों और अध्यापकों की सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की सराहना की। उएसएसआरवीएम ऊना के प्रबंध निदेशक सुमेश कुमार शर्मा ने विधायक का उनके व्यस्त कार्यक्रम के बीच विद्यालय आने और विद्यार्थियों से संवाद करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा, प्राचार्या बृज बाला शर्मा, अकादमिक हेड सुरिंदर रात्रा और मैनेजर साक्षी शर्मा भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। नविद्यालय के अभिभावकों द्वारा भेजा गया सामग्री संग्रह भी विधायक को सौंपा गया, ताकि यह सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच सके। अध्यापकों और छात्रों की उपस्थिति ने इस संजीव सभा को और भी रंगीन और यादगार बना दिया।

### योगदान एक पहल संस्था ने बांटी छात्रवृत्तियां

**अनंत ज्ञान, ऊना।** योगदान एक पहल संस्था द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए गर्ल्स स्कूल ऊना में वीरवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा 27 लड़कियों को 33 हजार रुपए की छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इनमें 25 छात्राएं गर्ल्स स्कूल की शामिल थी, जिन्हें 1200-1200 रुपए की छात्रवृत्ति दी, जबकि 2 छात्राएं सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल की हैं जिन्हें 1500-1500 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की। हम अपने पाठकों को बताना चाहेंगे कि योगदान एक पहल द्वारा पुणे के गर्ल्स स्कूल के बच्चों की पढ़ाई का खर्चा तो उठाया है लेकिन इसके इलावा और भी स्कूलों में जाकर इस संस्था द्वारा बच्चों को शूज जरा बी और गर्म कपड़े और भी कॉपियां किताब के अलावा कई प्रकार का खर्च उठाया जाता है। इस संस्था द्वारा मेडिकल कैंप लगाना और जरूरतमंद परिवारों में राशन बांटना गर्मियों में बच्चों के लिए स्कूल में वाटर कलर उपलब्ध करवाना जिस प्रकार जिसकी सहायता हो सके, इस क्लब द्वारा टाइम टू टाइम लगातार सहायता की जाती है। मैडम सुमन पुरी ने बताया कि हमारा क्लब किसी से डोनेशन नहीं लेता। हम अपने जो मेंबर हैं, वे अपने अपने जेब खर्चे से लोगों की मदद करते हैं जो कि भविष्य में आगे भी ऐसे ही मदद करते रहेंगे। इसमें हमारे मेंबर्स के अलावा हमारे परिवार का भी योगदान रहता है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सुमन पुरी, उपाध्यक्ष मीना शर्मा, सचिव रोहित चंदेल, जैनी चंदेल, सह सचिव मंदीप सिंह, डॉ. मोनिका शर्मा, मयंक शर्मा, डॉ. नमिता सिंगला, गर्ल्ज स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश शर्मा, अध्यापक प्रेरणा, वत्सल्य, पूजा कौंडल, सतवीर कौर व वंदना मौजूद थे।

# ग्रामीणों का बाहरी दुनिया से टूटा संपर्क

## चंगर पंचायत के गांव जगातखाना की सड़क बारह दिन से बंद, पंचायत घर में पढ़ने को मजबूर बच्चे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के चंगर पंचायत के हिंडोला से करीब पांच किमी की दूरी पर स्थित रामगढ़ धार में गांव जगातखाना का मुख्य मार्ग पर बारह दिन से यातायात बंद पड़ा है। इस सड़क के बंद होने से स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगातखाना गांव, जिसकी आबादी लगभग 250 के करीब है और करीब पचास घर हैं, का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग कट चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ब्रह्मौती मंदिर से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, लेकिन सड़क बाधित होने से यहां पहुंचना मुश्किल हो गया है।

गांव के लोगों ने बताया कि बारह दिनों से सड़क बंद होने के कारण उन्हें पांच किलोमीटर पैदल चलकर बस सुविधा प्राप्त करनी पड़ रही है। बीमार, बुजुर्ग और स्कूली बच्चों के लिए यह सबसे बड़ी मुश्किल बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि जगातखाना तक यही एकमात्र



जगातखाना गांव की सड़क बारह दिन से बंद है, जिससे हर कोई परेशान है।

### बीमार, बुजुर्ग और स्कूली बच्चों पर टूटा मुश्किलों का पहाड़

सड़क है और इसके बंद होने से पूरा गांव मानो बंधक बन गया है। स्थिति इतनी खराब है कि गांव का प्राइमरी स्कूल भी पंचायत घर में शिफ्ट करना पड़ा। पंचायत घर के महज एक कमरे में पांचों कक्षाओं की पढ़ाई चल रही है। यहां करीब 35 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सीमित जगह और संसाधनों के कारण शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही असुविधा का सामना कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों में प्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान कुलबीर सिंह, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य करनैल सिंह, मास्टर जय सिंह, दिलवर सिंह, बलकार सिंह, पूर्व वार्ड पंच निरंजन कौर, विचित्र सिंह, किशन सिंह, छोटू राम, नत्था सिंह, मंगत राम, संजू, होशियार सिंह, केहर सिंह, सुरेंद्र कुमार और रघुबीर सिंह आदि ने एक स्वर में प्रशासन से गुहार लगाई है कि सड़क को शीघ्र बहाल किया जाए। उनका कहना है कि अगर तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

लोगों का यह भी कहना है कि सड़क अवरुद्ध होने के कारण खेती-बाड़ी के कामों पर भी असर पड़ा है। फसल और सब्जियों को बाजार तक पहुंचाना बेहद मुश्किल हो गया है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक ले जाना सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अरविंद लखनपाल ने बताया कि विभाग ने रोड को बहाल करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क पर यातायात सुचारु कर दिया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के आश्वासनों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर आने वाले दिनों में सड़क बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। सड़क बंद होने से जगातखाना गांव के लोग अपने आप को पूरी तरह उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार और प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया है कि जल्द से जल्द सड़क को खोलकर ग्रामीणों को राहत दी जाए।

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस समारोह में स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के डीसी जतिन लाल ने डॉ. जगदीश्वर कंवर अस्पताल ऊना में आयोजित विश्व फिजियोथैरेपी दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. शिखा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं में फिजियोथेरेपी के योगदान और उसकी महत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक फिजियोथेरेपी हस्तक्षेप के महत्व और इसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान उपायुक्त ने चिकित्सकों के जरिए किए जा रहे स्वास्थ्य संबंधी प्रयासों और रोगियों के समग्र स्वास्थ्य सुधार में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी न केवल उपचार का माध्यम है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में भी सहायक है।

उपायुक्त ने आमजन से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने का आग्रह किया ताकि एक स्वस्थ, सक्षम और सक्रिय जीवन सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्टों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और फिजियोथेरेपी के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।



डॉ. जगदीश्वर कंवर अस्पताल में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया।

### कुरियाला स्कूल में असुरक्षित ढांचा गिराने के आदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक जिला उच्च शिक्षा विभाग अनिल कुमार तक्खी ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरियाला का निरीक्षण किया और भवन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय के दो कमरे, एक शौचालय और चहारदीवारी असुरक्षित स्थिति में हैं। इन सभी को तत्काल प्रभाव से असुरक्षित घोषित करते हुए हटाने (डिस्मेंटल) के आदेश जारी किए गए। इस मौके पर निरीक्षण टीम में पुष्पा रानी (नोडल अधिकारी, इंस्पायर), वरुण पाठक (सुपरिंटेंडेंट), कश्मीरी सिंह (सेक्शन ऑफिसर) एचपीपीडब्ल्यूडी, जेई विशाल तथा एसएमसी प्रधान रवि दास शामिल रहे। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य सुदर्शन कौशल तथा समस्त स्टाफ सदस्य निरीक्षण के समय मौजूद रहे। तक्खी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ट्रैफिक नियम व नशे के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** थाना प्रभारी हरोली सुनील कुमार के नेतृत्व में हरोली पुलिस द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरोली में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियमों और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति सतर्क करना था, ताकि वे सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# आरक्षण प्रक्रिया होगी निष्पक्ष और पारदर्शी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पंचायती आम चुनाव-2025 के मद्देनज़र वीरवार को डीआरडीए सभागार ऊना में पंचायतराज संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने के लिए जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायत आम चुनाव-2025 के लिए आरक्षण प्रक्रिया संबंधी संशोधित नियम जारी किए हैं। यह संशोधन हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) द्वितीय संशोधन नियम, 2025 के रूप में 14 अगस्त को अधिसूचित और 18 अगस्त, 2025 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला में पंचायती आम चुनाव 2025 में आरक्षण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लागू की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंचायत चुनावों की तैयारी करते समय इन संशोधित प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए।

**रोटेशन आधार पर होगा आरक्षण :** उन्होंने बताया कि संशोधित नियमों के अनुसार पंचायत चुनावों में विभिन्न निर्वाचित पदों जैसे ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के सदस्यों तथा पंचायत अध्यक्षों (सभापतियों) के पदों का आरक्षण चक्रीय आधार (रोटेशन) पर किया जाएगा।



पंचायतीराज संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करते गणमान्य।

### पंचायती आम चुनाव को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

इस प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों और पदों का निर्धारण नए सिरे से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संशोधित नियमों के तहत यदि किसी क्षेत्र या पंचायत में प्रथम बार चुनाव हो रहा है तो उस स्थान का आरक्षण निर्धारित उप-नियमों के अनुसार किया जाएगा और तत्पश्चात आने वाले चुनावों में क्रमवार (चक्रीय) रूप से आरक्षण लागू किया जाएगा। इससे पंचायत चुनावों में सभी वर्गों को समान अवसर सुनिश्चित होगा। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिले में आरक्षण प्रक्रिया 25 सितंबर तक संपन्न की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने आरक्षण प्रक्रिया संबंधी संशोधित नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, समस्त एसडीएम, समस्त बीडीओ तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वन अधिकार अधिनियम पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में वीरवार को डीआरडीए के सभागार में वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी उपमंडल अधिकारियों, रेंज अधिकारी और तहसीलदरों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत आवेदनों पर उचित कार्यवाही करने तथा आवेदकों के दावों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिए इस संबंध में प्राप्त सभी दावों पर 2 अक्तूबर के आम जलास में विस्तारपूर्वक चर्चा की जाए। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को संबंधित उपमंडल स्तर पर इनकी बैठकें और कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ ऊना सुशील कुमार ने पीपीटी के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में वन शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बैठक में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, डीएफओ ऊना सुशील राणा, समस्त एसडीएम और बीडीओ सहित सभी रेंज ऑफिसर, ब्लॉक ऑफिसर और वन रक्षक मौजूद रहे।

# अनुशासित छात्रों के साथ संवाद की नई पहल



अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में 'कॉफी विद प्रिंसिपल' कार्यक्रम में छात्र और अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में आज एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत 'कॉफी विद प्रिंसिपल' कार्यक्रम के दूसरे सत्र 2.1 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिन्होंने कक्षा और पुस्तकालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर उत्कृष्ट अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में चयनित छात्रों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. ठाकुर ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए कहा कि 'कॉफी विद प्रिंसिपल' केवल

### बंगाणा कॉलेज में 'कॉफी विद प्रिंसिपल' का सफल आयोजन

उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित करने का मंच नहीं है, बल्कि यह छात्रों और प्रशासन के बीच एक रचनात्मक और सशक्त संवाद की पहल है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक माह की पहली तिथि को किया जाता है, जिसमें पिछले माह अकादमिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है।

इस विशेष अवसर पर प्राचार्य के साथ विद्यार्थियों को विचार-विमर्श करने, अपने अनुभव साझा करने और सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर मिला। डॉ. ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के संवाद छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। 'एक कप कॉफी के साथ साझा किए गए विचार विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर बन सकते हैं,' उन्होंने जोड़ा।

कार्यक्रम में संकाय सदस्य प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. किरण कुमारी, प्रो. कृष्ण चंद, प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. किरण ठाकुर एवं प्रो. निकिता गुप्ता सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। 'कॉफी विद प्रिंसिपल' जैसी पहल न केवल विद्यार्थियों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करती है, बल्कि शिक्षकों और छात्रों के बीच की दूरी को पाटकर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाती है।

# वित्तीय सुधारों के नाम पर कर्मचारियों का गला घोंटना बंद करे सरकार : रजनीश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा की अगुवाई में जिला के विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा है कि आर्थिक सुधारों को लेकर राज्य सरकार ने जो हायर ग्रेड पे हटाने का निर्णय लिया है, अति निराशाजनक है। इस निर्णय से राज्य के लाखों कर्मचारियों का मनोबल आहत हुआ है।

उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार ने ओपीएस देने जैसा साहसिक निर्णय लिया था। राज्य के हर कर्मचारी संघठन ने पूरी ईमानदारी से सरकार का समर्थन किया परंतु इसके उपरांत जो भी राज्य सरकार ने वित्तीय सुधारों को लेकर फैसले किए हैं, उनमें अधिकतर कर्मचारी विरोधी ही रहे हैं। राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं का हवाला देकर कर्मचारियों के आर्थिक हितों को छीनना सरासर अन्यायपूर्ण है। रजनीश ने कहा कि कर्मचारी वर्ग प्रदेश की वर्तमान वित्तीय स्थिति से परिचित है और काफी समय से लंबित पड़े डीए एरियर के भुगतान को लेकर चुप है, लेकिन कर्मचारियों के मूल हितों से खिलवाड़ करना किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने राज्य सरकार से अपील की है कि इस अधिसूचना को शीघ्र वापिस लिया जाए और डीए की किस्तों के भुगतान के लिए घोषणाओं का आश्वासन देने की बजाए समय पर अधिसूचना जारी करे, अन्यथा राज्य के लाखों कर्मचारियों को संघर्ष के रास्ते पर ले जाने हेतु मजबूर करने के लिए सरकार स्वयं उत्तरदायी होगी। संयुक्त बयान में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के महासचिव राजेश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह, राज्य प्रतिनिधि राजीव पाठक, प्रेस सचिव संजीव मारकर, हरोली खंड के प्रधान हरजिंदर सिंह तथा महासचिव प्रेम जसवाल शामिल थे।

# विधायक विवेक लगातार पुनर्वास कार्यों में जुटे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र बीते दिनों आई प्राकृतिक आपदा से गहरे जख्म झेल रहा है। भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ जैसी परिस्थितियों ने लोगों के घरों, खेतों और रोजमर्रा की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई परिवार बेघर हो गए, तो कई को अपने रोजगार के साधन गंवाने पड़े, ऐसे कठिन समय में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा लगातार राहत और पुनर्वास कार्यों में जुटे हुए हैं।

बीते सात दिनों में वह कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र की हर पंचायत में पहुंचे और पीड़ित परिवारों से सीधे मिलकर उनका हालचाल जाना। विधायक विवेक शर्मा ने वीरवार को बल्ह और बुढ़ार पंचायत का दौरा किया। यहां उन्होंने आपदा से प्रभावित घरों और खेतों का विस्तृत आकलन किया। कई परिवारों की छतें टूट चुकी थीं और खेतों में मलबा भर गया था। ऐसे हालात देखकर विधायक ने प्रभावित परिवारों को न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि राशन



बुजुर्ग से बातचीत करते विधायक विवेक।

किट और तरपाल भी उपलब्ध कराए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो परिवार इस समय बेघर हो चुके हैं, उनके लिए जल्द ही पुनर्वास की ठोस योजना बनाई जाएगी और उन्हें पक्के घर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

सात दिनों में 74 की पैदल सफर करके पीड़ितों को पहुंचाई आर्थिक मदद,

पिछले सात दिनों में विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ की लगभग हर पंचायत का दौरा किया है। कहीं उन्होंने नकद राशि बांटी, तो कहीं राशन किट और आवश्यक सामग्री पहुंचाई। तरपाल और अस्थायी शरण के इंतज़ाम भी उनके सहयोग से किए गए। उनका कहना है कि जब तक हर प्रभावित परिवार को छत और जीवन यापन के साधन उपलब्ध नहीं होते, तब तक राहत कार्य लगातार चलते रहेंगे। राहत वितरण के दौरान विधायक विवेक शर्मा विशेष रूप से बुजुर्गों के पास भी रुके। कई वृद्ध लोग बीमारी और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे थे। उन्होंने न सिर्फ उन्हें दवाइयां दिलवाईं, बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि आगे के इलाज का खर्च भी वह खुद वहन करेंगे। उनकी इस पहल से लोगों में विश्वास और बढ़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पहली बार देख रहे हैं कि कोई विधायक अपने निजी वेतन और आय से जनता की सेवा कर रहा है।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर कोने में आज विधायक विवेक शर्मा के राहत कार्यों की चर्चा है। लोग उनके सेवा भाव की सराहना कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में विधायक विवेक शर्मा का इस तरह हर घर तक पहुंचना अपने आप में बड़ी बात है।

**पहल** | राजभाषा हिंदी पखवाड़ा : ऊना में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

# भाषा व संस्कृति विभाग का हिंदी संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाषा एवं संस्कृति विभाग ऊना द्वारा राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां में जिला स्तरीय भाषण, निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला भाषा अधिकारी ऊना निक्कू राम ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ऊना जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 210 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय से डॉ. शाकुंतला देवी राणा, राजकीय कन्या महाविद्यालय ऊना से डॉ. ओंकार सिंह, राजकीय महाविद्यालय ऊना से श्रेयसी, सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी से डाव मुकेश कुमार तथा सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ. बालकृष्ण सोनी, निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में



राजभाषा हिंदी पखवाड़ा पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी और आयोजक

उपस्थित रहे। निक्कू राम ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धमांदरी की छात्रा मौली ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुगलैड़ के छात्र कानन चौधरी ने द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियाला की छात्रा आरुषि ने तृतीय औरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसाल की छात्रा श्रुति ने चौथा स्थान हासिल किया।

इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता में 66 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ईसपुर की छात्रा खुशबु प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलरूही की छात्रा अंकिता ने द्वितीय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना की छात्रा सेजल ने तीसरा और सरस्वती विद्या मन्दिर चिंतपूर्णी की छात्रा रुद्रांशी ठाकुर चौथे स्थान पर रहीं।

उन्होंने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला ऊना एवं हमीरपुर के विभिन्न विद्यालयों के 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें संत धनी राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गगरेट की छात्रा एंजल ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी की छात्र देवेंद्र कुमार ने दूसरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलौण की छात्रा खुशबु ने तीसरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बेहड़ा की छात्रा रिया शर्मा, राजकीय उच्च विद्यालय बुढ़वार के छात्र विधांत राज ठाकुर एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुगलैहड़ की छात्रा महक ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर ऊना जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भी मौजूद रहे।

# ऊना जिले के 15 सरकारी स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से होगी सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

अपने बच्चों को सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में पढ़ाने के इच्छुक अभिभावकों की इच्छा जल्द पूरी होने वाली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के दो सौ सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न से शुरू करने के किए गए ऐलान के बाद शिक्षा विभाग ने प्रदेश के चुनिंदा स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने के लिए कदमताल शुरू कर दी है। परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के दो सौ से अधिक स्कूल सीबीएसई पैटर्न के साथ शिक्षा प्रदान करेंगे। जिला ऊना के भी पंद्रह स्कूल शार्टलिस्ट किए गए हैं, जो अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई के पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षा प्रदान करेंगे।

बेशक प्रदेश के तमाम सरकारी स्कूल मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ संबद्ध हैं और इन स्कूलों में दसवीं व बाहरवीं की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में अभिभावकों का ट्रेंड अपने बच्चों

### अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के कई स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने की योजना : अनिल

को सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में पढ़ाने के लिए ज्यादा है। यही वजह है कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाने के लिए उन निजी स्कूलों का ज्यादा रुख कर रहे हैं, जो सीबीएसई पैटर्न के साथ पढ़ाई करवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने अभिभावकों की इस नब्ज को पकड़ा है और स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया है कि प्रदेश के दो सौ सरकारी स्कूल सीबीएसई के साथ संबद्ध किए जाएंगे। इसके चलते शिक्षा विभाग ने भी सीबीएसई से संबद्ध होने वाले स्कूलों को शार्टलिस्ट करना शुरू कर दिया है। प्रथम दृष्टया शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के 229 स्कूल शार्टलिस्ट किए हैं। इनमें जिला ऊना के भी 15 स्कूल शार्टलिस्ट किए गए हैं। जिला ऊना के जिन पंद्रह स्कूलों को शार्टलिस्ट किया गया है, उनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल (बाल) ऊना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल (कन्या) ऊना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ललहड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सलोह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थाना कलां, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंब, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बसदेहड़ा, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बहडाला, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चरूड़ू, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धुंधला, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मुबारकपुर, वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बंगाणा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हरोली के नाम शामिल हैं।

जाहिर है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ सीबीएसई के साथ स्कूलों को संबद्ध करने से प्रतिस्पर्धा भी उत्पन्न होगी और इसके आशातीत परिणाम भी सामने आ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर अनिल तखी का कहना है कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के कई स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने की योजना है।

### बंगाणा-हटली बेरी रोड 14 को 2 घंटे के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना-हमीरपुर मार्ग पर बंगाणा से हटली बेरी रोड 14 सितंबर को सुबह 11 से दोहपर एक बजे तक (27/800 किमी तक) दो घंटे के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस दौरान यातायात को बंगाणा-हटली पटियालन-हटली बेरी वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ऊना जनित लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि लोगों को पहले से सूचित करने के लिए सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और सूचना प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग किया जाए। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस अवधि में यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें।

# दशहरा व दिवाली पर टिकी मनाली के कारोबारियों की नजर

## दिल्ली में आयोजित बीएलटीएम प्रदर्शनी में भाग ले रहे मनाली के कारोबारी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जून महीने से मंदी की मार झेल रहे कुल्लू, मनाली के पर्यटन कारोबारियों की नजरें दशहरा व दिवाली पर टिक गई हैं। मनाली के जागरूक पर्यटन कारोबारियों ने इनदिनों मार्केटिंग के लिए बाहरी राज्यों का रुख किया है।

यह पर्यटन कारोबारी जगह-जगह मार्केटिंग में जुटे हुए हैं। दिल्ली में भी बीएलटीएम प्रदर्शनी चल रही है। दशहरा व दिवाली सीजन में बेहतर कारोबार की उम्मीद लिए, मनाली के कारोबारी इसमें भाग ले रहे हैं। गौर हो कि इस वर्ष मई जून में भी कुल्लू मनाली के पर्यटन कारोबारियों को निराश किया है। समर सीजन के पीट जाने के बाद बरसात ने पर्यटन कारोबारियों की उम्मीदों पर पानी फेरा। लगभग तीन महीने से कुल्लू, मनाली के पर्यटन स्थलों में मायूसी छाई है। दिल्ली में चल रहे बीएलटीएम प्रदर्शनी में भाग ले रहे मनाली के जागरूक व मेहनती पर्यटन कारोबारी रोशन ठाकुर व इंद्र ठाकुर ने बताया कि दशहरा व दिवाली को लेकर अच्छा रिस्पोंस है। उन्होंने बताया कि वह लोग लंबे समय से मंदी की मार झेल रहे हैं, लेकिन अब आने वाले दिनों में पर्यटन नगरी मनाली पर्यटकों से चहकने वाली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह बिजनेस लेसर ट्रेवल एंड माइस (बीएलटीएम) मंच पर्यटन व व्यापार की दिशा में नए अवसरों व साझेदारियों के लिए सार्थक साबित होगा।



दिल्ली में आयोजित बीएलटीएम प्रदर्शनी में भाग ले रहे मनाली के कारोबारी।

# आपदा में केंद्र सरकार प्रदेश की जनता के साथ : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भारी बारिश से हिमाचल को मिले जख्मों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1500 करोड़ की राहत देकर मरहम लगाने का कार्य करते हुए हिमाचल की जनता के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत किया।

पूर्व मंत्री व मनाली विधानसभा के पूर्व विधायक गोविंद ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि इस बार भारी बारिश ने हिमाचल प्रदेश में बहुत अधिक तबाही मचाई और सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गवाई और हजारों लोगों ने अपना घर, जमीन खोया है। इस आपदा में केंद्र सरकार ने लगातार हिमाचल प्रदेश की हर तरह से मदद की, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू और पूरी सरकार लगातार जनता से झूठ बोलती रही और केंद्र सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार करती रही, लेकिन अब प्रदेश दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वहीं, 1500 करोड़ की वित्तीय सहायता तुरंत प्रदान की और प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद करते हुए अपने आत्मीय रिश्ते को दिखाते हुए उन्हें दो-दो लाख की मदद भी प्रदान की।



उन्होंने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया कि आपदा में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ हमेशा खड़ी है। प्रधानमंत्री का यह दौरा आपदा प्रभावितों के लिए अंधेरे में दिए जैसा है क्योंकि प्रदेश सरकार इस आपदा में पूरी तरह से विफल साबित हुई और इस विषम समय में केवल ओछी राजनीति करने तक सीमित रही। प्रधानमंत्री का यह दौरा प्रदेश के किसानों, बागवानों और आम जनमानस के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया है और अब प्रदेश सरकार का यह कर्तव्य है कि केंद्र से मिली इस राहत राशि को योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर प्रदान करे, ताकि पूर्व में आई राहत राशि की तरह उसका दुरुपयोग न करें।

## तहसीलदार सैंज ने वायरल वीडियो को बताया भ्रामक

**अनंत ज्ञान, सैंज।** तहसीलदार सैंज जिला कुल्लू ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है। इसमें यह दर्शाया गया है कि गांव मातला फाटी सुचेहन पटवार वृत्त बनोगी तहसील सैंज में हालही के मानसून के दौरान भूमि में आई दरारों से मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और आरोप लगाया गया है कि प्रभावित गांव में अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है। उन्होंने इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया कि प्रभावित गांव मातला का, पटवारी व कानूनगो द्वारा मौका निरीक्षण किया जा चुका है। तहसीलदार सैंज, स्वयं द्वारा भी इस गांव का दौरा बुधवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभावित परिवारों की समस्याओं का आकलन कर कुल 30 प्रभावित परिवार को 5000 रुपए प्रत्येक कुल राशि 150000 अग्रिम सहायता राशि और राशन किट 30 अदद एवं तिरपाल-30 अदद भी वितरित किए गए हैं। शेष राहत राशि के लिए हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली अनुसार राहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। मानसून के दौरान पेदल रास्ते, सड़कें आदि क्षतिग्रस्त हुई हैं और लोगों की निजी संपत्ति को भी कई जगह नुकसान हुआ है, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन निरंतर मौके की स्थिति बारे पूरी तरह से संपर्क एवं संवेदनशील हैं। अतः वायरल वीडियो में प्रस्तुत तथ्य भ्रामक हैं। जनता से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी के लिए प्रशासनिक कार्यालय से ही पुष्टि करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# डीसी ने भुंतर-मणिकर्ण सड़क का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बीएस नेगी, बीडीओ गौरव धीमान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सरसाड़ी, नागाधार जरी, चौकी और छनीखोड क्षेत्र में सक्रिय भूस्खलन स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन संवेदनशील बिंदुओं पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन व पर्यटक सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि पार्वती घाटी क्षेत्र से सेब, अनार व सब्जियों से लदी गाड़ियों की आवाजाही को प्राथमिकता दी जा रही है और इसके लिए, पर्याप्त संख्या में लोक निर्माण विभाग की मशीनरी और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि पार्वती वैली से अब तक सेब और अनार की 50 के करीब छोटी-बड़ी गाड़ियां निकल चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग खुलने से बंजार खंड की गुसैनी और आसपास के क्षेत्र से सेब की ढुलाई प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू में बारिश से प्रभावित सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सभी स्थानों पर पर्याप्त मशीनरी व मानव संसाधन लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बागवानों के हित को ध्यान में रखते हुए सेब की ढुलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और लगातार निगरानी के बीच बहाली का कार्य जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज होने वाली प्रतियोगिता कार्यक्रम स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश द्वारा हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर 12 सितंबर को आयोजित होने वाली विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि निदेशालय के निर्देशों के अनुसार खराब सड़कों तथा आवाजाही की मुश्किल के कारण यह निर्णय लिया गया है। आगामी तिथि के बारे में पुनः सूचित किया जाएगा।

### आपदा में 1500 करोड़ की राहत ऊंट के मुंह में जीरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के चलते सैकड़ों लोगों की जान चली गई और 6000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है, ऐसे में केंद्र सरकार के द्वारा जो प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए की राहत देने की बात कही गई है। वह वर्तमान में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा इस मदद का ऐलान तो किया गया है, लेकिन वर्तमान में जनता को लग रहा है कि कहीं यह केंद्र सरकार का झूठा आश्वासन तो नहीं क्योंकि इससे पहले भी केंद्र सरकार ने कई वादे किए, जो धरातल पर आज भी पूरे नहीं हो पाए हैं। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु के द्वारा कुल्लू जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों का भी दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ मुलाकात की और युवा कांग्रेस की ओर से उन्हें राहत सामग्री भी भेंट की। उन्होंने सभी प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा।

# मीना ठाकुर का आरोप, चोरी के मामले में सहयोग नहीं कर रही पुलिस

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के वार्ड दो भजोगी की महिला मीना ठाकुर ने चोरी मामले को लेकर पुलिस पर सहयोग न करने का आरोप लगाया है। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में महिला ने कहा कि तीन अगस्त को उनके कमरे से दो लाख रुपए नकद, एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, एक जोड़ी झुमके, सिंगी, लॉकेट, चाक, एक जोड़ी टॉप्स जबकि चांदी का चंद्रहार, चांदी की तीन लड़ी वाली बूमणी, 13 चूड़ियां, तीन जोड़ी पायल एक चांदी की कटोरी लेकर फरार हो गए।

उन्होंने कहा कि चोरी की शिकायत उन्होंने मनाली थाने में करवाई है, लेकिन आज तक इस मामले पर पुलिस ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। महिला ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें भजोगी के ही रहने वाले युवक पर शक हुआ था। मनाली के समाजसेवी सुभाष के हस्तक्षेप के बाद पुलिस उस युवक को पूछताछ के लिए थाने लाई थी। महिला ने बताया कि युवक ने सुभाष के समक्ष मान लिया था कि चोरी उसने की है। चोरी के पैसे खर्च कर दिए हैं, जबकि जेबरात उसके पास हैं। चोरी करने वाले युवक ने तीन दिन बाद सामान लौटने की बात कही थी। महिला ने बताया कि पूछताछ के दूसरे दिन ही युवक लापता हो गया, जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की बात कर पुलिस उनके मामले को लटकती रही। मीना ने कहा कि मनाली पुलिस से सहयोग मिलता न देख वह कुछ दिन पहले एसपी कुल्लू से भी मिली ओर अपने मामले की समस्त जानकारी उनसे साझा की। महिला ने कहा कि एसपी ने उन्हें जल्द मामला सुलझाने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि मामला एसपी के ध्यान में लाने के बाद भी मनाली पुलिस द्वारा जारी छानबीन में कोई गंभीरता नहीं दिख रही। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस जल्द चोर से उनका सामान व नकदी वापस नहीं देती है, तो वह कोई बड़ा कदम उठा लेगी। इसकी जिम्मेवारी पुलिस की होगी।

डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि महिला ने जिस युवक पर शक जाहिर किया था, उससे पुलिस तीन बार पूछताछ कर चुकी है। युवक बार-बार चोरी न करने की बात कह रहा है। थाना प्रभारी व मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी को मामले की गंभीरता से जांच करने के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही वारदात को अंजाम देने वाले शातिर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# गोशाला की सफाई व पुनर्व्यवस्था का उठाया बीड़ा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली में हाल ही में आई विनाशकारी त्रासदी ने समूचे क्षेत्र को गहरे दुख और संकट में डाल दिया। इस आपदा की शिकार पतलीकूहल स्थित गोशाला भी हुई है, जहां बाढ़ का पानी घुसने से भारी नुकसान हुआ और चारों ओर अव्यवस्था का माहौल बन गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई के मंत्री बालमुकुंद ने कहा ऐसे कठिन समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई आगे आई और अपनी सेवा भावना का परिचय देते हुए गोशाला की सफाई व पुनर्व्यवस्था का बीड़ा उठाया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूरी तत्परता व समर्पण से प्रभावित स्थल पर श्रमदान करते हुए वहां सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक सफाई कार्य नहीं, बल्कि आपदा की घड़ी में समाज के साथ खड़े रहने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि एबीवीपी हरिपुर इकाई के कार्यकर्ता, जब से आपदा आई है, तब से लेकर आपदा से पीड़ित लोगों की सेवा करने में लगे हुए हैं, जहां रोड खराब होने के कारण लोग के लिए घरों से बाहर निकलना असंभव है, वहां अभाविप के कार्यकर्ता लगातार समाजहित में कार्य कर रहे हैं। परिषद सदैव हर परिस्थिति में समाजहित व राष्ट्रहित के लिए सक्रिय रही है और आगे भी किसी भी जरूरत के समय सेवा कार्यों में तत्पर रहेगी।




एबीवीपी हरिपुर इकाई के कार्यकर्ता गोशाला में श्रमदान करते हुए।

# पंचायत खादवी, काफटी व सरट के बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी खंड की बुछैर पंचायत के खादवी, काफटी और सरट से गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुछैर में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है।

सरट नाले में बना पैदल पुल भारी बरसात के चलते हाल ही में आई बाढ़ की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके चलते बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले को पार करते समय बच्चों को भारी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। कभी तेज बहाव व कभी फिसलन भरी चट्टानों पर चढ़कर बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस स्थान पर जल्द वैकल्पिक पुलिया लगाकर जोखिम कम करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए तुरंत प्रभाव से इस समस्या का समाधान किया जाए। पंचायत प्रधान चंद्रा ठाकुर ने कहा कि इस समस्या को लेकर प्रशासन व संबंधित विभाग को अवगत करवाया गया है। उन्होंने जल्द बह गए पैदल पुल की जगह नया पुल बनाने की गुहार लगाई है, ताकि बच्चों को सुरक्षित तरीके से शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधा न आए।



# भारी बरसात से खेनवी कैंची में भूमि धंसी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** आनी खंड की कोटासेरी पंचायत के खेनवी कैंची में भारी बरसात के चलते सेवानिवृत्त कमांडेंट तारा चंद कटोच की कई बीघा भूमि धंस गई है। इस आपदा से जहां उनका नाशपाती का बगीचा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

वहीं, उनका पुश्तैनी रिहायशी मकान भी अब खतरे की जद में आ गया है। भूमि धंसने से खेनवी से बांशा सड़क मार्ग भी अवरुद्ध हो गया है। इससे दो दर्जन से ज्यादा गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। तारा चंद कटोच ने बताया कि लगातार बरसात से सड़क के साथ लगती उनकी करीब 165 मीटर लंबाई तक की जमीन करीब 8 मीटर नीचे धंस गई है। इस कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी जमीन के नीचे से होकर गुजर रही सड़क भी करीब 8 से 10 मीटर नीचे खिसक गई है। इससे सड़क का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। कटोच ने लोक निर्माण विभाग से जल्द रिटेनिंग वाल लगाने की मांग की है, ताकि और अधिक नुकसान न हो। साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग से नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन कर रहा संचालित : गणेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी आदेशानुसार मानसून के दौरान राहत व पुनर्वास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला कुल्लू में विभिन्न पटवारियों व कानूनगो को अस्थायी रूप से विभिन्न तहसील व उप-तहसील कार्यालयों में अस्थायी रूप में भेजा जा रहा है।

जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर ने बताया कि जारी आदेशों में सेटलमेंट कैडर के 11 कर्मचारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त क्षति आकलन रिपोर्ट तैयार करने, राहत सामग्री के वितरण में सहयोग करने तथा राहत प्रकरणों को समयबद्ध रूप से संकलित करने का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था 30 सितंबर तक जारी रहेगी और सभी कर्मचारियों को 12 सितंबर तक अपने-अपने तैनाती स्थल पर सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें रविंद्र नाथ, कानूनगो फटी गाहर को तहसील कार्यालय कुल्लू, राम सिंह, पटवारी फटी गाहर को तहसील कार्यालय आनी, संजय कुमार, पटवारी फटी गाहर को तहसील कार्यालय बंजार, भूपेंद्र, पटवारी फटी गाहर को तहसील कार्यालय सैंज, अमन मालपा, पटवारी फटी गाहर को तहसील कार्यालय सैंज, शैलेंद्र प्रीतम, पटवारी फटी ग्रामंग को तहसील कार्यालय सैंज, आयुष शर्मा, पटवारी फटी ग्रामंग को उपतहसील कार्यालय निथर, लेखराज, पटवारी फटी ग्रामंग को तहसील कार्यालय आनी, अजय कुमार, पटवारी फटी पीज को उपतहसील कार्यालय निथर, चुन्नी लाल, पटवारी फटी पीज- तैनात तहसील कार्यालय निरमंड और राम स्वरूप, पटवारी फटी पीज को कार्यालय निरमंड में भेज गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कर रहा है और सटीक आकलन के लिए सभी विभागों व अधिकारियों के सहयोग से समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

# डोहलूनाला-पतलीकूहल बस सेवा शुरू

## जनता सहित स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को मिलेगी सुविधा

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** आपदा की घड़ी में डोहलूनाला से पतलीकूहल के बीच हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बस सेवा शुरू कर दी है।

यह सेवा स्थानीय लोगों और विशेष रूप से स्कूली छात्रों तथा सरकारी कर्मचारियों की सुविधा के लिए शुरू की गई है। एचआरटीसी के पूर्व निदेशक मंडल सदस्य देवेंद्र नेगी के आग्रह पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से चर्चा के बाद यह बस सेवा शुरू की गई, क्योंकि जनता ने नेगी से इस रूट पर बस चलाने की गुहार लगाई थी। यह बस सुबह 9:30 बजे पतलीकूहल से डोहलूनाला के लिए रवाना होगी, जिसमें जनता सहित स्कूल के बच्चों और कर्मचारियों को लाया जाएगा। शाम को यही बस 4:30 बजे बच्चों को लेकर वापस पतलीकूहल आएगी। यह जानकारी अड्डा इंचार्ज सुनील ने दी। उन्होंने बताया कि आपदा के कारण पतलीकूहलमें फंसी बसों को ही इस रूट पर चलाया जा रहा है।

### लोकल रूटों पर भी बसें चलाएं

**स्थानीय** लोगों ने सरकार से मांग की है कि जब तक मनाली तक का रास्ता पूरी तरह से साफ नहीं हो जाता, तब तक यह बस सेवा जारी रखी जाए। इसके अलावा, लोगों ने कल से 18 मील तक बस चलाने का भी आग्रह किया है। बड़ाग्रां, पनगां व फोजल जैसे जिन लोकल रूटों पर सड़कें साफ हो चुकी हैं, उन पर भी बसें चलाने की मांग की जा रही है। फोजल घाटी से शेर सिंह राहु कास्ता, हुरंग पंचायत के पूर्व प्रधान मान चंद, सुभाष, बड़ाग्रां से उपप्रधान लाल सिंह कटोच, सुभाष कपूर, राकेश कंवर, संजय ठाकुर, टीकम राम ठाकुर और अजय ठाकुर ने सरकार से इस संबंध में अपील की है।

### एचआरटीसी के रवैये पर लोगों में रोष

**आपदा** के समय एचआरटीसी की समय पर मदद न मिलने से जनता में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि एचआरटीसी को इस मुश्किल घड़ी में अपना नुकसान न देखकर जनता का सहयोग करना चाहिए था। 14 दिन बीत जाने के बाद भी जब लोगों को खुद गुहार लगानी पड़ी, तब जाकर बस सेवा शुरू हुई।

**तबाही** तीर्थन घाटी में परिवहन, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई, सड़क बहाली का कार्य जारी

# वर्ष 2023 के जख्मों को और गहरा कर गई प्राकृतिक आपदा

**अनंत ज्ञान,, तीर्थन**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में इस बार आई प्राकृतिक आपदा बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है।

जून माह से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण तीर्थन घाटी की कई संपर्क सड़कों, पुलों, रिहायशी मकानों, स्कूलों, मछली फार्मों, पैदल रास्तों, कृषि योग्य भूमि और नकदी फसलों को भारी क्षति पहुंची है। इस बार की आपदा वर्ष 2023 के जख्मों को और गहरा कर गई है, लेकिन अभी तक किसी जानी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, अब यहां पहले से स्थिति कुछ सामान्य हो चुकी है। नदी-नालों का जलस्तर भी कुछ हद तक कम हो गया है। तीर्थन घाटी की लाइफ लाइन कही जाने वाली मुख्य सड़क बंजार से गुशेनी कई अरसों बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दी गई है, जिससे लोगों को काफी हद तक राहत मिली है, जबकि यहां के अधिकतर क्षेत्रों में अभी तक यातायात बिजली आपूर्ति व मोबाइल नेटवर्क बहाल नहीं हुआ है। स्थानीय प्रशासन के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के नेतागण व स्थानीय ग्रामीण सड़क बहाली राहत व पुनर्वास कार्य के लिए धरातल पर उतर चुके हैं।

तीर्थन घाटी के केंद्र बिंदु गुशैणी तक कई अरसों बाद सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल हो चुकी है और एयरटेल का नेटवर्क भी चल पड़ा है, लेकिन अभी तक दूरदराज क्षेत्र के लोग राशन व अन्य जरूरी सामान के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। यहां की सभी दुकानों में खाद्य सामग्री जैसी अन्य कई जरुरी बस्तुओं की भारी कमी चल रही है। हालांकि, कुछ दिन पूर्व ही प्रशासन द्वारा यहां के दूरदराज क्षेत्रों शर्ची, बठाहड़ और श्रीकोट में हेलिकाप्टर से कई क्विंटल राशन एयर ड्राप करके भेजा है। इससे यहां के लोगों को कुछ राहत मिली है, जबकि विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क से सटी यहां की दूरदराज ग्राम पंचायतों पेखड़ी, नोहन्डा और शिल्ली की प्रशासन द्वारा कोई भी सुध नहीं ली गई है। सभी जरुरी सेवाएं ठप होने के कारण यहां के बशिंदो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंजार-गुशैणी मुख्य सड़क की बहाली से यहां के कुछ डिपुओं में राशन पहुंच चुका है और गुशैणी तक बिजली आपूर्ति तथा नेटवर्क बहाल होने से लोगों को कुछ राहत पहुंची है। वर्तमान में यहां की गुशैणी से पेखडी सड़क, देहूरी से कलवारी शनाढ सड़क, गुशैनी से बठाहड सड़क, गुशैणी से शर्ची और तिंदर सड़कें अभी तक यातायात के लिए बंद पड़ी है। तीर्थन घाटी के गुशेनी से बठाहड़ क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क 13 अगस्त से ही यातायात के लिए बंद पड़ी है। स्थानीय लोग खाने-पीने के जरूरी सामान को अपने पीठ पर ढोने को मजबूर हैं। इस सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है, जो जल्द ही इस सड़क को भी छोटे वाहनों के लिए खोला जा सकता है। दूरदराज क्षेत्र के लोगों को अभी भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में किसी के बीमार हो जाने पर मरीज को कई किलोमीटर तक कुर्सी में उठा कर लाना पड़ रहा है। तीर्थन घाटी के केंद्र बिंदु गुशेनी में बने राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का एक भवन पूरी तरह से जमींदोज हो गया है, जबकि एक अन्य नए भवन के ढहने का खतरा बना हुआ है। यह स्थान अब स्कूल चलाने के लिए असुरक्षित हो चुका है। इस कारण अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य व सुरक्षा की चिंता सत्ता रही है। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। यहां की ग्राम पंचायत शर्ची में बंदल वार्ड के कोशुनाली व बंदलगांव में भारी भूसखलन के कारण कई रिहायशी मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। यहां पर वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान भी काफी नुकसान हुआ था और अब यहां पर करीब 30 मकान रहने के लिए असुरक्षित हो चुके हैं। राजस्व विभाग लोगों को हुए नुकसान का आकलन करने में जुट गया है। बंदल वार्ड के बशेहरी नाले में गत दिनों हुए फ्लैश फ्लड के कारण तीर्थन नदी में काफी मलबा लकड़ पत्थर आ गया, जिससे बटेऊटी व बशेहरी के बीच पानी का बहाब रुक सा गया है, जिसने एक छोटी सी झील का रूप धारण कर लिया है। इस झील के बनने से यहां से आगे नदी किनारे रहने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि तीर्थन नदी में बनी इस झील के पानी की निकासी करवाई जाए तथा आपदा प्रभावितों के लिए जल्द ही राहत सामग्री और पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।



जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में आपदा से हुआ नुकसान।

## माता हिडिंबा के आदेशों का पालन करेगी दुर्गा पूजा समिति

**अनंत ज्ञान, मनाली।** दुर्गा पूजा समिति माता हिडिंबा के आदेशों का पालन करेगी। वीरवार को दुर्गा पूजन समिति की बैठक देवी-देवताओं के प्रतिनिधियों के साथ सियाली महादेव मंदिर में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब दुर्गा पूजन समिति मूर्ति विसर्जन नहीं करेगी। कारदार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष व सियाली महादेव के कारदार जयचंद ठाकुर व माता हिडिंबा के पुजारी एवं कारदार रमन शर्मा ने बताया कि सियाली महादेव मंदिर में दुर्गा पूजन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में माता हिडिंबा के आदेशानुसार मूर्ति विसर्जन की पाबंदी पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि बैठक में विचार-विमर्श के बाद सभी सदस्यों ने माता का आदेश मानते हुए मूर्ति विसर्जन न करने पर सहमति जताई। कारदार जय चंद ठाकुर ने कहा कि मनाली में रह रहे प्रत्येक व्यक्ति व संगठन को माता हिडिंबा के आदेशों का सम्मान करना चाहिए तभी माता हिडिंबा व महादेव का आशीर्वाद सब पर बना रहेगा।

# कुल्लू में बर्बाद हो गई अनार की फसल, बागवान परेशान



अत्यधिक बारिश के चलते अनार की आधे से ज्यादा फसल पेड़ों में ही सड़ गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में अनार की फसल बागीचों में ही बर्बाद हो गई है। अत्यधिक बारिश के चलते अनार की आधे से ज्यादा फसल पेड़ों में ही सड़ गई है।

जिले का दलाशनी से लेकर जिया तक का क्षेत्र अनार की खेती के लिए मशहूर है। इस इलाके में बागवान हर साल करोड़ों रुपए का अनार बेचते हैं तथा यह इनकी आय का एकमात्र स्रोत भी है, लेकिन इस बार हुई अत्यधिक बारिश से अनार अचानक बागीचों में ही सड़ने लग गए। फसल खराब होने से लोग खासे परेशान हैं। नरैश निवासी केहर सिंह, थारी लाल, धनवीर, नरेंद्र जंवाल, हेमा जंवाल, बशौणा के योगराज, थरास निवासी सुरेंद्र शर्मा आदि ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण उनकी अनार की फसल बगीचों में ही खराब हो गई है। बागवानों का कहना है कि अनार की खेती ही उनकी आय का एकमात्र साधन है तथा फसल खराब होने के चलते, अब उनकी परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि प्रशासन मौके पर आकर स्थिति को देखें तथा उनकी मदद के लिए संभव कदम उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेन हेमरेज से होमगार्ड जवान शाहिद की मौत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के वार्ड नं. 2 के होमगार्ड जवान शाहिद खान उर्फ गोल्डी उम्र 48 साल की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। इस मौके पर आदेशक गृह रक्षा 11वीं वाहिनी सोलन के आदेशानुसार वाहिनी सोलन से प्रशासनिक अधिकारी दिनेश के नेतृत्व में कंपनी कमांडर अर्की चंद्रशेखर इंचार्ज ट्रेनिंग सेंटर कोटली योगेंद्र गौतम व समस्त जवान अर्की एसएचओ कुलिहार व पुलिस थाना अर्की द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। अर्की के खर्यावन कब्रिस्तान में उनको दफनाया गया। शाहिद खान की मृत्यु से पूरे अर्की में शोक की लहर है।

### गिरि नदी को पार करते समय अध्यापक बहा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के धारटीधार क्षेत्र की ठाकर गवाणा गांव में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। यहां गिरि नदी को पार करते समय एक अध्यापक रूप लाल नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, रूप लाल ग्राम पंचायत चांदनी के एक निजी स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। करीब साढ़े पांच बजे वह स्कूल से घर लौट रहे थे, तो गिरि नदी पार करते समय अचानक तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही कमरऊ तहसीलदार, पुलिस जवान, स्थानीय लोग और गोताखोर मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया गया, लेकिन देर रात तक भी रूप लाल का कोई सुराग नहीं लग पाया था। स्थानीय लोगों ने इस हादसे को क्षेत्र की बड़ी समस्या से जोड़ा है। उनका कहना है कि गिरि नदी पर पैदल पुल (फुटब्रिज) न होने के कारण लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों से जल्द यहां पुल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। लोग ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि लापता अध्यापक सुरक्षित मिल जाएं। हालांकि, इसकी उम्मीद कम नजर आ रही है।

### बिना नंबर व टेंपर्ड नंबर प्लेट वाले दोपहिया वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट व टेंपर्ड नंबर प्लेट वाले दोपहिया वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बद्दी के अंतर्गत नाकाबंदी कर अलग-अलग टीमों द्वारा कुल 11 बिना नंबर प्लेट व टेंपर्ड नंबर प्लेट वाले दोपहिया वाहन जब्त किए गए। कुछ मामलों में वाहनों की नंबर प्लेट जानबूझकर छिपाई या तोड़ी-मरोड़ी गई थी। इससे नंबर स्पष्ट रूप से पढ़ा न जा सके। इसके अलावा, कई चालकों के पास वाहन से संबंधित आवश्यक वैध दस्तावेज भी मौजूद नहीं थे। बद्दी पुलिस ने इन सभी मामलों में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जब्त किया है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर चलाया गया। लोगों की सुरक्षा के लिए भी ऐसे वाहनों पर नकेल जरूरी थी, क्योंकि स्नेचिंग व अन्य मामलों में ऐसे वाहनों का अकसर प्रयोग होता है, जिनकी नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं होती या फिर होती ही नहीं। बद्दी पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने वाहनों पर वैध और स्पष्ट नंबर प्लेट लगाएं।

### गुरु का हमारे जीवन में होता है विशेष महत्व

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के बीवोक विभाग द्वारा कॉलेज परिसर में अध्यापक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। समारोह के दौरान छात्रों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया तथा विभिन्न नृत्य, गीत, नाटिका आदि प्रस्तुत कर उनका मनोरंजन किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का उनके उचित मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। गुरु केवल शैक्षणिक संस्थानों में ही नहीं, बल्कि घर और समाज में भी हमें सही शिक्षा देने वाले होते हैं, जो हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। बीवोक विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि खराब मौसम के कारण इस वर्ष 5 सितंबर को अध्यापक दिवस नहीं मनाया जा सका, इसलिए छात्रों ने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया।

### टी-10 टेनिस क्रिकेट के ट्रायल 14 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमालयन टी-10 टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन जिला सिरमौर ने राष्ट्रीय टीम लड़के व लड़कियों के टी-10 टेनिस क्रिकेट के सिरमौर जोन के ट्रायल की तारीख 14 सितंबर सराहां मैदान में तय की है। जानकारी देते हुए देव राज पुंडीर अध्यक्ष, हिमालयन टी-10 टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन जिला सिरमौर ने बताया कि राज्य टीम के चयन के लिए ट्रायल 14 सितंबर रविवार 2025 को सराहां, क्रिकेट, ग्राउंड सिरमौर समय 9 बजे प्रातः आयोजित किया जाएगा। चयनित टीम 9 से 13 अक्टूबर तक गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाली तीसरी सीनियर राष्ट्रीय टी-20 टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इसके लिए परीक्षण शुल्क 300 रुपए है। हम सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### शिव गौरी मंडल ने शुरू किया प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** शिव मंदिर बद्दी में वीरवार को शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल द्वारा अमर नाथ यात्रा में लगाए गए भंडारे में सहयोगियों के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संस्था के प्रधान राम लोक चौधरी ने किया। राम लोक चौधरी ने बताया कि संस्था ने इस बार ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा में 25वां विशाल भंडारा लगाया। यात्रा के शुरू होने से लेकर डेढ़ माह तक यात्रा समाप्ति तक चला। इस विशाल भंडारे में देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। भंडारा पूर्ण होने के उपरांत पवित्र गुफा से प्रसाद लाया गया और यहां पर उसमें और प्रसाद शामिल कर वितरण के लिए तैयार किया गया। संस्था उन सभी सहयोगियों तक यह प्रसाद पहुंचाती है, जो भंडारे में सहयोग व श्रमदान करते हैं। इसमें संस्थान के पदाधिकारी घर-घर जाकर यह प्रसाद पहुंचाते हैं। आज यहां पर करीब दो दर्जन से अधिक सहयोगियों को प्रसाद बांटा गया। रामलोक ने बताया कि 1999 में पहला भंडारा लगाया गया था, तब से आज तक यह सभी सहयोगी सज्जनों को प्रसाद वितरित किया जाता है।

### बैंक की योजनाओं व सेवाओं के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा राजगढ़ द्वारा बोहल टालीया गांव में लोगों के लिए एकदिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता बैंक के कर्मचारी प्रिंस भरद्वाज ने की। इस अवसर पर प्रिंस भरद्वाज ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के लाभों से अवगत करवाते हुए उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड लोन, वेतन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण व वाहन ऋण जैसी बैंकिंग सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्राहक आसानी से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीकों से भी अवगत कराया।

### आरबीआई के गवर्नर आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा 14 सितंबर को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी पंजाब नेशनल बैंक सोलन के मंडल प्रमुख दया नंद कर्दम ने दी। दया नंद कर्दम ने कहा कि संजय मल्होत्रा 14 को प्रातः 9 बजे सोलन के कोठों में वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### समय पर हस्तक्षेप के महत्व पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विवि के मनोविज्ञान एवं व्यवहार विज्ञान केंद्र ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और समय पर हस्तक्षेप के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दिन की शुरुआत नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और कविता प्रतियोगिताओं के साथ हुई, जिनमें छात्रों की 60 से अधिक उत्साही प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रत्येक प्रविष्टि में रचनात्मकता और संवेदनशीलता के साथ आत्महत्या रोकथाम के विषय को दर्शाया गया था। जागरूकता के प्रतीक के रूप में पूरे परिसर में रिबन बैज भी वितरित किए गए, जबकि स्वयंसेवकों ने संदेश फैलाने के लिए छात्रों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। कुलपति प्रो. प्रेम कुमार खोसला ने कार्यक्रम का दौरा किया और प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की। सुबह का सत्र दोपहर 12:30 बजे समाप्त हुआ।

# बरसात में सड़कों को हुए नुकसान का सेब के कारोबार पर पड़ा असर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** मानसून में इस बार हुई रिकॉर्ड बारिश के कारण संपर्क मार्ग के अवरुद्ध होने से इसका असर सेब के कारोबार पर पड़ा है। अप्पर शिमला में सैकड़ों संपर्क मार्ग मुख्य सड़क से कट गए, ऐसे में सेब बागवानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि सोलन सेब मंडी में सेब की आवक में रिकॉर्ड कमी आई है। हालांकि, सोलन के आसपास के क्षेत्रों में सड़कों के सुचारु होने से टमाटर, शिमला मिर्च और बिन उत्पादक किसानों को राहत मिली है। खासबात है कि किसानों की उचित दाम भी मिल रहे हैं।



सोलन मंडी में पहुंचा सेब।

## 50 फीसदी सेब के आवक में कमी

**इनदिनों** औसत से 50 फीसदी सेब के आवक में कमी आई है। कृषि उपज विपणन समिति सोलन (एपीएमसी) के मुताबिक 28 अगस्त को राज्य में भारी बारिश के बाद सेब की आवक में भारी कमी आई। 28 अगस्त को सोलन में 37,000 पेटियां पहुंचने के मुकाबले, सितंबर के पहले हफ्ते में बाजार में सेब की दैनिक आवक 50 प्रतिशत से ज़्यादा घटकर बमुश्किल करीब 15,000 पेटियां रह गई। सेब की आवक में भारी गिरावट आई, जिससे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और नोएडा से आने वाले व्यापारी निराश हो गए। प्रतिदिन 25,000 पेटियों से यह गिरावट घटकर 13,000 पेटियों पर आ गई।

**सोलन** एपीएमसी के सचिव राघव सूद ने माना कि इन दिनों सेब की आवक में कमी आई है पर सोलन के आसपास से हरा मटर, फ्रेंच बीन, लहसुन, टमाटर और शिमला मिर्च की अच्छी मात्रा मंडी में पहुंच रही है। सूद ने बताया कि किसानों को उनकी उपज के उचित दाम मिल रहे हैं।

## अधिकांश मुख्य सड़कें बंद

**इन** दिनों चौपाल और रोहड़ू के निचले क्षेत्रों से फलों की ढुलाई की जा रही है और निचले किन्नौर से प्रीमियम किस्म के फल जल्द ही आने वाले हैं। शिमला में 58 सड़कें जिनमें से अधिकांश मुख्य सड़कें हैं वह अभी भी बहाल नहीं हुई हैं, इसलिए पिक-अप जैसे छोटे वाहनों में भी सेब का परिवहन एक कठिन कार्य बन गया है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में 15 सड़कें अभी भी बहाल नहीं हुई हैं। चौपाल में ग्यारह सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं, जहां सेब की कटाई का काम अंतिम चरण में है। इसके अलावा, शिमला जिले के अन्य प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों, रोहड़ू और कोटखाई में भी आठ-आठ सड़कें अवरुद्ध हैं। राज्य भर में 68 प्रतिशत अधिक बारिश होने से सेब की फसल की गुणवत्ता और आकार दोनों पर असर पड़ा है। उत्पादकों ने शिकायत की कि खराब सड़क संपर्क के कारण उपज को बाजार तक पहुंचने में देरी से उनका नुकसान बढ़ रहा है क्योंकि सेब सड़ने लगे हैं।

# गुरदासपुर के बाढ़ पीड़ितों के लिए नाहन ने बढ़ाया मदद का हाथ



बाढ़ प्रभावितों के लिए राशन व दवाओं से भरी एक गाड़ी को रवाना करते हुए।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में हुई मूसलाधार बारिश से जब पंजाब का गुरदासपुर जिला बाढ़ की चपेट में आया, तब नाहन के लोगों ने इंसानियत की मिसाल पेश की। मोहल्ला गोबिंदगढ़ की संगत व गुरुद्वारा दशमेश अस्थान के सहयोग से, बाढ़ प्रभावितों के लिए राशन व दवाओं से भरी एक गाड़ी भेजी गई।

इस पहल में इंसानियत की सेवा के साथ-साथ भाईचारे की भावना भी साफ नजर आई। राशन के साथ पशुओं के लिए भूसा भी भेजा। इस राहत सामग्री में सिर्फ इंसानों के लिए राशन और दवाएं ही नहीं, बल्कि बाढ़ में फंसे पशुओं के लिए भूसा भी भेजा गया। यह कदम दिखाता है कि इस मुहिम में हर जरूरतमंद की परवाह की गई। बड़ी बात तो यह है कि यह राहत सामग्री मोहल्ला गोबिंदगढ़ निवासियों और गुरुद्वारा दशमेश अस्थान के सहयोग से राशन समग्री जुटाई गई थी। रवाना होने से पहले गुरुद्वारा दशमेश अस्थान में अरदास की गई। दरबार साहिब के रागी भाई लक्ष्मण सिंह ने पंजाब और हिमाचल, दोनों जगह आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए हिम्मत और साहस की दुआ मांगी। उन्होंने संगत से अपील की कि मुश्किल की इस घड़ी में सबको मिलकर एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। इस नेक कार्य में गुलशन सिंह, प्रताप सिंह, संजय सिंह, गुरनाम सिंह, अमृत सिंह, गुरदेव सिंह, कमल सिंह, सन्नी सिंह, दिलेर सिंह, गुरमान सिंह, कृष्णा सिंह, दीप सिंह, रोहित सिंह, गौतम सिंह और कुलविंदर सिंह सहित कई

# बद्दी-पिंजौर नेशनल हाईवे 105 पर ट्रक व कार में भीषण भिड़ंत



बद्दी-पिंजौर नेशनल हाईवे पर हुई ट्रक और कार की भिड़ंत।

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

सोलन जिला के बद्दी पिंजौर नेशनल हाईवे 105 पर वीरवार दोपहर करीब 3 बजे एक ट्रक और कार के बीच में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ है।

नेशनल हाईवे-105 पर आए दिन हादसे होते रहते हैं क्योंकि यहां पर फोरलेन का काम चला हुआ है और काम के चलते सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बारिश भी इस समस्या को और बढ़ा देती है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द इस रोड को ठीक किया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में आसानी हो और एक्सीडेंट्स में भी कमी आ सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे-105 पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और कई लोगों ने अपनी जान भी गवा दी है इसलिए प्रशासन को जल्द इस रोड को ठीक करना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# डॉ. राजीव ने पीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से भारी जन-धन की हानि हुई है। इस कठिन घड़ी में देश के प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश का दौरा कर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से भेंट की। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल ने प्रधानमंत्री के इस दौरे और राहत पैकेज की घोषणा पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए का मुआवजा और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह कदम प्रभावित जनता के जख्मों पर मरहम लगाने और प्रदेश के पुनर्निर्माण में बड़ा सहारा साबित होगा। डॉ. सैजल ने कहा कि पीएम का यह दौरा न केवल बड़ी राहत का ऐलान है, बल्कि उनके संवेदनशील हृदय का भी परिचायक है, क्योंकि उन्होंने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में जाकर हालात का निरीक्षण किया।

### संजय अवस्थी ने दिग्गल व आसपास के क्षेत्रों में नुकसान का लिया जायजा

# क्षतिग्रस्त मकानों व कृषि भूमि का सर्वे जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने दिग्गल में नालागढ़ उपमंडल के अंतर्गत अर्की विधानसभा क्षेत्र की 15 ग्राम पंचायतों में भारी बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए आयोजित आपदा प्रबंधन बैठक की अध्यक्षता की और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सड़कों, बिजली के ट्रांसफार्मरों, बिजली उपकेंद्रों, फसलों, कृषि भूमि व जल आपूर्ति परियोजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। इस आपदा के कारण लोगों का जनजीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ है। उन्होंने राजस्व विभाग व अन्य विभागों को लगातार बारिश से हुए नुकसान का स्टीक आकलन और प्रभावित लोगों को यथा संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। विधायक ने भूस्खलन और बाढ़ से हुई हानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस विकट स्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए यथा संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित बचाव अभियान शुरू किए गए और समय पर आपदा प्रबंधन कर, प्रदेश की कई अमूल्य संपत्ति को बचाया गया है। उन्होंने प्रशासन से राहत और बचाव कार्यों के लिए पंचायतीराज संस्थाओं के जन प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और पानी की आपूर्ति तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को दैनिक जीवन में किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि दिग्गल क्षेत्र के आसपास की 7 ग्राम पंचायतों के 22 संपर्क मार्ग भारी बारिश के दृष्टिगत बंद हो गए थे, जिनमें से 19 सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया गया है तथा चमदार, झांढू और निसल को भी जल्द आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग तथा पशुपालन विभाग को चार दिन के भीतर पशुधन तथा फसलों की क्षति का आकलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

संजय अवस्थी ने कहा कि इस क्षेत्र के आसपास पांच पक्के मकान पूर्ण रूप से तथा 22 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 25 गोशालाएं, 6 कच्चे मकान पूर्ण रूप से तथा 6 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं व चार रसोई घर तथा 100 बीघा कृषि योग्य भूमि को भारी बारिश के कारण नुकसान पहुंचा है। इन क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को 1.40 लाख रुपए नकद राशि तथा 55 तरपाल फौरी राहत के रूप में वितरित किए गए।

# रफी नाइट सीजन-10 का फिनाले 13-14 को

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए चेयरमैन तरसेम भारती।

विजयी फोरम के चेयरमैन तरसेम भारती ने सोलन में प्रेस वार्ता कर आगामी रफी नाइट सीजन-10 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तरसेम भारती ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम 13 व 14 सितंबर को मुरारी मार्केट, द मॉल, सोलन में आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन में प्रदेशभर से चुने गए कुल 120 बच्चों ने फाइनल के लिए स्थान बनाया है। प्रतियोगिता में ब्वॉयज व गर्ल्स श्रेणी तथा लिटिल चैंप्स के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसमें रवितनया शर्मा, नेहा दिक्षित, अंजनेश ठाकुर, डॉ. राजकुमार गांधी, अधिवक्ता दुश्यंत डडवाल, अधिवक्ता सौरव रतन, राजेश कुमार, जसविंद्र सिंह, रमेश सिंगला, कर्नल (डॉ.) महेश कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्यातिथि 13 सितंबर प्रातः कालीन सत्र राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, सायंकाल सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल मुख्यातिथि होंगे। 14 को सहायक आयुक्त आबकारी व कराधान विभाग पूनम ठाकुर मुख्यातिथि और सायंकाल सत्र के फिनाले में राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि होंगे, जो पुरस्कार वितरण भी करेंगे। इस अवसर पर तरसेम भारती के साथ विजयी फोरम की अध्यक्ष रिंपल धर्मा, उपाध्यक्षा विशाखा व प्रसिद्ध गायिका ज्योति शर्मा, आईटी विंग से अरूष गुप्ता, सदस्य देवेंद्र चौहान उपस्थित रहे। विजयी फोरम ने सभी संगीत व संस्कृति प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे इस दो दिवसीय भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर स्थानीय प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें।

# सिरमौर में 30 सितंबर तक निजी निर्माण कार्यों पर लगी रोक : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा 33 और 34 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में निर्माण गतिविधियों से संबंधित आदेश जारी किए हैं।

इन आदशों के अनुसार सिरमौर जिले में आपदा न्यूनीकरण, आपदा प्रभावित बुनियादी ढ़ांचे की बहाली व पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा आपातकालीन सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिताओं से संबंधित कार्यों को छोड़कर किसी भी प्रकार के निजी विकास व निर्माण गतिविधियों के लिए पहाड़ियों के कटान पर 30 सितंबर तक पूरे जिला में प्रतिबंध रहेगा। डीसी ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के परियोजना निदेशक, पीआईयू पांवटा साहिब, उपमंडलाधिकारी, कार्यकारी मजिस्ट्रेट और जिले के कार्यालय प्रमुखों सहित सभी निष्पादन एजेंसियों को इन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। आदेशों में बताया कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण सिरमौर जिले के विभिन्न भागों में भूस्खलन और भूमि कटाव जैसी व्यापक आपदाएं आई हैं। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक व निजी बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मानव जीवन, आवासों व महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तथा आगे की क्षति को कम करने के उद्देश्य से जिले भर में 30 सितंबर तक पहाड़ी कटाई और अन्य गतिविधियों पर रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि यह आदेश जारी होने की तिथि से तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और इनकी अवहेलना पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई होगी।

# फील्ड टेस्ट किट प्रदान की गई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जल शक्ति विभाग मंडल अर्की की ओर से दाड़लाघाट में एकदिवसीय फील्ड टेस्ट किट जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल स्रोतों की गुणवत्ता जांचने के लिए 60 से अधिक प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट प्रदान की गई। बीआरसी जयदेव, कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश और देवराज कौंडल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों को पानी की जांच के तरीके सिखाना, सुरक्षित पेयजल स्रोतों की पहचान करना और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर प्रतिभागियों को वाटर क्वालिटी फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने की विधि विस्तार से समझाई। किट की मदद से पानी के नमूनों की जांच कर लोगों को यह बताया गया कि किस प्रकार से नियमित जांच से स्वच्छता और पर्याप्तता के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

**परिचित** ‘सेब दिवस’ का किया आयोजन, 41 किस्मों की विस्तृत प्रदर्शनी लगाई

# सेब की उन्नत तकनीकों व नई किस्मों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कृषि विज्ञान केंद्र किन्नौर और क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र, शारबो के संयुक्त तत्वाधान में ‘सेब दिवस’ का आयोजन किया गया।



सेब दिवस के मौके पर किन्नौर के किसानों को दी गई नई किस्मों की जानकारी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत बागवानी तकनीकों और सेब की नई किस्मों से परिचित करवाना था। कार्यक्रम के दौरान हाई डेंसिटी प्लांटेशन प्रणाली के अंतर्गत विकसित बगीचे में 15 उन्नत किस्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उगाई जाने योग्य 41 किस्मों की विस्तृत प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस व्यावहारिक प्रदर्शन से किसानों को प्रत्यक्ष रूप से तकनीकों को देखने, समझने और अपनाने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक आयुक्त किन्नौर ओम प्रकाश यादव द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों के बीच वैज्ञानिक सोच व तकनीकी जानकारी की सराहना करते हुए कहा कि पारंपरिक अनुभव और आधुनिक तकनीकों का समन्वय कृषि और बागवानी को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

उन्होंने विशेष रूप से हाई डेंसिटी प्लांटेशन को आजीविका सुधार का एक प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के सह निदेशक व प्रमुख डॉ. प्रमोद शर्मा ने प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण व एचडीपी बागवानी की उपयोगिता को विस्तार से समझाया। जिला कृषि अधिकारी राकेश धीमान ने कृषि योजनाओं और किसानों के लिए उपलब्ध विभिन्न अनुदानों की जानकारी प्रदान की। फल वैज्ञानिक डॉ. दीपिका नेगी ने समशीतोष्ण फल फसलों की आधुनिक उत्पादन तकनीकों पर व्याख्यान दिया। इससे किसानों को नई वैज्ञानिक विधियों की स्पष्ट जानकारी मिली। विशिष्टातिथि बीडीसी अध्यक्ष ललिता पंचारस ने बागवानों को वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण बागवानों और किसानों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए। गांव लिप्पा से राम सैंण नेगी ने प्राकृतिक खेती से प्राप्त लाभों पर प्रकाश डाला, जबकि गांव असरंग के दाचुम ने सेब के पेड़ों को चूहों से बचाने के लिए जीआई शीट का प्रयोग करने की अभिनव तकनीक प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित बागवानों ने विशेष रुचि के साथ सुना। कार्यक्रम के प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण कुमार ने किसानों को सलाह दी कि वे अपने क्षेत्रीय जलवायु व परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त किस्मों का चयन करें और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि करें। इस अवसर पर बागवानी और कृषि विभाग के अधिकारी, पीसीडीओ किल्बा सहित 100 से अधिक बागवान उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की उपयोगिता की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

# छात्रों को संदेश, नशे से बचें, साइबर अपराध से रहें सतर्क : डॉ. अनुराग




मानपुर देवड़ा स्कूल में कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के अध्यक्ष और अन्य।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शहीद सोहन सिंह मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मानपुर देवड़ा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार नागवाल ने की। इस अवसर पर मेरा गांव मेरा देश, एक सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता (एडवोकेट) ने विद्यार्थियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट तथा साइबर अपराधों से जुड़ी विस्तृत कानूनी जानकारी दी। उन्होंने नशे के बढ़ते खतरे व साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए छात्रों को समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व सामाजिक कार्यों के महत्व को समझाया। उन्होंने युवाओं को समाजसेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डीएलएसए सिरमौर से संजीव कुमार ने नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी की योजनाओं, निशुल्क विधिक सहायता व आम जनता के लिए उपलब्ध कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस शिविर प्रभारी विनोद कपूर तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी सुमन ठाकुर के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

न्यूज ब्रीफ

## 1,050 आयातित इन्फ्यूजन पंप किए जब्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन के निर्देशों तथा स्वास्थ्य सचिव एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक, यूटी प्रशासन के मार्गदर्शन में, ड्रग्स कंट्रोल विभाग, चंडीगढ़ ने सीडीएससीओ (बद्दी) के अधिकारियों के साथ मिलकर खूंडा लाहौरा, चंडीगढ़ स्थित एम/एस जेडीएस इन्फोटेक नामक अवैध मेडिकल डिवाइस दुकान पर संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने 1,050 आयातित इन्फ्यूजन पंप जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8,00,000 आंकी गई है। यह पाया गया कि उक्त उपकरण बिना वैध आयात दवा लाइसेंस एवं बिक्री लाइसेंस के आयात किए गए थे। क्योंकि उत्पाद बिना प्राधिकरण के आयात किए गए थे, अतः आगे की कार्रवाई केंद्रीय औषधि नियंत्रण विभाग (सीडीएससीओ), नई दिल्ली द्वारा की जा रही है। ध्यान रहे कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित मेडिकल डिवाइस नियम, 2017 के अंतर्गत अनेक चिकित्सा उपकरण, जिन पर पहले लाइसेंस की आवश्यकता नहीं थी, अब केंद्रीय व राज्य औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरणों द्वारा लाइसेंस/पंजीकरण की अनिवार्यता के दायरे में लाए गए हैं। सभी हितधारकों को यह परामर्श दिया जाता है कि वे चिकित्सा उपकरणों/डायग्नोस्टिक्स की बिक्री अथवा खरीद में संलग्न होने से पूर्व औषधि व प्रसाधन सामग्री अधिनियम तथा मेडिकल डिवाइस नियम, 2017 के अंतर्गत आवश्यक पंजीकरण/लाइसेंस प्राप्त करें, ताकि कठोर दंडात्मक कार्रवाई एवं कानूनी परिणामों से बचा जा सके। चंडीगढ़ प्रशासन यह सुनिश्चित करता है कि इस प्रकार की प्रवर्तन कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## टीबी मोबाइल केयर कंपैनियन सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने एक नई पहल करते हुए टीबी मोबाइल केयर कंपैनियन सेवा का शुभारंभ किया है। यह सेवा योसएड इनोवेशन फाउंडेशनके सहयोग से शुरू की गई है। जीएमएसएच-16 में आयोजित समारोह में डॉ. नवनीत, राज्य क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि यह व्हाट्सएप और आईवीआरएस आधारित निशुल्क सेवा मरीजों को व्यक्तिगत उपचार अनुस्मारक, पोषण सलाह, सरकारी योजनाओं की जानकारी और विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगी। इसमें दो डिजिटल पात्र विजेता (टीबी योद्धा) और विक्रम (निक्षय साथी) मरीजों का मनोबल बढ़ाएंगे। यह सेवा उपचार अनुपालन, नियमित फॉलोअप और पारिवारिक देखभाल को प्रोत्साहित करती है। यह पहल चंडीगढ़ प्रशासन की तकनीक के माध्यम से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

## बाल सारथी क्लब 23 कॉलेजों में होगा स्थापित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ में बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत बाल सारथी क्लबों का गठन किया जा रहा है। इस संबंध में एक बैठक का आयोजन सुश्री अनुराधा चगटी, सचिव, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में डॉ. पालीका अरोड़ा, निदेशक समाज कल्याण, सरकारी कॉलेजों के प्राचार्य, पंजाब विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि तथा प्रोग्राम मैनेजर, यूटी चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचिव, समाज कल्याण द्वारा बाल सारथी क्लब के आधिकारिक लोगो का शुभारंभ किया गया, जो इस पहल के महत्व को दर्शाता है तथा हर बच्चे को एक मजबूत बाल संरक्षण सुरक्षा जाल के दायरे में लाने की दिशा में समर्पित प्रयासों की शुरुआत का प्रतीक है। बाल सारथी क्लब को यूटी चंडीगढ़ और पंजाब विश्वविद्यालय के 23 कॉलेजों में स्थापित किया जाएगा, जिनका उद्देश्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से बाल संरक्षण और रोकथाम तंत्र को सुदृढ़ करना है। ये क्लब छात्रों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता और पक्षसमर्थन को बढ़ावा देंगे तथा उन्हें समुदाय स्तर पर बच्चों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रत्येक क्लब में संबंधित संस्थान के शिक्षक एवं छात्र शामिल होंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल सारथी क्लब के सदस्यों के लिए नियमित संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि वे बाल-केंद्रित योजनाओं/विधानों, बच्चों से संबंधित मुद्दों और वर्तमान रिपोर्टिंग तंत्र के प्रति बेहतर समझ विकसित कर सकें।

# पीएम मोदी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए दिए 1200 करोड़



जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीरवार को उत्तराखंड के आपदाग्रस्त इलाकों के हवाई सर्वेक्षण के लिए देहरादून पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री स्टेट गेस्ट हाउस गए।

इसके बाद पीएम को हवाई सर्वेक्षण के लिए जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका हवाई दौरा रद्द हो गया। इसके बाद उन्होंने रेस्ट हाउस में तीन बैठकें की। बैठक के बाद पीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए 1200 करोड़ रुपए का पैकेज दिया है। वहीं, मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

बाढ़ और भूस्खलन में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता खो दिए हैं, उन्हें पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत पूरी मदद दी जाएगी। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि प्रभावित इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर को दोबारा बनाने और बहाल करने के लिए पूरी मदद दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा प्रभावित परिवारों से भी भेंट की। उन्होंने प्रभावितों से संवेदनाएं प्रकट कीं। इसके साथ ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष परियोजना है। सड़कों, स्कूलों और ढांचागत पुनर्निर्माण के लिए केंद्र का पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीमें नुकसान का आकलन कर रही हैं, रिपोर्ट के बाद और सहायता दी जाएगी।

## अस्पताल से डिस्चार्ज हुए मुख्यमंत्री मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। फोर्टिस मोहाली से डिस्चार्ज हो जाने के बाद सीएम मान चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास (मुख्यमंत्री आवास) पहुंचे हैं।

बीमार होने के चलते मान छह दिन से फोर्टिस में भर्ती थे। उन्हें बीते शुक्रवार रात को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। तीन दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनसे मिलने फोर्टिस अस्पताल पहुंचे थे। उनके अलावा पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने भी सीएम से अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान एक्शन मोड में आ गए हैं। अपने आवास पर पहुंचते ही सीएम मान ने बाढ़ राहत कार्यों की पूरी जानकारी मांगी है। बाढ़ राहत कार्यों को लेकर शुक्रवार को हाई लेवल मीटिंग भी बुलाई गई है। यह बैठक चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। बैठक में सभी विभागों के सेक्रेटरी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी जिलों के डीसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में जुड़ेंगे।

## पंजाब यूनिवर्सिटी में फिर लहराया राष्ट्रवाद का परचम : अनुराग ठाकुर



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चंडीगढ़ में पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र संघ चुनाव के इतिहास में पहली बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अध्यक्ष पद पर जीत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी में फिर एक बार राष्ट्रवाद का परचम लहरा गया है और एबीवीपी राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ चरित्र निर्माण का भी कार्य कर रहा है।

यह देखना सुखद है कि 48 साल के कठिन तपस्या और समर्पण के बाद एक बार फिर से पंजाब यूनिवर्सिटी में राष्ट्रवाद का परचम लहराया है। यह जीत छात्रहित के साथ-साथ राष्ट्रहित के नए अध्याय लिखेगा। इस जीत के लिए एबीवीपी कार्यकर्ताओं और इस चुनाव में एबीवीपी में विश्वास जताने वाले छात्रों को मैं अपनी विशेष बधाई देता हूं। यह गर्व का विषय है कि आज एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। आज इस संगठन के सदस्यों की संख्या पचपन लाख से ऊपर है। एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा संगठन मात्र नहीं है। राष्ट्रवाद से प्रेरित यह विश्व का एकमात्र अनुशासित, संयमित, सशक्त, समर्पित, संगठित और समन्वित छात्र संगठन है। अनुराग ने कहा हम हिमाचलियों के संस्कार, आचरण और मिजाज भी हिमालय के बर्फ की तरह साफ, सफेद और निर्मल रहे हैं, जबकि वामपंथ रक्त और संघर्ष की बात करता है, एक स्वाभिमानी हिमाचली होने के नाते यह बात मैं डंके की चोट पर कहना चाहूंगा कि हिमाचल कभी भी अपने संस्कार और परंपरा के सफेद दामन पर विषाक्त वामपंथी विचारधारा के छींटे बर्दाश्त नहीं करेगा।

## सड़क के जीर्णोद्धार कार्य का डिप्टी मेयर ने किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर ने सेक्टर 42 में स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन के 700 मिमी, 600 मिमी, 450 मिमी सुदृढ़ीकरण के लिए काटी गई सड़क के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर निगम के इंजीनियर विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि स्टॉर्म वाटर की लाइन को डाले हुए साल हो गया था, मगर उसके ऊपर सड़क की मरम्मत का काम काफी देर से लटका हुआ था। क्योंकि हर एक पार्षद को अपने वार्ड में काम कराने के लिए अब 25 लाख रुपए मिले थे, उसमें से उन्होंने यह 25 लाख इस स्टॉर्म वाटर की रिपेयर में लगा दिए, ताकि लोगों को आने जाने में कोई दिक्कत-परेशानी न हो। इस अवसर पर शिव कुमार डाबर ने बताया कि बरसात में हमें आने-जाने में बहुत दिक्कत हो रही थी। सीनियर डिप्टी मेयर एवं एरिया पार्षद की मेहनत के चलते यह काम आज शुरू हो गया है और हमें उम्मीद है इस काम की मरम्मत जल्द पूरी कर दी जाएगी। हम सेक्टर वासी पार्षद का बहुत धन्यवाद करते हैं कि आप दिन हम उन्हें जब भी बुलाएं, वह तुरंत आकर हमारे साथ मीटिंग करके उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं।

## 'क्रिएट योर स्टार्टअप' कार्यक्रम किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने पंजाब विश्वविद्यालय के डीएसटी-टेक्नोलॉजी एनेबलिंग सेंटर के सहयोग से अपना प्रमुख उद्यमशीलता कार्यक्रम क्रिएट योर स्टार्ट-अप लॉन्च किया है। यह छह माह का कार्यक्रम महत्वाकांक्षी उद्यमियों को भविष्य के लिए तैयार स्टार्ट-अप संस्थापकों के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों के लिए खुला है और 1 अक्तूबर से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इस कार्यक्रम का विशेष फोकस फिनटेक और सर्विस-बेस्ड स्टार्ट-अप्स पर है। साथ ही यह प्रतिष्ठित संस्थानों (आईआईटी, एनआईटी, विश्वविद्यालयों) की पेटेंट तकनीकों पर आधारित उद्यमों को बढ़ावा देता है।

## सेल्सफोर्स, जीना सीखो लाइफकेयर ने आयुर्वेदिक हेल्थकेयर में डिजिटल क्रांति की शुरुआत की

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

सेल्सफोर्स ने एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेल्थकेयर व वेलनेस कंपनी, जीना सीखो लाइफकेयर के साथ अपने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को तेज करने और मरीज देखभाल को बेहतर बनाने के लिए सहभागिता करने की घोषणा की। यह सहभागिता ऑपरेशंस को बेहतर करने, मरीजों से अधिक जुड़ाव और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपूर्ण हेल्थकेयर तक आसान उपलब्धता का विस्तार करने के लिए सेल्सफोर्स के एआई-ऑपरेटेड सॉल्यूशंस का फायदा उठाएगी।

सेल्सफोर्स सर्विस क्लाउड और मार्केटिंग क्लाउड को इंटीग्रेट करके, जीना सीखो लाइफकेयर ने वर्चुअल आउटपेशेंट डिपार्टमेंट (वीओपीडी), कॉल सेंटर मैनेजमेंट, मेडिसन ऑर्डर प्रोसेसिंग और मरीज एंगेजमेंट सहित महत्वपूर्ण ऑपरेशंस जैसे कामों को इंटीग्रेट किया गया है। इस इंटीग्रेशन ने कंपनी के मार्केटिंग ऑटोमेशन को भी एडवांस किया है। इससे एआई-संचालित हेल्थकेयर अभियान लाखों लोगों तक पहुंचते हैं। साथ मिलकर, ये इनोवेशन पहले से ही काफी अच्छे परिणाम दे रहे हैं। इसमें कॉल सेंटर रिस्पांस समय में 50 फीसदी सुधार, 1,000 से अधिक मासिक वीओपीडी सेशंस, और सर्विस क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से सहभागिता शामिल है। इस पूरी



योजना को सेल्सफोर्स कंसल्टिंग पार्टनर, क्राउडफोर्ट टेक्नोलॉजीज के सहयोग से अमल में लाया जा रहा है और यह भविष्य के इनोवेशंस का मार्ग प्रशस्त करेगा। आचार्य मनीष, मैनेजिंग डायरेक्टर, जीना सीखो लाइफकेयर ने कहा कि जीना सीखो में, हमारा मिशन गंभीर बीमारियों का संपूर्ण तौर पर इलाज करना और आयुर्वेद और आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के बीच की खाई को पूरा तरह से भरना है। सेल्सफोर्स के साथ हाथ मिलाकर, हमने एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है, जो न केवल रोगी के अनुभव को बेहतर बनाता है, बल्कि पूरे भारत में आयुर्वेदिक हेल्थकेयर के विस्तार के हमारे व्यापक दृष्टिकोण का भी समर्थन करता है।

देश-विदेश

# रूस अपनी सेना में भारतीयों की भर्ती करना रोके : भारत

### भारतीय युवा ऑफर से दूर रहें, यह खतरनाक रास्ता

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत सरकार ने वीरवार रूस से मांग की है कि वह अपनी सेना में भारतीयों को भर्ती करने की प्रथा को खत्म कर दे। साथ ही कहा कि पहले से सेना में शामिल हुए भारतीय नागरिकों को भी छोड़ दिया जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जनता को सलाह दी है कि वे रूस की सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव पर ध्यान ना दें क्योंकि इसमें खतरा है। हाल ही में भारत सरकार को रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती की खबरें मिली थीं जिसके बाद ये बयान जारी किया गया है।

दरअसल, फरवरी 2022 से चल रही रूस-यूक्रेन जंग के दौरान रूसी सेना पर आरोप लगते रहे हैं कि उसने जंग में किराए के और दूसरे देशों के लोगों को जबरन भेजा। इनमें कई भारतीय भी थे, जो नौकरी की तलाश में रूस गए, लेकिन वहां फंस गए। रूसी सेना में शामिल हरियाणा के फतेहाबाद के युवकों ने सोमवार को अपने परिवार को वीडियो भेजे थे। युवकों ने कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। पीड़ितों का परिवार गत दिवस सीएम नायब सिंह सैनी से भी मिला था। (अनंत ज्ञान)

**हम पहले भी कई बार चेतावनी दे चुके हैं**

**भारत** बार-बार रूस से रूसी मिलिट्री यूनिट में रसोइये और सहायक कर्मचारियों के रूप में काम कर रहे सभी भारतीयों को रिहा करने की मांग करता रहा है। इन लोगों को नौकरी का झांसा देकर युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। यह मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अपनी रूस यात्रा के दौरान भी उठाया था।

## इस साल अब तक 11 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साल 2025 में भारत के 11 नए स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुए हैं। इससे इनकी कुल संख्या 73 हो गई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया यूनिकॉर्न एंड फ्यूचर यूनिकॉर्न रिपोर्ट 2025 में यह बता कही गई है। देश के नए यूनिकॉर्न में एआई.टेक, नवी टेक्नोलॉजीज, रैपिडो, नेट्राडाइन, जंबोटेल और डार्विनबॉक्स शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में कई निवेशकों की ओर से फंडिंग गतिविधि देखी गई। पीक XV पार्टनर्स 42 स्टार्टअप्स में निवेश के साथ सबसे बड़े निवेशक बनकर उभरे। रिपोर्ट में देश का सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न जेरोधा को बताया गया। इसकी वैल्यू करीब में 8.2 अरब डॉलर आंकी गई है। 7.5 अरब डॉलर वैल्यू रेजरपे व लेंसकार्ट की और 7 अरब डॉलर की वैल्यू ग्रो की रही। (अनंत ज्ञान)

# अपने देश में नस्लवाद व भेदभाव पर ध्यान दे स्विट्जरलैंड : त्यागी

### भारत के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पैरवी न करे

एजेंसी, नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की 60वीं सत्र में बुधवार को भारत ने स्विट्जरलैंड और पाकिस्तान के बयानों का कड़ा जवाब दिया। दरअसल, स्विट्जरलैंड ने भारत से अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मजबूत करने की मांग की थी। भारत के प्रतिनिधि क्षितिज त्यागी ने कहा, 'स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का अध्यक्ष है। उन्होंने गलत जानकारी पर आधारित टिप्पणी की। त्यागी ने कहा कि भारत एक विविध और जीवंत लोकतंत्र है, जो बहुलवाद को अपनाता है। स्विट्जरलैंड को अपने देश में नस्लवाद और भेदभाव जैसे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, न कि भारत के बारे में गलत बातें फैलानी चाहिए। इसी दौरान पाकिस्तान ने भी भारत पर टिप्पणी की, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। त्यागी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थक बताते हुए कहा, 'पाकिस्तान इस मंच का दुरुपयोग अपनी झूठी कहानियों के लिए करता है। पुलवामा, उरी, पठानकोट, मुंबई और हाल ही में पहलगाम जैसे हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है।' उन्होंने 9/11 हमले की बरसी का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। त्यागी ने कहा, 'हमें आतंकवाद के समर्थक से कोई सलाह नहीं चाहिए।' भारत ने दोनों देशों के बयानों को खारिज करते हुए अपनी स्थिति मजबूती से रखी। (अनंत ज्ञान)

## सेबी आज करेगी नियामकीय सुधारों पर चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को होने वाली अपनी बैठक में कई नियामकीय सुधारों पर चर्चा होगी। सूत्रों के अनुसार, इन सुधारों में कंपनियों के लिए न्यूनतम आईपीओ आवश्यकताओं में ढील देना और न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों को पूरा करने के लिए समयसीमा को बढ़ाना शामिल है। सेबी के अनुसार, बैठक के एजेंडे में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए अनुपालन को सरल बनाना, कुछ वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) में मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए विनियमन में ढील देना, रेटिंग एजेंसियों की गतिविधियों का दायरा बढ़ाना और आरईआईटी और इनविट को इक्विटी का दर्जा देना शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## महिंदा राजपक्षे छोड़ेंगे सरकारी आवास

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे अपने आधिकारिक आवास से बाहर निकलने वाले हैं। यह फैसला संसद में पारित एक नए कानून के बाद आया है, जिसने पूर्व राष्ट्रपतियों को मिलने वाले विशेषाधिकार खत्म कर दिए हैं। राजपक्षे का आधिकारिक आवास कोलंबो के प्रमुख इलाके सिनेमन गार्डन में स्थित है। महिंदा राजपक्षे 2015 से यहां रह रहे थे। वे 2005 से 2015 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे और इसके पहले 2004-2005 इसके साथ बाद में 2019-2022 तक प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को इसलिए अपना आवास खाली करना पड़ रहा है क्योंकि बुधवार को श्रीलंका की संसद ने भारी बहुमत से पूर्व राष्ट्रपतियों के विशेषाधिकार खत्म करने वाले कानून को मंजूरी दे दी। यह कानून पूर्व राष्ट्रपतियों और उनकी विधवाओं को मिलने वाले विशेषाधिकारों को खत्म करता है। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर के भाजपा सदस्यों का सामूहिक इस्तीफा

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में पिछले दो साल से जारी हिंसा ने राज्यभर की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया है। इसी सिलसिले में राज्य में भाजपा को एक बड़ा झटका तब लगा जब 13 सितंबर को पीएम मोदी के संभावित मणिपुर दौरे से पहले उखरुल जिले के फुंग्यार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के 43 पदाधिकारियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा के प्रमुख और कई बूथ अध्यक्ष शामिल हैं। फिलहाल मणिपुर भाजपा की ओर से इन इस्तीफों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

## रूसी ड्रोन घुसपैठ के बाद पोलैंड में अलर्ट

**एजेंसी, वारसॉ।** वारसॉ में हाल ही में हुए घटनाक्रम ने पूरे यूरोप की सुरक्षा चिंताओं को गहरा कर दिया है। बुधवार को रूसी ड्रोन पोलैंड की सीमा में घुस आए, जिसके बाद प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सेना के लिए बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण योजना लागू करने का ऐलान किया। टस्क ने कहा कि देश को आसमान से सुरक्षित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रूसी ड्रोन की यह घुसपैठ उस समय हुई जब रूस ने यूक्रेन पर लगातार हमले तेज कर दिए हैं। यूरोपीय अधिकारियों ने इसे जानबूझकर की गई उत्तेजना बताया। (अनंत ज्ञान)

# यूपी के मथुरा-वृंदावन का आधा इलाका बाढ़ में डूबा

एजेंसी, लखनऊ

देश के उत्तरी राज्यों में बारिश के कारण हालात अभी भी खराब हैं। उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत सभी नदियों में पानी बढ़ गया है।

हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा और वृंदावन में 50% इलाका बाढ़ की चपेट में है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया। छत्तीसगढ़ के रायपुर में बिजली गिरने की वजह से एयरपोर्ट पर नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया था। इसके कारण 5 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती घेरा अगले 4-5 दिन रहेगा। इसका असर केवल तटीय और मध्य भारत तक सीमित रहेगा। इसलिए मौसम विभाग ने ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश समेत पूर्वोत्तर में आज और कल भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, हरियाणा के सिरसा में हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन में बुधवार को फिर कटाव शुरू हो गया। ड्रेन में करीब 50 फीट चौड़ी दरार आ गई, जिससे 300 एकड़ फसल डूब गई। वहीं, पंजाब में भी बाढ़ से कई जिलों में हालात अभी भी खराब हैं। (अनंत ज्ञान)

**रायपुर में बिजली गिरने की वजह से एयरपोर्ट पर नेविगेशन सिस्टम खराब**

## इसराइल का 6 मुस्लिम देशों पर हमला

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इसराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इसराइली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा कि इसराइल ने भी वही किया, जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। (अनंत ज्ञान)

# निफ्टी लगातार सातवें दिन चढ़ा, 25005.50 पर पहुंचा

एजेंसी, मुंबई



हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी वीरवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123.58 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़कर 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 217.07 अंक या 0.26 प्रतिशत बढ़कर 81,642.22 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.40 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,005.50 अंक पर पहुंच गया। चार कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क 837.97 अंक या 1.03 प्रतिशत बढ़ा है। निफ्टी सात कारोबारी दिनों में 290.45 अंक या 1.17 प्रतिशत उछला है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 88.47 (अनंतिम) के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटरनल और सन फार्मा प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं इंफोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ने वालों में शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## सोना 538 रुपए और चांदी 99 रुपए सस्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 11 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, वीरवार को सोना 538 रुपए सस्ता होकर 1,09,097 पर आ गया है। बुधवार को इसकी कीमत 1,09,635 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी 99 रुपए कम होकर 1,24,499 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। बुधवार को एक किलो चांदी की कीमत 1,24,594 रुपए थी। गोल्ड ने 9 सितंबर को 1,09,635 रुपए और सिल्वर ने 1,24,770 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 32,935 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,09,097 रुपए का हो गया है। वहीं, चांदी का भाव भी इस दौरान 38,482 रुपए बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

सुनवाई

**महाराष्ट्र सरकार को आदेश-अकोला दंगों पर हिंदू-मुस्लिम अफसरों को मिलाकर बनाएं एसआईटी**

# पुलिसकर्मी जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करें : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।



दरअसल, महाराष्ट्र के अकोला में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर 13 मई 2023 को दो समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प हुई थी। अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया था- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी। उपद्रवियों ने कई वाहन जला दिए। कुछ लोगों ने थाने का घेराव करने की भी कोशिश की थी। इस दौरान विलास महादेवरो गायकवाड़ नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हुए थे। मोहम्मद शरीफ ने इससे पहले जुलाई 2024 में बॉम्बे हाईकोर्ट (नागपुर खंडपीठ) में याचिका लगाई थी लेकिन, हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। (अनंत ज्ञान)

**छह दोषियों की तीन साल की सजा पर रोक**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छह दोषियों की तीन साल की सजा पर यह कहते हुए रोक लगा दी कि उच्च न्यायालयों में आपराधिक अपीलें बहुत ज्यादा लंबित हैं और उन पर निकट भविष्य में सुनवाई होती नजर नहीं आती है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने गौर किया कि इन छह दोषियों ने अपनी सजा के खिलाफ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी और यह मामला अभी भी लंबित है। बेंच ने कहा कि अपील का अधिकार एक वैधानिक अधिकार है। अपीलकर्ता इस समय हिरासत में हैं। हर उच्च न्यायालय में आपराधिक अपीलें काफी संख्या में लंबित हैं। अपील पर जल्द सुनवाई होती नजर नहीं आ रही है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अगर दोषियों को बिना उनकी अपील सुने ही पूरी सजा काटनी पड़े, तो यह न्याय के साथ अन्याय करने जैसा होगा। इसे न्याय में चूक माना जा सकता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑलराउंडर हार्डी ऑस्ट्रेलिया-ए के भारत दौरे से बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न।** आलराउंडर आरोन हार्डी कंधे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया-ए के आगामी भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड ऑस्ट्रेलिया की टीम में हार्डी की जगह लेंगे और लखनऊ में होने वाले दो चार दिवसीय मैचों में से दूसरे मैच के लिए टीम में शामिल होंगे। सदरलैंड पहले से ही दौरे के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और अब लखनऊ में होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में भी खेलेंगे। वनडे टीम में हार्डी की जगह किसी और खिलाड़ी की घोषणा बाद में की जाएगी। हार्डी चोटिल होने के कारण भारतीय दौरे से बाहर होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। इससे पहले लांस मॉरिस, ब्रॉडी काउच और क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर विभिन्न चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हो गए थे। इस दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया-ए टीम दो अनौपचारिक टेस्ट और तीन अनौपचारिक एकदिवसीय मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

### अर्शदीप को चोट लगी है या रणनीति के कारण अंतिम एकादश से बाहर हैं?

**एजेंसी, दुबई।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ठीक 223 दिन पहले 31 जनवरी 2025 को खेला था और भारतीय टीम ने एशिया कप के पहले मैच के लिए एकत्रित होने से पहले मुंबई में बस एक और मैच खेला था। अर्शदीप 63 मैच में 99 विकेट चटकाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले भारतीय बनने के बहुत करीब हैं। हैरानी की बात है कि उन्हें बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच के लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान भी बेंच पर ही समय बिताया (चौथे टेस्ट को छोड़कर जिसमें वह उंगली की चोट के कारण बाहर हो गए थे)। एशिया कप से पहले वह सिर्फ उत्तर क्षेत्र के दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मध्य क्षेत्र के खिलाफ खेले थे जहां वे इतने ज्यादा प्रभावशाली नहीं दिखे थे। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि अर्शदीप के भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाने में क्या रुकावट आ रही है। क्या यह कोई छोटी चोट है? या टीम प्रबंधन का आठवें नंबर तक बल्लेबाजी बढ़ाने और तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर को खिलाने का आजमाया हुआ फॉर्मूला? (अनंत ज्ञान)

### डेविस कप: कप्तान राजपाल ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ दक्षिणेश्वर को मैदान में उतारा

**एजेंसी, बील (स्विट्जरलैंड)।** भारत ने शुक्रवार से यहां मेजबान स्विट्जरलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इंडोर मुकाबले के लिए युवा दक्षिणेश्वर सुरेश और वापसी कर रहे सुमित नागल को मैदान में उतारा है। भारत की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल करके डेविस कप क्वालीफायर में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत के गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल को अमेरिका में रहने वाले दक्षिणेश्वर को टीम में शामिल करने के लिए उनके कोच को मनाना पड़ा था और मदुरै में जन्मा यह 6 फुट 5 इंच लंबा खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान उनकी उम्मीदों पर खरा उतरा। इंडोर कोर्ट पर फ्लैट हिटिंग और बड़ी सर्विस महत्वपूर्ण होती है और दक्षिणेश्वर ने दोनों ही चीजें सही साबित कीं, जिससे गैर खिलाड़ी कप्तान को आसानी से यकीन हो गया कि वह दूसरे एकल के लिए अधिक उपयुक्त होंगे। राजपाल ने कहा, ''हम प्रदर्शन के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। इसमें मनमर्जी जैसी कोई बात नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### दीपिका का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** स्क्वैश प्लेयर दीपिका पल्लीकल भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। बताया जाता है पहले कार्तिक का प्यार कोई और था, लेकिन बाद में उनके बुरे दिनों में पल्लीकल ने उनका साथ दिया और दोनों में पहले दोस्ती हुई। दोस्ती बाद में धीरे-धीरे प्यार में बदल गई।



## डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर 14 रन से दी मात, सीरीज में 1-0 की बढ़त

# टी-20 में द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराया

**एजेंसी, कार्डिफ (इंग्लैंड)**

साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। कार्डिफ में खेले गए पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम (डीएलएस) के आधार पर 14 रन से हरा दिया।

बारिश की वजह से मैच निर्धारित समय 6.30 बजे से अढ़ाई घंटे देरी से शुरू हुआ, जिसकी वजह से ओवर को कम करके पहले 9 ओवर कर दिया गया। साउथ अफ्रीका की पारी में 7 गेंद शेष रहते फिर बारिश आ गई, जिससे उनकी पारी 7.5 ओवर में समाप्त हो गई। उस समय अफ्रीका ने 5 विकेट के नुकसान पर 97 रन बना लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 5 ओवर में 69 रन का टारगेट मिला। टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को 13.8 प्रति ओवर की रनरेट से रन बनाने थे। फिल सॉल्ट और हैरी ब्रूक दोनों शून्य पर आउट हो गए, जिससे इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। जोस बटलर ने 11 गेंदों में 25 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ साथ नहीं मिला। इंग्लैंड 5 विकेट के नुकसान पर 54 रन ही बना सकी। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने शानदार वापसी की। रबाडा ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया, हालांकि बटलर ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़ा। यानसन ने भी जैकब बेथेल को आउट किया और फिर बटलर को कैच कराकर मैच को दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में पक्का कर दिया। कॉर्बिन बॉश ने भी दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)




### मार्करम ने बनाए सबसे ज्यादा रन

**साउथ** अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम के 28 रनों (14 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) की मदद से मजबूत शुरुआत की। मार्करम ने लुआन-ड्रे प्रिटोरियस के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और डेवोन फरेरा ने 15 गेंदों में 36 रनों की साझेदारी की। उन्होंने लियाम डॉसन के खिलाफ नो-लुक छक्का और फिर साइटस्क्रीन पर छक्का जड़ा। हालांकि, सैम करन की धीमी गेंद पर वह तीसरे फील्डर को कैच दे बैठे।

## हांगकांग की खराब शुरुआत सस्ते में आउट हुए अंशुमान रथ

**एजेंसी, अबू धाबी**



गेंदबाजी करता बांग्लादेश का तस्कीन अहमद।

एशिया कप का तीसरा मुकाबला वीरवार को बांग्लादेश और हांगकांग के बीच हुआ। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। यह मैच अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में हो रहा है।

टूर्नामेंट के पहले ही मैच में अफगानिस्तान ने हांगकांग को 94 रन से हराया था। ऐसे में अब हांगकांग टीम की नजर वापसी पर है। दूसरी ओर ग्रुप-बी की बांग्लादेश टीम अपना पहला मैच खेल रही है। ऐसे में टीम जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। पहले बल्लेबाजी करने आए हांगकांग के ओपनर बल्लेबाज जीशान अली और अंशुमान रथ की सलामी जोड़ी की शुरुआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में तस्कीन अहमद ने अंशुमान रथ को मात्र 4 रन पर आउट कर दिया। उसके बाद बाबर हयात बल्लेबाजी आए, लेकिन वह भी कुछ खास नहीं कर पाए और 12 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तंजीम हसन शाकिब ने बोल्ड किया। समाचार लिखे जाने तक हांगकांग ने 8 ओवर में 2 विकेट गवांकर 52 रन बना लिए थे। जीशान अली (14) और निजाकत खान (10) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट ने भारत-पाक मैच रोकने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह एक मैच है, इसे होने दीजिए। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की थी। अदालत ने कहा था कि मैच रविवार को है, इसलिए शुक्रवार को ही सुनवाई हो। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, इतनी जल्दी क्या है? यह एक मैच है, इसे होने दीजिए। मैच इसी रविवार को है, क्या किया जा सकता है?



हालांकि, वकील ने कहा कि मेरा मामला खराब हो सकता है, लेकिन इसे सुनवाई के लिए लिस्ट किया जाना चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका के जरिए विदेशी धरती पर होने वाले भारत पाक क्रिकेट मैच को रोकने की गुहार लगाई गई है। उर्वशी जैन ने भारत सरकार को इस बाबत उचित निर्देश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। याचिकाकर्ता को वकील स्नेहा रानी और अभिषेक वर्मा के मुताबिक भारत-पाकिस्तान एशिया कप टी-20 मैच रद्द करने के निर्देश के लिए सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया है।

**कहा-यह सिर्फ एक मैच है, इसे होने दीजिए**

उर्वशी जैन सहित कानून के चार छात्रों ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस जनहित याचिका में एशिया कप टी20 लीग के हिस्से के रूप में 14 सितंबर, 2025 को दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान टी20 क्रिकेट मैच को रद्द करने के लिए तत्काल निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं ने राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन के लिए निर्देश देने की भी मांग की है। याचिका में कहा गया है कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारतीय नागरिकों और सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप: भारत से पहले ओमान के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

**एजेंसी, दुबई।** पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप-ए के अपने पहले मैच में ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उनका मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से पाकिस्तान के लिए तुरुप का इक्का होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। उसकी यह रणनीति त्रिकोणीय सीरीज के दौरान कारगर साबित हुई और एशिया कप में भी यह रणनीति महत्वपूर्ण साबित होगी। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था, ''हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं।'' ओमान के लिए यह बड़ा मुकाबला होगा, जिसमें उसके खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप: नहीं बिक रहे भारत-पाक मैच के टिकट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फॉर्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितंबर को खेला जाना है। मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं।

**रोहित-विराट की गैर-मौजूदगी और महंगे दाम पर सवाल**

इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो, लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है।

एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे, लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैर-मौजूदगी है। (अनंत ज्ञान)

## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में हारी दीपिका



**एजेंसी, ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)**

भारत की सबसे प्रतिष्ठित तीरंदाज दीपिका कुमारी छठी बार भी दुर्भाग्यशाली रहीं और वीरवार को विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गईं जबकि 15 वर्षीय गाथा खडके शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की एकमात्र रिकर्व तीरंदाज रहीं। क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहीं चार बार की ओलंपियन दीपिका को इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा के खिलाफ पांच सेट में 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

**गाथा प्री-क्वार्टर फाइनल में**

अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल पर होगी, जहां गाथा पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक लिम सी-ह्योन के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## हांगकांग ओपन: क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग



**एजेंसी, हांगकांग**

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए गैरवरीय थाई जोड़ी को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया।

पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही और पहले गेम में वह 8-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने आखिरी तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया। इस गेम के शुरू में हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा तथा एक समय स्कोर 2-2 और फिर 7-7 से बराबर था। भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली और लगातार बढ़त बनाते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले गई। तीसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 7-2 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## मोहसिन ने भारत के खिलाफ मैच को किया याद

**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहसिन खान जब पीछे मुड़कर अपने करियर देखते हैं तो उन्हें क्रिकेट के मैदान और मुंबई के फिल्म स्टूडियो की याद आती है। मोहसिन ने जहां क्रिकेट के मैदान में अपनी पीढ़ी के सबसे जबरदस्त तेज गेंदबाजों का सामना किया तो वहीं उन्होंने हिंदी सिनेमा के कुछ सबसे बड़े सितारों के साथ एक दर्जन फिल्मों में भी काम किया।

पाकिस्तान के लिए 48 टेस्ट और 75 एकदिवसीय मैच खेलने वाले मोहसिन ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा, ''भारत के खिलाफ स्वदेश और विदेश दोनों जगह खेलना मजेदार हुआ करता था। जिमी (मोहिंद्र अमरनाथ) मेरे करीबी दोस्त बन गए। हमारे जमाने में आक्रामकता तो थी, लेकिन बदतमीजी नहीं थी।'' मोहसिन ने 1979 में जब पहली बार भारत का दौरा किया तो सिर्फ क्रिकेट के ही दरवाजे नहीं खुले। फिल्म निर्माताओं ने तुरंत उनसे संपर्क किया और सीरीज के बाद छोटे कार्यक्रमों के लिए रुकने का आग्रह किया। लोग कहते थे कि बस 20 दिन रुक जाओ, हम तुम्हारा हिस्सा पूरा कर देंगे, लेकिन तब मेरा ध्यान क्रिकेट पर था।'' (अनंत ज्ञान)

## वुमंस वनडे वर्ल्ड कप: पहली बार महिलाएं होंगी अंपायर्स व रेफरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला विश्व कप को लेकर ऐतिहासिक फैसला लिया है। महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार होगा जब टूर्नामेंट की सारी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। आईसीसी द्वारा घोषित अंपायर्स और रेफरियों के पैनल में तीन भारतीय नाम भी शामिल हैं। जीएस लक्ष्मी रेफरी होंगी जबकि वृंदा राठी और गायत्री वेणुगोपालन अंपायर होंगी। इससे पहले 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मैच ऑफिशियल्स और अंपायर के रूप में महिलाएं दिख चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

## बॉक्सर पूजा रानी सेमीफाइनल में पहुंचीं, मेडल किया पक्का

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा रानी से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। (अनंत ज्ञान)

## टाइम क्लॉक प्रणाली का परीक्षण करेगा बीडब्ल्यूएफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बैडमिंटन मैचों में अधिक तेजी लाने के लिए 2026 से शुरू होने वाले चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंटों में टाइम क्लॉक प्रणाली के परीक्षण को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत खिलाड़ियों को एक रैली पूरी होने के बाद 25 सेकंड के अंदर अगली रैली के लिए तैयार होना होगा।

बीडब्ल्यूएफ ने 29 अगस्त को अपनी बैठक में टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी दी। इस प्रणाली का पहला परीक्षण 18 से 23 नवंबर 2025 के बीच होने वाली प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। इसके बाद अगले साल से इसका व्यापक रूप से परीक्षण किया जाएगा।

बीडब्ल्यूएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इन नए नियमों से बीडब्ल्यूएफ को टाइम क्लॉक का परीक्षण करने की अनुमति मिलेगी। इन नियमों में वह प्रयोग भी शामिल है जिसके तहत खिलाड़ियों को 25 सेकंड के भीतर अगली रैली खेलने के लिए तैयार रहना होगा।'' नए नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को दो रैलियों के बीच 25 सकंड का समय दिया जाएगा तथा अंपायर द्वारा स्कोर अपडेट करने के बाद घड़ी शुरू हो जाएगी।

बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''खिलाड़ियों को रैलियों के बीच सामान्य गतिविधियां करने की स्वतंत्रता मिलेगी, जिसमें तौलिया से पोंछना और पेय लेना शामिल है जिसके लिए अभी अंपायर की अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन खिलाड़ियों को 25 सेकंड के अंदर अगली रैली के लिए तैयार होना होगा।'' (अनंत ज्ञान)

**बेबाकी** दुबे बोले-किसी मुकाबले को नहीं कहा जा सकता 'वार्म अप'

## भारतीय टीम की जर्सी पहनकर खेलने वाला हर मैच अहम

**एजेंसी, दुबई**



एशिया कप 2025 के पहले मुकाबले में भारत ने यूएई को 9 विकेट से हराया। इस जीत के हीरो रहे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने तीन विकेट लिए। मैच के बाद दुबे ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनकर खेलने वाला हर मैच अहम होता है, किसी मुकाबले को 'वार्म अप' नहीं कहा जा सकता।

जब उनसे रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर सवाल किया गया, तो दुबे ने साफ कहा कि हम भारत के लिए खेलते हैं, तो कोई भी मैच वार्म अप नहीं होता। हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। लंबे समय बाद खेलना अच्छा लगा और हम हर बार मैदान पर पूरे जुनून के साथ उतरते हैं।

कप्तान-कोच ने दिया भरोसा मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवम दुबे ने बताया कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर ने उन्हें पहले ही विश्वास दिलाया था कि उन्हें गेंदबाजी का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरे बॉलिंग कोच मॉर्न मॉर्कल ने मुझे कुछ खास चीजों पर काम करने को कहा था। मैंने अपनी स्लोअर गेंद और रनअप पर मेहनत की। इसका फायदा आज मैदान पर मिला। उन्होंने कहा कि पिच थोड़ी धीमी थी और गेंद रुक रही थी। अभी इसका ज्यादा इस्तेमाल नहीं हुआ है। आने वाले मैचों में यह पिच स्पिनरों के लिए और बेहतर होगी। यह हमारे लिए अच्छा है। जब देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो अलग ही संतोष मिलता है। (अनंत ज्ञान)

### पांड्या मेरे लिए भाई की तरह

**शिवम** से जब उनके साथी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ तुलना और रिश्ते के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हार्दिक मेरे लिए भाई की तरह हैं। उनके पास बहुत अनुभव है, और मैं उनसे जितना हो सके सीखने की कोशिश करता हूं। मैं तुलना के बारे में नहीं सोचता, मेरा लक्ष्य है कि मैं कुछ नया सीखूं और बेहतर बनूं।